www.epaper.azadsipahi.in
* ओड़िशा संस्करण
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची | 26 सितंबर, 2025, शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 336, आश्विन, शुक्ल पक्ष, पंचमी, संवत 2082, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

माँ स्कंदमाता



नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

झारखंड की स्वास्थ्य संरचना मजबूत करने की दिशा में बढ़ा कदम, 160 चिकित्सक नियुक्त

## राज्य की गरीब, कमजोर और असहाय जनता को नव नियुक्तों से काफी उम्मीदें : हेमंत सोरेन

**मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत नवनियुक्त सहायक प्राध्यापकों, दंत चिकित्सकों और चिकित्सा पदाधिकारियों को सौंपा नियुक्ति पत्र**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में नियुक्तियों की श्रृंखला में नित्य नयी कड़ियां जुड़ रही हैं। राज्य की स्वास्थ्य संरचना मजबूत करने की दिशा में चिकित्सा पदाधिकारियों की नियुक्ति एक बड़ा कदम है। धरती पर 'भगवान' के रूप में आपकी नियुक्ति हो रही है। आपसे इस राज्य की गरीब, कमजोर और असहाय जनता को काफी आशा और उम्मीदें हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि आप अपनी सेवा भावना से यहां की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत और बेहतर करेंगे।

मुख्यमंत्री गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने 160 सहायक प्राध्यापकों, दंत चिकित्सकों और चिकित्सा पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपा।

**आपकी संवेदनाएं धरातल पर दिखनी भी चाहिए:** मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त चिकित्सा पदाधिकारियों से कहा कि आपने अपने करियर के रूप में स्वास्थ्य के क्षेत्र को चुना है। आपको बेहतर भविष्य बनाने के लिए आगे भी कई अवसर मिलेंगे। मेरा मानना है कि स्वास्थ्य एक ऐसा क्षेत्र है, जहां आपकी सेवाएं काफी मायने रखती हैं। आप जिस सोच के साथ इस क्षेत्र में आये हैं, वैसे में यहां की गरीब और असहाय जनता के प्रति आपकी संवेदनाएं होनी चाहिए। इतना ही नहीं, यथार्थ में संवेदनाएं दिखनी भी चाहिए, ताकि इसका लाभ यहां के लोगों को मिल सके।



### सीमित संसाधनों में भी काफी कुछ किया जा सकता है

हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारे पास संसाधन सीमित है। इन सीमित संसाधनों के बीच भी करने के लिए काफी कुछ है। बस इसके लिए उसे करने का जुनून होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मरीजों को जितना इलाज की जरूरत है, उतना ही आपकी संवेदना और सेवा की भी। आप अपने व्यवहार और प्रभाव से मरीजों को काफी हद तक बेहतर माहौल दे सकते हैं।

### आपके सहयोग से बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था बनानी है

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में नित्य नयी चुनौतियां आ रही हैं। इसके लिए चिकित्सा के क्षेत्र बेहतर करने के लिए निरंतर अनुसंधान भी हो रहे हैं। इस दिशा में चिकित्सकों की काफी अहम भूमिका है। सरकार ने भी एक ऐसी व्यवस्था बनायी है, जिसमें आप सभी का सहयोग लेकर स्वास्थ्य संरचना को मजबूत करना है, ताकि लोगों को बेहतर इलाज के लिए संसाधन और सुविधाएं मिल सकें।

### समस्या हम पैदा कर रहे हैं, समाधान भी हमें ही निकालना है

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज नयी-नयी बीमारियां सामने आ रही हैं। मेरा मानना है कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में ऐसी समस्याएं मनुष्य द्वारा ही पैदा की जा रही हैं। ऐसे में इसका समाधान भी हम सभी को मिलकर करना है। मुख्यमंत्री ने इस सिलसिले में कोविड-19 का जिक्र करते हुए कहा कि इस बीमारी ने पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले लिया था। इस बीमारी की न कोई दवा थी और न ही कोई इलाज। हमारी सरकार बेहतर प्रबंधन के जरिये इस चुनौती से निपटने में कामयाब रही।

### बेहतर कार्य करने वाले को सम्मानित करें

मुख्यमंत्री ने विभाग से कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में राज्य के अलग-अलग इलाकों में पदस्थापित चिकित्सकों के कार्यों और सेवाओं का आकलन कर बेहतर कार्य करने वालों को सम्मानित किये जाने की परंपरा शुरू करे। इससे उनका मनोबल बढ़ेगा और वे अपना बेहतर देने के लिए प्रेरित होंगे।

### 160 चिकित्सकों को मिला नियुक्ति पत्र

मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में 160 चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इनमें जेपीएससी द्वारा नियुक्त 54 सहायक प्राध्यापक, एनएचएम के द्वारा अनुबंध पर नियुक्त 55 विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी, 38 चिकित्सा पदाधिकारी तथा 13 दंत चिकित्सक शामिल हैं। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, अभियान निदेशक (एनएचएम) शशि प्रकाश झा, एमडी (जेएमएचआइडीपी) अबु इमरान और स्वास्थ्य विभाग की विशेष सचिव नेहा अरोड़ा मौजूद थीं।

## जेटेट होने तक नहीं होगी शिक्षकों की नियुक्ति

### हाइकोर्ट ने 2026 तक परीक्षा लेने का दिया निर्देश

**नौ साल से इंतजार कर रहे हैं उम्मीदवार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य सरकार को कड़ा निर्देश दिया है कि 2026 तक झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित की जाये। अदालत ने साफ कहा कि जेटेट परीक्षा होने और उसके परिणाम आने तक राज्य में शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू न करें। जस्टिस आनंद सेन की अदालत में गुरुवार को जेटेट में हो रही देर को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई हुई। बुधवार को हुई सुनवाई में अदालत ने शिक्षा सचिव को हाजिर होने को कहा था। गुरुवार को शिक्षा सचिव हाजिर हुए। सुनवाई के क्रम में अदालत ने शिक्षक पात्रता परीक्षा बीते 9 साल से नहीं होने पर नाराजगी जतायी। साथ ही कहा कि जो नियम है, उसका पालन जरूरी है।

**401 उम्मीदवारों ने दायर की है याचिका :** शिक्षक पात्रता परीक्षा मामले में हरिकेष महतो और अन्य 401 उम्मीदवारों ने याचिका दायर की है। प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता अपराजिता भारद्वाज व अधिवक्ता कुशाल कुमार ने बहस की। अदालत ने सरकार से कहा कि शिक्षक पात्रता परीक्षा, शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया में अहम होता है। इसे लिए बिना नियुक्तियां नहीं हो सकती।

**अभ्यर्थियों के मौलिक अधिकार का हनन:** शिक्षक बनने के लिए टेट उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। नौ साल में जेटेट नहीं होने से सहायक आचार्य की परीक्षा में शामिल होने का अवसर अभ्यर्थियों को नहीं मिल पाया है। वे परीक्षा की प्रक्रिया में शामिल होने से वंचित रह गये। ऐसे में यह स्थिति अनुच्छेद 14 व 16 का उल्लंघन है। अभ्यर्थियों के मौलिक अधिकारों का हनन हुआ है।





### अदालत ने पूछा, क्यों नहीं हुई अब तक परीक्षा

बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पूछा कि आखिर 2016 के बाद जेटेट का आयोजन क्यों नहीं किया गया। प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि सरकार ने जेटेट नियमावली में कहा है कि जिन्होंने 2016 में जेटेट पास की है, उनकी वैधता आजीवन रहेगी। उन्होंने अदालत को बताया कि वर्ष 2016 के बाद से अब तक लगभग नौ साल हो गये, लेकिन झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन नहीं किया गया। बिना जेटेट आयोजित किए 26001 प्रशिक्षित सहायक आचार्यों की नियुक्ति के लिए प्रतियोगिता परीक्षा ली गयी।

## भारत में पहली बार हुआ ट्रेन से अग्नि-प्राइम मिसाइल का टेस्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत ने बुधवार की देर रात रेल पर बने मोबाइल लांचर सिस्टम के जरिये अग्नि-प्राइम मिसाइल की टेस्टिंग की। यह कैनिस्टराइज्ड लांचिंग सिस्टम से लांच की गयी। इसके लिए ट्रेन को विशेष रूप से डिजाइन किया गया। यह ट्रेन देश के हर उस कोने तक जा सकती है, जहां रेल लाइन मौजूद है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने इसकी जानकारी दी। टेस्ट ओड़िशा के चांदीपुर इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से किया गया। इस टेस्ट ने भारत को उन चुनिंदा देशों के ग्रुप में शामिल कर दिया है जिनके पास रेल नेटवर्क से मिसाइल लांच करने वाला कैनिस्टराइज्ड लांचिंग सिस्टम है। भारत से पहले रूस, चीन और नॉर्थ कोरिया मोबाइल रेल लांचर का टेस्ट कर चुके हैं। सूची में अमेरिका का नाम भी शामिल है, लेकिन उसने पुष्टि कभी नहीं की। अग्नि प्राइम मिसाइल 2000 किलोमीटर तक की मारक क्षमता के लिए डिजाइन की गयी है। जो एडवांस्ड फीचर से लैस है। यह मिसाइल टेस्ट भारत के लिए बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि किसी भी युद्ध के दौरान सेना को लांचिंग पॉइंट तक जाने वाली रेल लाइन की जरूरत होती है। कुछ मिसाइलों को उनके वजन के चलते मूव करना आसान नहीं होता था। अब यह परिदृश्य बदल जायेगा।



## चाइबासा में 10 नक्सलियों ने किया सरेंडर

**डीजीपी के सामने डाले हथियार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाइबासा।** झारखंड में पुलिस और सुरक्षा बलों के संयुक्त अभियान से परेशान नक्सलियों ने अब सरेंडर करना शुरू कर दिया है। हाल ही में पलामू, हजारीबाग और गुमला में कई नक्सलियों के मारे जाने के बाद नक्सलियों को यह समझ आ गया है कि अगर सरेंडर नहीं करेंगे, तो पुलिस अपनी गोली का निशाना बनाने से पीछे नहीं हटेगी। इसलिए सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति का लाभ लेते हुए गुरुवार को भाकपा (माओवादी) संगठन के 10 सक्रिय नक्सलियों ने चाइबासा के पुलिस केंद्र में राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) व सीआरपीएफ के वरीय अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया।



**इन नक्सलियों ने किया सरेंडर:** आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने माला पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। आत्मसमर्पण करने वालों में चार महिला नक्सली हैं। पुरुष नक्सलियों में गोइलकेरा थाना क्षेत्र के कुइड़ा गांव के श्रीजांगकोचा निवासी रांदो बोयपाई (एरिया कमेटी सदस्य), गारदी कोड़ा(दस्ता सदस्य), जॉन उर्फ जोहन पुरती, कैरा कोड़ा, घोनोर देवगम, गोमिया कोड़ा उर्फ टारजन और प्रदीप सिंह मुंडा शामिल हैं।

**बेटी को गोद में लेकर पहुंची:** महिला नक्सलियों में छोटानागरा निरसो सिद्दू उर्फ आशा, कैरी कायम उर्फ गुलांची एवं सावित्री गोप उर्फ फुटबॉल शामिल हैं। आत्मसर्पण करने पहुंची महिला नक्सली कैरी कायम डेढ़ साल की बेटी को गोद में लेकर आयी थी।

### माओवादी गतिविधियों पर लगेगा अंकुश: डीजीपी

पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने बताया कि इनका समर्पण नक्सली संगठन पर एक बड़ा प्रहार है। इससे कोल्हान और सारंडा क्षेत्र में माओवादी गतिविधियों पर अंकुश लगेगा। अब तक 26 माओवादी हथियार डालकर मुख्यधारा से जुड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि तीन वर्ष में पश्चिमी सिंहभूम में 9,631 अभियान चलाये गये, जिसमें 175 नक्सली गिरफ्तार किये गये हैं। दस नक्सलियों को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। 31 दिसंबर 2025 तक झारखंड में नक्सलियों का सफाया हो जायेगा।

## सैनिक बाजार में मॉल बनाने की पहल शुरू

**नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव के समक्ष डिजाइन का प्रस्तुतिकरण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विकसित शहरीकरण के संकल्प के तहत रांची के सैनिक बाजार में नया भव्य मॉल बनेगा। नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार के निर्देश पर गुरुवार को विभाग के कार्यालय में परामर्शी मास एंड वायड ने मॉल की डिजाइन का प्रस्तुतिकरण किया। मामूली संशोधनों के साथ प्रधान सचिव सुनील कुमार ने फाइनल डिजाइन जल्द बनाकर कर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। यह मार्केटिंग कांप्लेक्स पीपीपी मोड पर बनेगा। इसके निर्माण में राज्य सरकार की कोई राशि नहीं खर्च होगी। प्रधान सचिव ने निर्देश दिया कि पहले से वहां चल रहा कोई व्यवसाय विस्थापित नहीं होना चाहिए। मॉल बना लिया जाये, फिर पहले सभी योग्य दुकानदारों को वहां स्थानांतरित किया जाये। विकासशील शहरों के नागरिकों की जरूरतों को ध्यान में रख कर मॉल सह आफिस मार्केटिंग कांप्लेक्स बनाया जाये। परमर्शी मास एवं वायड के प्रमुख प्रणव कुमार ने डिजाइन दिखाते हुए बताया कि आगे के भवन एवं पीछे दो भवन बनाये जायेंगे। इसका मुख्य आकर्षण ट्विन टावर रहेगा, जो 11 मंजिला बनेगा।



### नौ लाख वर्ग फीट में कांप्लेक्स बनेगा

यहां कुल नौ लाख वर्ग फीट में कांप्लेक्स बनेगा, जिसमें मार्केटिंग सह ऑफिस का बिल्टअप एरिया छह लाख वर्ग फीट होगा। इसमें तीन-तीन लाख वर्ग फीट के दो बेसमेंट बनेंगे, जहां 700 से अधिक वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। निचले तल यानी लोअर ग्राउंड फ्लोर पर शॉपिंग मॉल एवं मार्केटिंग कांप्लेक्स बनेगा। यह अगले भवन का हिस्सा होगा। इसके अलावा अगले हिस्से में ही जी प्लस फाइव मंजिला भवन बनेगा। इस पांच मंजिले भवन में ही ग्राउंड फ्लोर पर शॉपिंग पोडियम (कियोस्क एवं छोटी खुली दुकान) बनाये जायेंगे।

### मिश्रित उपयोगिता वाला ट्विन टावर बनेगा

अगले हिस्से का भवन जी प्लस फाइव होगा। इसमें लगभग छह मल्टीप्लेक्स, गेमिंग जोन, फूड कोर्ट और शो रूम का प्रावधान रहेगा। मॉल के पिछले हिस्से में मिश्रित उपयोगिता वाला ट्विन टावर बनेगा, जिसमें खुदरा व्यवसाय के साथ मनोरंजन एवं वर्कशॉप सह कार्यशाला भी बनायी जायेगी, जो शहरी नागरिकों की जरूरतों को पूरा करेगा। इस प्रस्तुतिकरण में जुडको के पीडीटी विनय कुमार राय एवं पीडीएफ सह एडमिन अमित कुमार चक्रवर्ती भी मौजूद थे।

हृदयम हार्ट क्लिनिक
उपलब्ध सुविधाएँ -
• ईसीजी • इको-कार्डियोग्राफी
• टीएमटी • हॉस्पीटल मॉनिटरिंग
यहाँ हृदय संबंधित सभी रोगों का उचित परामर्श तथा उपचार उपलब्ध है जैसे :
• हार्ट फेलियर • हाई कॉलेस्ट्रॉल
• हार्ट अटैक • हार्ट एरिदमिया
• हार्ट ब्लॉक • पाल्पीटेशन
• हाइपरटेंशन • दिल का छेद,

डॉ साकेत कुमार
हृदय रोग विशेषज्ञ
एम.बी.बी.एस. (एसयू.), एम.डी. (पीएमसीएच, पटना) डी.एम. कार्डियोलॉजी (आईपीजीएमईआर, कोलकाता)
वयस्क एवं बाल हृदय चिकित्सक
सलाहकार हृदय रोग विशेषज्ञ
पल्स हॉस्पिटल, रांची
हृदयम हार्ट क्लिनिक
डॉ. जे शरण लेन, रिम्स मेडिकल चौक के पास, बरियातू, झारखंड-834009
समय : सुबह 09:30 से सायं 06:00 बजे तक
8002882735, 8100360617, 8573987365

ESTD - FEB-2014
WELCOME TO KIDS SECOND HOME
LITTLE STAR KIDS PLAY SCHOOL
Your's Favorite Preschool
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG, CLASS 1,2


ADMISSION OPEN
8252797609
Near Dislreey Pull, H.B. Road Kokar, Ranchi (Jharkhand)

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery KG - I
Nursery KG - II
ADMISSION OPEN


Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)

BEST PRIVATE UNIVERSITY IN JHARKHAND | 10000+ BOOKS AVAILABLE IN LIBRARY | 150+ QUALIFIED, EXP. & MOTIVATED FACULTY | 150+ ACRE CAMPUS
300+ RESIDES IN BOYS & GIRLS HOSTEL | 1500+ REGISTERED ALUMNI | LABS WITH MODERN TOOLS & EQUIPMENTS | RAGGING FREE CAMPUS
Where dreams BECOME REALITY
CAREER-ORIENTED PG/UG/DIPLOMA PROGRAMMES
Programs Approved by AICTE & Apex Bodies
ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
Faculty of Engg. & Tech
B.Tech
▪ Civil Engineering
▪ Electrical and Electronic Eng.
▪ Computer Science & Eng.
▪ CSE (Artificial Intelligence)
▪ CSE (Cyber Security)
Polytechnic / Diploma
▪ Civil Engineering
▪ Mechanical Eng.
▪ Electrical and Electronic Eng.
▪ Computer Science & Eng.
▪ Electrical Engineering
Faculty of Law
▪ LL.B. ▪ B.A. LL.B. ▪ B.B.A. LL.B
Faculty of Management
▪ Bachelor of Business Administration (BBA)
▪ Master of Business Administration (MBA)
Faculty of Information Tech.
▪ Bachelor of Computer Application (BCA)
▪ Master of Computer Application (MCA)
▪ Post Graduation in Computer Application (PGDCA)
Faculty of Education
▪ Bachelor of Elementary Education (B.Ed)
▪ Diploma of Elementary Education (D.El.Ed.)
▪ M.A (Education)
Faculty of Arts & Social Science
▪ B.A (Hindi) ▪ B.A (English) ▪ B.A (Sanskrit)
▪ B.A (Economics) ▪ B.A (Psychology)
▪ B.A (Sociology) ▪ M.A (Hindi) ▪ M.A (English)
▪ M.A (Sanskrit) ▪ M.A (Economics)
▪ M.A (Psychology ▪ M.A (Sociology)
Faculty of Pharmacy
▪ Diploma in Pharmacy (D.Pharm)
▪ Bachelor of Pharmacy (B.Pharm)
Faculty of Dental Science
▪ Bachelor of Dental Surgery (BDS)
▪ Master of Dental Surgery (MDS)
Faculty of Homeopathy
▪ Bachelor of Homeopathic Medicine & Surgery- BHMS
▪ M.D Homeopathy ▪ B.Sc Medical Pathology
▪ B.Sc Medical Biochemistry ▪ B.Sc Medical Microbiology
▪ M.Sc Medical Microbiology
▪ M.Sc Medical Biochemistry
Faculty of Nursing & Allied Health Science
▪ Bachelor of Science in Nursing (B.Sc. Nursing)
▪ General Nursing and Midwifery (GNM)
▪ Auxiliary Nurse Midwives (ANM)
Paramedical
▪ OT ▪ DMLT ▪ ECG ▪ X-RAY
▪ Medical in Sanitary Inspector
▪ Medical in Ophthalmic Assistant
▪ Medical in Certificate in Dresser
Library Science
▪ B.Lib.I.Sc. ▪ M.Lib.I.Sc
Faculty of Science
▪ B.Sc. (Mathematics) ▪ B.Sc. (Chemistry) ▪ B.Sc. (Physics)
▪ B.Sc. (Botany) ▪ B.Sc. (MLT) ▪ B.Sc. (Zoology)
▪ B.Sc. (Pathology) ▪ B.Sc. (Biochemisty) ▪ B.Sc. (Microbiology)
▪ M.Sc. (Mathematics) ▪ M.Sc. (Chemistry) ▪ M.Sc. (Physics)
▪ M.Sc. (Botany) ▪ M.Sc. (Zoology) ▪ M.Sc. (Physiology)
▪ M.Sc. (Biochemisty) ▪ M.Sc. (MLT) ▪ M.Sc (Microbiology)
Faculty of Commerce
▪ B.Com ▪ M.Com
TRANSPORT FACILITIES | HOSTEL FACILITIES | LUSH GREEN CAMPUS | WI-FI CAMPUS | WORLD CLASS INFRASTRUCTURE | 100% PLACEMENT ASSISTANCE
Admission Helpline: 9661462506, 6206297213, 9934688493
Farathiya, Garhwa-822114, Jharkhand https://bdsu.ac.in/

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 26 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# लालू यादव के कुनबे में कलह से बिहार में सियासी माहौल गरम

## ■ राज्यसभा सांसद संजय यादव को लेकर उठे तूफान में घिरा है पूरा परिवार

## ■ बड़े बेटे के बाद बेटी रोहिणी आचार्य के तेवर से परेशान हैं राजद सुप्रीमो

## ■ तेजस्वी को अभी से सताने लगी है चुनाव मैदान में नुकसान की आशंका

**आजाद सिपाही विशेष**

बिहार चुनाव से पहले लालू परिवार सुर्खियों में बना हुआ है। लालू यादव की बेटी और तेजस्वी यादव की बड़ी बहन रोहिणी आचार्य के नाराज हो गयी हैं और उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकांउट से पार्टी, लालू यादव और तेजस्वी यादव को अनफॉलो कर दिया था। कुछ देर के लिए उनका अकाउंट प्राइवेट हो गया था, मगर बाद में उसे फिर पब्लिक किया गया। इससे पहले भी तेज प्रताप यादव परिवार से बगावत कर चुके हैं। उनके विवाहेतर संबंधों को लेकर लालू यादव ने तेज प्रताप को घर और पार्टी से निकाल दिया है। तेज प्रताप ने अब अपनी अलग राह पकड़ ली है और अपने कारनामों से अपने ही परिवार या कहें तेजस्वी की राह में रोड़े खड़े कर रहे हैं। अब रोहिणी आचार्य के बगावती तेवर से राजद सुप्रीमो बेहद परेशान हैं। रोहिणी की नाराजगी राजद के राज्यसभा सांसद संजय यादव हैं, जो इस समय तेजस्वी के सबसे करीबी हैं। संजय यादव की हैसियत कुछ इस तरह की है, जैसे सोनिया गांधी के लिए अहमद पटेल थे या आजकल राहुल गांधी के लिए केसी वेणुगोपाल हैं। संजय पहले परदे के पीछे थे, लेकिन उन्हें पहले तेजस्वी यादव ने अपना राजनीतिक सलाहकार बनाया और फिर 2024 में उन्हें राज्यसभा भेजा गया, तब वह लालू परिवार और पार्टी के भीतर विलेन की तरह देखे जाने लगे। संजय यादव को लेकर रोहिणी आचार्य ने कई बार निजी तौर पर अपने पिता और भाई से विरोध जताया है, लेकिन उनकी नहीं सुनी गयी। लालू परिवार में रोहिणी को अहम स्थान हासिल है, क्योंकि उन्होंने अपने पिता को अपनी किडनी दी है। अब लालू परिवार के अंदरूनी कलह से बिहार के सियासी माहौल में नये किस्म की सनसनी फैली हुई है। क्या है यह पूरा घटनाक्रम और क्या होगा इसका असर, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह।**


राकेश सिंह
संपादक

बिहार में नेता प्रतिपक्ष और राजद सुप्रीमो लालू यादव के उत्तराधिकारी तेजस्वी प्रसाद यादव के सलाहकार संजय यादव के बढ़ते प्रभाव को लेकर राजद के प्रथम परिवार में मतभेद उभर कर सामने आ गये हैं। ऐसा माना जा रहा है कि पार्टी प्रमुख लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य द्वारा सोशल मीडिया अकाउंट पर संजय यादव और तेजस्वी प्रसाद यादव को अनफॉलो करने के बाद ये मतभेद सार्वजनिक हो गये हैं। पिछले सप्ताह लालू की सात बेटियों में से दूसरी रोहिणी ने अपने भाई और राज्य में विपक्ष के नेता तेजस्वी की पांच दिवसीय 'बिहार अधिकार यात्रा' में संजय यादव की मौजूदगी की आलोचना करते हुए एक पोस्ट (फिर से पोस्ट) की, जो 13 सितंबर को संपन्न हुई। यात्रा में बस की अगली सीट पर बैठे राज्यसभा सांसद संजय यादव की तस्वीर सामने आयी। इसके बाद रोहिणी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह सीट लालू प्रसाद या तेजस्वी में से किसी एक के लिए है और उनकी अनुपस्थिति में खाली रहनी चाहिए।

### ऐसे शुरू हुआ पूरा विवाद

यह पूरा विवाद रोहिणी आचार्य द्वारा सोशल मीडिया पर पार्टी समर्थक के एक पोस्ट को दोबारा पोस्ट करने से शुरू हुआ। इसमें लिखा गया था कि आगे की सीट हमेशा शीर्ष नेतृत्व के लिए होती है। नेता के अनुपस्थित होने पर भी किसी को उस पर नहीं बैठना चाहिए। जब कोई शीर्ष नेता से बड़ा होने का बोध रखता हो, तो बात अलग है। हम और बिहार की जनता लालू प्रसाद या तेजस्वी प्रसाद यादव को आगे की सीट पर बैठे देखने की आदी है। हमें किसी और को आगे की सीट पर बैठे देखना बर्दाश्त नहीं है। लेकिन हम उन चाटुकारों पर टिप्पणी नहीं कर सकते, जो किसी व्यक्ति में एक अद्वितीय रणनीतिकार, सलाहकार और रक्षक देखते हैं।

### मची खलबली, तो रोहिणी का डैमेज कंट्रोल

रोहिणी द्वारा आलोचना को दोबारा पोस्ट करने से पार्टी के प्रथम परिवार में खलबली मच गयी। संजय यादव पर परोक्ष रूप से निशाना साधने के लिए उन्हें परिवार की आलोचना का सामना करना पड़ा। उन पर डैमेज कंट्रोल का दबाव था। पार्टी ने संजय यादव को लेकर परिवार में मतभेदों को कम करने की कोशिश की और दलित नेताओं शिवचंद्र राम और रेखा पासवान को यात्रा में आगे की सीट पर बिठाया। इससे रोहिणी को एक सुरक्षा कवच मिला और उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, लालू प्रसाद के सामाजिक-आर्थिक न्याय अभियान का मुख्य उद्देश्य वंचितों और सामाजिक स्तर के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को आगे लाना रहा है। इन तस्वीरों में इन वर्गों के लोगों को आगे की सीट पर बैठे देखना उत्साहजनक है।

### रोहिणी आचार्य की मंशा

रोहिणी ने अपनी बड़ी बहन मीसा भारती की तरह मेडिकल की डिग्री हासिल की है और 2022 में तब सुर्खियां बटोरीं, जब उन्होंने अपने पिता को किडनी दान की। यह सर्जरी सिंगापुर के एक अस्पताल में हुई थी। पटना लौटने के बाद लालू प्रसाद यादव ने अपनी बेटी की खूब तारीफ की। रोहिणी ने पिछले साल सारण से लोकसभा चुनाव लड़ा था और मौजूदा भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूड़ी से मामूली अंतर से हार गयी थीं। अपनी कथित राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को लेकर ऑनलाइन ट्रोलिंग का शिकार होने के बीच उन्होंने सिंगापुर के एक अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर में ले जाये जाने का 2022 का एक वीडियो पोस्ट करके अपनी स्थिति का संकेत दिया। इसके तुरंत बाद उन्होंने लालू और तेजस्वी समेत कई लोगों को अनफॉलो कर दिया। फिलहाल, वह सिर्फ तीन एक्स अकाउंट को फॉलो करती हैं: उनके पति समरेश सिंह, उर्दू शायर राहत इंदौरी और एक अखबार।



### रोहिणी आचार्य का करारा प्रहार

विवाद शांत होने की बजाय और बढ़ गया, जब रोहिणी ने एक्स पर पोस्ट कर उन लोगों पर निशाना साधा, जिनका 'पार्टी को हाइजैक करने का गुप्त उद्देश्य' है। उन्होंने लिखा कि मेरे बारे में फैलायी जा रही सभी अफवाहें निराधार हैं और मेरी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से चलाये जा रहे एक दुर्भावनापूर्ण अभियान का हिस्सा हैं, जिसे ट्रोल, उपद्रवी व्यक्तियों, पेड मीडिया और पार्टी को हाइजैक करने के गुप्त इरादे रखने वाले लोग हवा दे रहे हैं। मेरी न कभी कोई राजनीतिक महत्वाकांक्षा रही है, न है और न ही होगी। मैं न तो खुद विधानसभा उम्मीदवार बनने की ख्वाहिश रखती हूं और न ही किसी और को उम्मीदवार बनाना चाहती हूं। मुझे राज्यसभा सदस्य बनने की कोई इच्छा नहीं है, न ही मेरे परिवार के किसी सदस्य से कोई प्रतिद्वंद्विता है। मुझे पार्टी या भविष्य की किसी सरकार में किसी पद का लालच नहीं है। मेरे लिए मेरा आत्म-सम्मान, मेरे माता-पिता के प्रति सम्मान और समर्पण, और मेरे परिवार की प्रतिष्ठा सर्वोपरि है।

### विलेन बने संजय यादव

हालांकि परिवार से किसी ने भी मौजूदा विवाद पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी, लेकिन उनके भाई और बिहार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव, जो परिवार से अलग-थलग हैं, ने कहा कि मेरी बहन ने बहुत ही जायज सवाल उठाये हैं। उनकी चिंताएं (संजय यादव के बढ़ते प्रभाव को लेकर) हैं। तेज प्रताप ने भी संजय यादव के बढ़ते प्रभाव को लेकर चिंता जतायी है, हालांकि उन्होंने उनका नाम नहीं लिया। 2024 में राज्यसभा सांसद बनने वाले संजय यादव हरियाणा से हैं और 2012 में समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने तेजस्वी से उनका परिचय कराया था । तेजस्वी को उनके राजनीतिक पदार्पण के लिए तैयार करने, उन्हें समाजवादी साहित्य से परिचित कराने और मीडिया के सामने उनके नकली साक्षात्कार आयोजित करने में संजय की महत्वपूर्ण भूमिका थी। हालांकि 2020 तक राजद के सत्ता ढांचे में संजय और राज्यसभा सांसद मनोज कुमार झा समान रूप से महत्वपूर्ण थे, लेकिन पिछले दो-तीन वर्षों में संजय झा पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं पर हावी होते दिख रहे हैं और तेजस्वी की लगभग सभी बैठकें और मीडिया बातचीत उनके माध्यम से ही होती हैं।

### लालू-तेजस्वी के सामने चुनौती

रोहिणी आचार्य के तेवर ने लालू यादव और तेजस्वी के सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। दोनों को अभी से ही इसके सियासी नुकसान की आशंका दिखाई देने लगी है। तेजस्वी यादव सार्वजनिक रूप से तो हंसते-मुस्कुराते नजर आ रहे हैं, लेकिन घर लौटने के बाद वह गुमसुम रहने लगे हैं। मीडिया के सामने भी वह बहुत ज्यादा नहीं खुल रहे हैं। खराब स्वास्थ्य के बावजूद चुटीले बयानों के लिए मशहूर लालू यादव भी बेटी के रुख से परेशान हैं। ऐसे में बिहार का सियासी माहौल नया करवट लेता दिखाई देने लगा है।

---

## बिहार चुनाव से वोटों की गिनती का नया सिस्टम

# जब तक सभी पोस्टल बैलट न गिने जायें, तब तक इवीएम के आखिरी राउंड की काउंटिंग नहीं होगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** लोकसभा और विधानसभा चुनावों में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग ने डाक मतपत्रों की गिनती की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित कर दिया है। अब गिनती के दौरान यह सुनिश्चित किया जायेगा कि डाक मतपत्रों की गिनती पूरी होने से पहले इवीएम की गिनती का अंतिम चरण शुरू नहीं हो।

अब तक प्रचलन यह था कि गिनती के दिन सुबह 8 बजे डाक मतपत्रों की गिनती शुरू होती थी और सुबह 8:30 बजे ईवीएम की गिनती। पहले के नियमों के मुताबिक इवीएम की गिनती डाक मतपत्रों की गिनती पूरी होने से पहले भी खत्म हो सकती थी। हालांकि अब आयोग ने तय किया है कि इवीएम की गिनती का दूसरा अंतिम चरण तभी शुरू होगा, जब डाक मतपत्रों की गिनती पूरी हो जायेगी।



**पहली बार बिहार में होगी लागू** : नयी व्यवस्था का पहला प्रयोग बिहार विधानसभा चुनावों में होगा, जो नवंबर में होने जा रहे हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि इससे गिनती प्रक्रिया अधिक एकरूप और पारदर्शी बनेगी। इससे मतदाताओं और उम्मीदवारों के बीच किसी भी तरह के भ्रम की स्थिति नहीं रहेगी।

### पर्याप्त संसाधनों की व्यवस्था

चुनाव आयोग ने यह भी निर्देश दिया है कि जिन निर्वाचन क्षेत्रों में डाक मतपत्रों की संख्या अधिक होगी, वहां पर्याप्त संख्या में टेबल और गिनतीकर्मी लगाये जायें। इसका उद्देश्य गिनती में देरी को रोकना और प्रक्रिया को समयबद्ध बनाना है।

### डाक मतपत्रों की संख्या बढ़ी

आयोग ने बताया कि हाल ही में दिव्यांग मतदाताओं और 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए घर से मतदान की सुविधा शुरू की गयी है। इसके चलते डाक मतपत्रों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में गिनती की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना बेहद जरूरी हो गया है।

---

# भाजपा ने धर्मेंद्र प्रधान को बिहार का चुनाव प्रभारी बनाया

## भूपेंद्र यादव को बंगाल और बैजयंत पांडा को तमिलनाडु की जिम्मेदारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने गुरुवार को बिहार, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव के लिए प्रभारी और सह प्रभारी नियुक्त किये हैं। बिहार के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को चुनाव प्रभारी, जबकि उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल को सह-प्रभारी बनाया है।

केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव का प्रभारी और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब को सह प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा तमिलनाडु में भाजपा सांसद बैजयंत पांडा को प्रभारी और मुरलीधर मोहोल को



सह प्रभारी नियुक्त किया गया है।

बिहार में अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं, यहां फिलहाल नीतीश कुमार की खउव्र और भाजपा गठबंधन की सरकार है। वहीं, 2026 में मार्च से मई के बीच पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में चुनाव होंगे। बंगाल में ममता बनर्जी की पार्टी और तमिलनाडु में द्रविड़ मुनेत्र कड़गम सत्ता में है।

---

# प्राकृतिक और मौलिक खाद्य पदार्थों का उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता : संजय प्रसाद

**विश्वस्तरीय फूड एक्सपो में झारखंड मंडप का उद्घाटन**

**मंत्री संजय प्रसाद यादव ने किया शुभारंभ**

आजाद सिपाही संवाददाता




**नयी दिल्ली।** राजधानी दिल्ली स्थित भारत मंडपम में गुरुवार से विश्वस्तरीय फूड एक्सपो (वर्ल्ड फूड इंडिया 2025) की शुरूआत हुई। इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में देश के सभी राज्यों के साथ-साथ कई विदेशी कंपनियां और फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री से जुड़ी संस्थाएं भी भाग ले रही हैं।

इसी क्रम में झारखंड सरकार के उद्योग विभाग द्वारा भारत मंडपम में झारखंड पैवेलियन का उद्घाटन उद्योग, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री संजय प्रसाद यादव ने किया। उद्घाटन के दौरान मंत्री संजय प्रसाद ने कहा कि वर्ल्ड फूड इंडिया हमारे लिए नयी बातें सीखने और अपनी विशेषताओं को दुनिया तक पहुंचाने का बेहतरीन मंच है। झारखंड अपने अनेक पारंपरिक और पौष्टिक खाद्य पदार्थों के लिए जाना जाता है। विविधता ही हमारे देश की असली ताकत है और यही हमें वैश्विक स्तर पर पहचान दिला सकती है। संजय प्रसाद ने कहा कि मिलावट और नकली उत्पादों का बढ़ता चलन चिंता का विषय है। ऐसे समय में प्राकृतिक और मौलिक खाद्य पदार्थों का उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता है। झारखंड में मडुआ (रागी) और उड़द दाल जैसे खाद्य पदार्थ न सिर्फ स्वादिष्ट हैं, बल्कि स्वास्थ्यवर्धक भी हैं। उन्होंने अपेक्षा जताई कि देश-दुनिया इनके महत्व को समझे और अपनाये। मंत्री संजय प्रसाद ने कहा कि झारखंड अपनी वन उपज और तसर के लिए पूरी दुनिया में पहचाना जाता है। राज्य के पारंपरिक व्यंजन स्वास्थ्य और स्वाद दोनों का नया आयाम प्रस्तुत करते हैं। हमारा प्रयास है कि झारखंड का प्राकृतिक सौंदर्य और प्राकृतिक व्यंजन देश-विदेश में नयी पहचान बनायें। उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों से जुड़े उद्यमियों से अपील की कि वे इस दिशा में रुचि लें और पहल करें। स्वादिष्ट भोजन, स्वस्थ शरीर - यही झारखंड सरकार का मिशन है। इस मिशन से जुड़ कर उद्यमी भी देश-दुनिया को नयी दिशा दे सकते हैं। इस अवसर पर उद्योग निदेशक विशाल सागर भी उपस्थित रहे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.6 °c | 23.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.43 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.38 बजे |



# पंडित दीनदयाल एक व्यक्ति नहीं, विचार थे : रघुवर दास

## 109वीं जयंती पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जीवनी पर संगोष्ठी का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा, रांची महानगर जिला कार्यालय में गुरुवार को महानगर अध्यक्ष अध्यक्ष वरुण साहू की अध्यक्षता में अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 109वीं जयंती पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जीवनी पर संगोष्ठी संपन्न हुई। संगोष्ठी में मुख्य रूप से झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास, रांची विधायक सीपी सिंह, हटिया विधायक नवीन जयसवाल, केके गुप्ता, महामंत्री बलराम सिंह और जितेंद्र वर्मा उपस्थित रहे। संगोष्ठी शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की चित्र पर पुष्पांजलि एवं द्वीप प्रज्ज्वलित कर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने की।




संगोष्ठी को संबोधित करते हुए रघुवर दास ने कहा कि पंडित दीनदयाल एक व्यक्ति नहीं, विचार थे। पंडितजी का जीवन समाज के अंतिम व्यक्ति एवं राष्ट्र को समर्पित था। उन्होंने देश के शोषित वंचित, पिछड़े, एवं आदिवासियों के जीवन उत्थान के लिए खुद को समर्पित कर दिया था। उन्होंने कहा कि पंडितजी की परिकल्पना को आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी आगे बढ़ा रहें हैं। श्री दास ने कहा कि पंडित दीनदयाल के पदचिह्नों पर चल कर की भारत दुनियां की प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ सकता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से केंद्र की मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। विधायक सीपी सिंह ने कहा कि पंडितजी का विचार आज हर भारतवासी के लिए प्रासंगिक है। पंडितजी ने संपूर्ण जीवन सादगी से किया और खुद को राष्ट्र के लिए समर्पित कर दिया।

विधायक नवीन जयसवाल ने कहा कि पंडित दीनदयाल की एकात्म मानववाद की सिद्धांत आज भारत को अन्य देशों से अलग बनाया है। समाजवाद, लेकिनवाद एवं पूंजीवाद से इतर दीनदयाल की का एकात्म मानववाद की अवधारणा समाज के अंतिम व्यक्ति तक उम्मीद की किरण जगायी है। महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने कहा कि आज भारत पंडितजी के कहे मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से पीएम मोदी के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। संगोष्ठी में सुबोध सिंह गुड्डू, ऊषा पांडेय, प्रेम मित्तल अरुण झा, अमित कुमार, संजय टोप्पो, राजू सिंह, बसंत दास, अनीता वर्मा, संजीव चौधरी, विनय सिंह, बीना मिश्रा, पूनम जयसवाल, विकास रवि, रवि मुंडा, सोनू सिंह, पायल सोनी, रमित नारायण सिंह, बलसाय महतो, राकेश शर्मा, राहुल चौधरी, ओम प्रकाश पांडेय, उमेश यादव, सुबेश पांडेय, इंद्रजीत यादव, विशाल साहू, अशोक मिश्रा, पप्पू जयसवाल, रणधीर सिंह, रामलगन राम, राम जी प्रसाद, सुभाष अग्रवाल, आनंद वर्मा, ऋषभ गखड़, सुजीत शर्मा, विनोद महतो, सूर्या प्रताप, नवीन सोनी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | आत्मविश्वास की वृद्धि। नये कार्ययोजनाओं के प्रति रुचि बढ़ेगी। गृह-भूमि-कृषि कार्यों में प्रगति होगी। |
| वृष | कुछ ऐसी समस्याओं के समाधान का मार्ग प्रशस्त होगा, जो काफी दिनों से लंबित रहे। |
| मिथुन | आजीविका के क्षेत्र में सफलता, कर्मक्षेत्र में यशस्वी कार्य करने का अवसर, राजनीतिक लाभ। |
| कर्क | सुख-सौहार्द की वृद्धि, परिवार में मांगलिक कार्य का सम्पादन, परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता। |
| सिंह | नवीन उद्योग-व्यापार की योजनाएं सफल होने में कुछ बिलंब होने की संभावना। |
| कन्या | प्रेमप्रसंगों में उलझन होगा, नौकरी में उच्चाधिकारियों से वाद-विवाद, विरोधियों से परेशानी हो सकता है। |
| तुला | कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी। |
| वृश्चिक | चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे। |
| धनु | आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा। |
| मकर | नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा। |
| कुंभ | रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क। |
| मीन | किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय। |

## स्कंदमाता



देवी मां का पांचवां रूप स्कंदमाता के नाम से प्रचलित है। भगवान कार्तिकेय का एक नाम स्कंद भी है, जो ज्ञानशक्ति और कर्मशक्ति के एक साथ सूचक हैं। स्कंद इन्हीं दोनों के मिश्रण का परिणाम है। स्कंदमाता वह दैवीय शक्ति हैं, जो व्यावहारिक ज्ञान को सामने लाती हैं - वह जो ज्ञान को कर्म में बदलती हैं। शिव तत्व आनंदमय, सदैव शांत और किसी भी प्रकार के कर्म से परे का सूचक है। देवी तत्व आदिशक्ति सब प्रकार के कर्म के लिए उत्तरदायी है। ऐसी मान्यता है कि देवी इच्छा शक्ति, ज्ञान शक्ति और क्रिया शक्ति का समागम है। जब शिव तत्व का मिलन इन त्रिशक्ति के साथ होता है, तो स्कंद का जन्म होता है। स्कंदमाता ज्ञान और क्रिया के स्रोत, आरंभ का प्रतीक है। इसे हम क्रियात्मक ज्ञान अथवा सही ज्ञान से प्रेरित क्रिया या कर्म भी कह सकते हैं। प्राय: ऐसा देखा गया है कि ज्ञान तो है, किंतु उसका कुछ प्रयोजन या क्रियात्मक प्रयोग नहीं होता। किन्तु ज्ञान ऐसा भी है, जिसका ठोस प्रयोजन, लाभ है, जिसे क्रिया द्वारा अर्जित किया जाता है। आप स्कूल, कॉलेज में भौतिकी, रसायन शास्त्र पढ़ते हैं, जिसका प्राय: आप दैनिक जीवन में कुछ अधिक प्रयोग नहीं करते हैं और दूसरी ओर चिकित्सा पद्धति, औषधि शास्त्र का ज्ञान दिन प्रतिदिन में अधिक उपयोग में आता है। जब आप टेलीविजन ठीक करना सीख जाते हैं, तो अगर कभी वह खराब हो जाये, तब आप उस ज्ञान का प्रयोग कर टेलीविजन ठीक कर सकते हैं। इसी तरह जब कोई मोटर खराब हो जाती है और यदि आप उसे ठीक करना जानते हैं, तो उस ज्ञान का उपयोग कर उसे ठीक कर सकते हैं। इस प्रकार का ज्ञान अधिक व्यवहारिक ज्ञान है। अत: स्कंद सही व्यावहारिक ज्ञान और क्रिया के एक साथ होने का प्रतीक है। स्कंद तत्व मातृ देवी का एक और रूप है। हम अक्सर कहते हैं, कि ब्रह्म सर्वत्र, सर्वव्यापी है, किंतु जब आपके सामने कोई चुनौती या मुश्किल स्थिति आती है, तब आप क्या करते हैं? तब आप किस प्रकार कौन सा ज्ञान लागू करेंगे या प्रयोग में लायेंगे? समस्या या मुश्किल स्थिति में आपको क्रियात्मक होना पड़ेगा। अत: जब आपका कर्म सही व्यावहारिक ज्ञान से लिप्त होता है, तब स्कंद तत्व का उदय होता है और देवी दुर्गा स्कंद तत्व की माता हैं।

### स्कंदमाता की पूजा में कौन से मंत्र का जप करें?

*ॐ ऐं ह्रीं क्लीं स्कंदमतायै नम: के जप से आप मां दुर्गा के पांचवें स्वरुप मां स्कंदमाता का आह्वाहन कर सकते हैं ।*

# बाबूलाल मरांडी ने शराब घोटाला मामले में मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, सीबीआइ से जांच कराने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के शराब घोटाले को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिख कर पूरे मामले की सीबीआइ जांच कराने की मांग की है। बाबूलाल ने पत्र में आरोप लगाया है कि इस घोटाले में सैकड़ों करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान हुआ है और इसमें निलंबित आइएएस अधिकारी, राज्य बेवरेज कॉरपोरेशन के शीर्ष अधिकारी और छत्तीसगढ़ के शराब माफिया शामिल हैं। उन्होंने नाम लेते हुए कहा कि निलंबित आइएएस विनय कुमार चौबे, पूर्व आइएएस अमित प्रकाश, जेएसबीसीएल के तत्कालीन महाप्रबंधक सुधीर कुमार दास, कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया और नकली होलोग्राम सप्लाई करने वाले विधू गुप्ता जैसे बड़े चेहरे इस घोटाले का हिस्सा रहे हैं। बाबूलाल ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की भूमिका पर भी गंभीर सवाल उठाये हैं। उन्होंने कहा कि एंटी-करप्शन ब्यूरो ने जानबूझ कर समय पर चार्जशीट दाखिल नहीं की, जिसकी वजह से सभी मुख्य आरोपित अदालत से आसानी से जमानत पाने में सफल हो गये।



मरांडी का कहना है कि यह कोई सामान्य चूक नहीं, बल्कि आरोपितों को बचाने की सुनियोजित साजिश है।उन्होंने एसीबी में हाल ही में हुए संदेहास्पद तबादलों पर भी सवाल खड़े किये। मरांडी ने पूछा कि एसीबी से हटाये गये अफसर शराब घोटाले में किसके लिए काम कर रहे थे। उन्हें किसके इशारे पर एसीबी में पदस्थापित और फिर क्यों हटाया गया। वर्तमान में उन्हें कहां पदस्थापित किया गया है और किसके हित में काम कर रहे हैं।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यह फेरबदल इस बात का संकेत है कि सरकार घोटाले की तह तक जाने के बजाय इसमें शामिल अपने करीबी अफसरों को बचाने में जुटी है।

उन्होंने मांग की कि पूरे शराब घोटाले और इसमें हुए राजस्व नुकसान की सीबीआइ जांच करायी जाये, एसीबी के उन अधिकारियों की भूमिका की जांच की जाये, जिन्होंने चार्जशीट समय पर दाखिल नहीं की, एसीबी में हुए तबादलों के पीछे के कारणों, अफसरों की गतिविधियों और बेनामी संपत्तियों की भी जांच हो।

# दुर्गा पूजा के दौरान खलल डालेगी बारिश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शारदीय नवरात्र का उत्साह राज्य में चरम पर है। दूसरी ओर मौसम केंद्र रांची के वरिष्ठ मौसम पूर्वानुमान वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा कि इन दिनों बंगाल की खाड़ी में एक सिस्टम एक्टिव हो रहा है। अभी तक के पूर्वानुमान के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बनने वाला यह सिस्टम का ऐसे ओड़िशा और आंध्र प्रदेश में ज्यादा दिखेगा लेकिन उसकी नमी और क्लाउड बैंड में झारखंड भी आयेगा। इस वजह से झारखंड में भले ही भारी बारिश न हो, लेकिन हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना बनी हुई है। दुर्गा पूजा के आयोजकों को हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश को ख्याल रखकर अपनी तैयारी करेंगे। अभिषेक आनंद ने कहा कि प्रदेश के कई हिस्सों में दशहरा के भी हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश की ही संभावना है।

# मरांडी जी, भाजपा सरकारों में हो रहे असली शराब घोटालों पर चुप्पी तोड़ें: विनोद पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी बार-बार झूठ का पुलिंदा बांध कर जनता को गुमराह करने की कोशिश करते हैं। असल में उन्हें न तो तथ्यों की परवाह है, न ही राज्य के विकास की। तथाकथित शराब घोटाले की आड़ में जो सवाल वे सूत्रों के हवाले से उठा रहे हैं, वह किसी जिम्मेदार विपक्ष का नहीं, बल्कि निराश और हताश नेता का बयान लगता है। बाबूलाल मरांडी के पास ठोस सुबूत है, तो सरकार को उपलब्ध करायें। सरकार जांच कर उचित कार्रवाई करने के लिए हमेशा तत्पर है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी बतायें, भाजपा शासित राज्यों मध्यप्रदेश, हरियाणा, छत्तीसगढ़ में हुए असली शराब घोटालों पर उन्होंने कभी क्यों चुप्पी साध ली? क्या वहां भी जांच की मांग करेंगे या भाजपा के भ्रष्ट नेताओं की रखवाली उनका असली काम है? जहां तक एसीबी की कार्रवाई की बात है, सरकार किसी आरोपी को बचाने नहीं, बल्कि कानून के अनुसार दंडित करने की नीति पर काम कर रही है। मगर भाजपा की राजनीति का सच यह है कि जब उनकी सरकार रहती है, तो आरोपी 'पवित्र' हो जाते हैं और जब विपक्ष में आते हैं तो वही लोग 'घोटालेबाज' घोषित कर दिए जाते हैं। पांडेय ने कहा कि मरांडीजी अपने कार्यकाल का आइना देख लें खुद मुख्यमंत्री रहते कितने भ्रष्टाचार मामलों पर उन्होंने कार्रवाई की थी? सच यह है कि झारखंड की जनता उन्हें नकार चुकी है और अब वे केवल झूठी बयानबाजी करके सुर्खियों में बने रहना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार साफ कहती है–भ्रष्टाचार चाहे किसी ने भी किया हो, उसे बख्शा नहीं जायेगा। लेकिन भाजपा की तरह हम जांच एजेंसियों को रिमोट कंट्रोल से नहीं चलाते। विनोद पांडेय ने कहा कि मरांडीजी, आपकी राजनीति की हवा निकल चुकी है। बेहतर होगा कि आप सस्ती नौटंकी छोड़ कर जनता से माफी मांगें और भाजपा सरकारों में हो रहे असली शराब घोटालों पर चुप्पी तोड़ें।




# 27 से 28 तक मिलेगी मंईयां सम्मान योजना की राशि

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की लाभुकों के लिए अच्छी खबर है। नवरात्र में ही लाभुकों के खाते में सितंबर माह की किस्त के तौर पर 2,500 रुपये ट्रांसफर करने की तैयारी चल रही है। इससे पहले अलॉटमेंट नहीं मिलने की वजह से पांच जिलों में मामला लटका हुआ था, लेकिन अब इस प्रक्रिया को पूरा कर लिया गया है।

अब बैंकों के साथ लाभुकों की लिस्ट साझा की जा रही है। यह प्रक्रिया पूरी होते ही लाभुकों के खाते में पैसे ट्रांसफर होने शुरू हो जायेंगे। लाभुकों के लिए यह किस्त नवरात्र गिफ्ट साबित होगी।

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के निदेशक विजय कुमार के मुताबिक राशि ट्रांसफर करने की जिम्मेदारी जिला कोषांगों की है। विभाग के स्तर से राशि का अलॉटमेंट किया जा चुका है। लिहाजा कागजी प्रक्रिया पूरा होने में ज्यादा से ज्यादा दो दिन लग सकते हैं। हर हाल में 27 से 28 सितंबर तक लाभुकों के खाते में राशि ट्रांसफर होने लगेगी। इस किस्त को नवरात्र के समय जारी किया जा रहा है, ताकि लाभुक त्योहार में जरूरत की चीजें खरीद सकें।


झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND



मेरे प्यारे झारखण्ड वासियों
जोहार !

कुपोषण मुक्त झारखण्ड के संकल्प को साकार करने हेतु 17 सितम्बर, 2025 से 16 अक्टूबर, 2025 तक 'पोषण माह' के रुप में मनाया जा रहा है। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि स्वस्थ शरीर के लिए सही पोषण अति आवश्यक है। विशेष रुप से किशोरी बालिकाओं, गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पौष्टिक आहार के साथ-साथ उचित व्यवहार का पालन का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। राज्य में स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में निरंतर प्रयासों के कारण विगत पांच वर्षों में मातृ मृत्यु दर तथा शिशु मृत्यु दर में कमी आई है।

झारखण्ड प्रदेश को प्रकृति ने विभिन्न प्रकार के हरी साग-सब्जियों, मोटे अनाज एवं मौसमी फलों का उपहार दिया है, जो हमारे घर-आंगन के आस-पास अत्यंत आसानी से कम मूल्य में उपलब्ध हैं। अपने भोजन में इनका समावेश कुपोषण को दूर करने में हमारी बहुत मदद कर सकता है। साथ ही, अपने आस-पास मौजूद लोगों में मोटापा दूर करने हेतु नमक, चीनी एवं वसा का उपयोग कम करने हेतु प्रोत्साहित करें ताकि, मोटापा से संबंधित विभिन्न रोगों से बचा जा सके। इसके लिए महिलाओं के साथ-साथ पुरुषों को भी कंधे से कंधा मिलाकर चलना होगा, ताकि पूरे जन समुदाय के खान-पान की आदतों में सुधार हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार हो सके। पोषण माह के दौरान, वृद्धि निगरानी, ऊपरी आहार के महत्व का व्यापक प्रचार-प्रसार, पोषण भी पढ़ाई भी को बढ़ावा देने एवं समग्र पोषण पर जागरुकता फैलाने हेतु राज्य/जिला/परियोजना/आंगनबाड़ी केन्द्रों पर विभिन्न विभागों के समन्वय से विभिन्न गतिविधियां जन आंदोलन के रुप में आयोजित की जाएंगी। आंगनबाड़ी केन्द्रों, शिक्षण संस्थानों तथा पंचायतों आदि में अन्नप्राशन, गोदभराई, पोषण रैली, पोषण रथ, पोषण पर चर्चा, वाद-विवाद प्रतियोगिता, रचनात्मक गतिविधियां यथा रंगोली प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता तथा अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिससे समुदाय का पोषण के विषय पर ज्ञानवर्द्धन हो सके।

मेरा अनुरोध है कि विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें एवं पोषण के संदेशों को घर-घर तक पहुंचाएं ताकि, कुपोषण मुक्त झारखण्ड का हमारा सपना साकार हो सके।


**सुपोषित झारखण्ड, साक्षर झारखण्ड, सशक्त झारखण्ड !**

**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

P.R 362885 ( Social Welfare,Women and Child Development) 25-26

## उपायुक्त ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



कोडरमा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त ऋतुराज ने गुरुवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, रजिस्ट्रेशन काउंटर, फार्मेसी, लैब, ऑडियोलॉजी, किचन, स्टोर रूम, इमरजेंसी, फिजियोथैरेपी समेत सभी प्रमुख वार्डों और विभागों का जायजा लिया। उपायुक्त ने अस्पताल परिसर में स्वच्छता की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया और निर्देश दिया कि ओपीडी एरिया और सभी वार्डों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने मरीजों को समय पर और बेहतर इलाज उपलब्ध कराने पर जोर देते हुए कहा कि आम जनता को स्वास्थ्य सेवाएं सुचारु रूप से उपलब्ध होनी चाहिए। मौके पर उप विकास आयुक्त रवि जैन, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, उपाधीक्षक डॉ रंजीत कुमार समेत अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

# चोर गिरोह का भंडाफोड़, 9 गिरफ्तार

**एक करोड़ से अधिक मूल्य के चोरी का सोना, 25 चांदी का सिक्का और मेड इन जापान लिखा देशी पिस्टल भी बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में गत दिन पूर्व हुए 80 लाख की डकैती की घटना का पुलिस ने उदभेदन कर दिया है। चोरी की घटना को अंजाम देने वाले सभी अपराधी को पुलिस ने धर दबोचा है। सभी लूटे हुए गहने भी बरामद कर लिये गये हैं। ये सभी अपराधी पूर्व में भी कई लूट एवं चोरी की घटना में संलिप्त रह चुके हैं। हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि गत 13 सितंबर को मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के ग्राम बभनी में अन्निदता मल्लिक के घर रात्रि में घुसकर अपराधियों ने डकैती की घटना को अंजाम दिया था। इस घटना को आठ डकैतों ने अंजाम दिया था, जिसमें 80 लाख रुपया के गहने को लूट लिया गया था। इस पर मुफ्फसिल थाना कांड सं-155/25 दर्ज किया गया था। एसपी ने सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया था। टीम के द्वारा लगातार छापामारी की गयी, इस उपरांत बुधवार रात्रि 2 बजे हजारीबाग एसपी को गुप्त सूचना मिली कि हत्यारी जंगल में कुछ संदिग्ध व्यक्ति मौजूद है।

सूचना पर एसआईटी टीम ने त्वरित कार्रवाई की, जिसमें डकैती काण्ड के मुख्य अभियुक्त रणवीर कुमार सिहं उर्फ छोटु उर्फ जोकर, सन्नी कुमार गुप्ता, राहुल कुमार यादव, विपुल कुमार सिंह उर्फ सुशील कुमार को हत्यारी जंगल से गिरफ्तार किया गया। साथ ही कांड में लूटे गये जेवरात एवं 1 एक पिस्टल बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त रणवीर कुमार सिहं उर्फ छोटु उर्फ जोकर के निशानदेही पर कांड के अन्य अभियुक्त राजेश कुमार यादव, सुरेंद्र उरांव, विपिन कुमार सिंह, रवि राय, दिनेश कुमार यादव उर्फ सन्नी को भी गिरफ्तार किया गया। इस कांड में लूटे शेष अन्य जेवरात एवं घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाईकिल जब्त किया गया। सभी गिरफ्तार अपराधी एक ही गिरोह के सदस्य थे, जिसका सरगना रणवीर कुमार सिंह उर्फ छोटु उर्फ जोकर पिता स्व पंतु सिंह ग्राम बभनवै थाना मुफ्फसिल जिला हजारीबाग का रहने वाला है। उस पर हजारीबाग जिले के विभिन्न थानों में सात मामले मामले दर्ज है।

छापामारी दल में सदर एसडीपीओ अमित आनंद, इंस्पेक्टर विद्यावती ओहदार, गिद्दी प्रभारी राणा भानू प्रताप सिंह, मुफस्सिल प्रभारी रोशन कुमार वर्णवाल, बड़ा बाजार प्रभारी पंकज कुमार, एसआई जितेंद्र भगत, सत्यम के अलावा तकनीकी शाखा और मुफस्सिल थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

**बरामद समान**

मेड इन जापान लिखा एक देशी पिस्टल, दो 7.65 एम एम का जिंदा कारतुस, सोना का कुल 131 आभुषण, जिसका कुल वजन लगभग 1100 ग्राम, 25 चांदी का सिक्का और 6 पीस मोबाइल शामिल है।

### सांसद ने डीएमएफटी राशि 'लूट' का लगाया आरोप, कड़ी कार्रवाई की मांग

# बेकार साबित हो रहे हैं मेडिकल उपकरण : मनीष

**एस्टीमेट के नाम पर मनमानी और घपला हुआ है**

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** हजारीबाग जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) की न्यास परिषद की बैठक गुरुवार को डीसी शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल ने स्वास्थ्य विभाग खासकर शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में डीएमएफटी की राशि के दुरुपयोग और इंजीनियरिंग सेल के कथित 'एस्टीमेट घोटाले' पर गंभीर सवाल उठाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की। सांसद मनीष जायसवाल ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आधारभूत संरचना और मेडिकल उपक्रमों की खरीद में भारी लूट का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि करोड़ों के उपकरण जनउपयोगी बताकर खरीदे गए, लेकिन आज वे धूल फांक रहे हैं। सांसद मनीष जायसवाल ने प्रमुखता से शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कार्डियक एम्बुलेंस, ट्रामा सेंटर का ओटी और वेंटिलेटर, पीडियाट्रिक वेंटिलेटर, फोटोथेरेपी मशीन, मल्टी पारा मॉनिटर, सेमी फ्लोर बेड सहित कई जरूरी मेडिकल उपक्रम बेकार पड़े हैं जो 'ढाक के तीन पात' साबित हो रहे हैं। जिले के इंजीनियरिंग सेल पर एस्टीमेट के नाम पर मनमानी और घपला करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने स्कूल उन्नयन कार्य और अन्य मरम्मत कार्यों के स्टीमेट घोटाले की प्रॉपर जांच की मांग की। सांसद मनीष जायसवाल ने मांग की कि पूर्व में एसबीएमसीएच और स्वास्थ्य विभाग में डीएमएफटी मद से किए गए विकास कार्यों और खरीदे गए एंबुलेंस व उपक्रमों का जनहित में उपयोग सुनिश्चित किया जाए। साथ ही वर्षों से इन उपक्रमों को निष्क्रिय रखने के लिए जिम्मेदार लोगों को चिन्हित कर उनपर कड़ी कार्रवाई की जाए।

**लोगों ने कहा, जिला प्रशासन को जांच से अलग रखा जाये**

हजारीबाग में डीएमएफटी मद से हुए कार्यों की जांच अगर स्वतंत्र एजेंसी करती है तो बड़ा घोटाला सामने आ सकता है। लोगों ने मांग किया है कि जिले में 2023 से 2025 तक सभी डीएमएफटी मद से हुए कार्यों का फिजिकली जांच हो, इस जांच से जिला प्रशासन को अलग रखा जाये।

## सांसद खेल महोत्सव का आगाज आज से

कोडरमा (आजाद सिपाही)। कोडरमा संसदीय क्षेत्र का सबसे बड़ा सांसद खेल महोत्सव का आगाज 26 सितंबर को दोपहर दो बजे से चंद्रावती स्मारक उच्च विद्यालय फुटबॉल मैदान में आयोजित है। इस दिन खेल प्रेमी फुटबॉल, कबड्डी मैच, उद्घाटन समारोह का लुत्फ उठायेंगे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी, कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, बगोदर विधायक नागेंद्र महतो, जमुआ विधायक डॉ मंजू कुमारी के साथ-साथ झारखंड के अन्य गणमान्य उपस्थित रहेंगे।

## 27 सितंबर को विधायक रोशन लाल चौधरी के बड़कागांव आवास में कल लगेगा कैंप



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन दिनांक 27.09.2025 दिन शनिवार सुबह 11.00 बजे से पारस एचईसी के तरफ से बड़कागांव विधायक रौशन लाल चौधरी के बड़कागांव गुरुचट्टी स्थिति आवास आयोजन किया जा रहा है। इसकी सुचना पारस हॉस्पिटल के मैनेजर आयुष चौधरी ने दी है। आगे उन्होंने बताया कि बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी के प्रयास से यह निःशुल्क मेगा हेल्थ चेकअप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हदय रोग, कैंसर का रोग, पेट का रोग, महिला रोग, हड्डियों का रोग सहित सभी बीमारियों के इलाज के लिए डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे जिससे वह अपना चेकअप कर इलाज करवा सकते हैं। यह मेगा हेल्थ चेकअप में इलाज पारस हॉस्पिटल के सीनियर डाक्टर के द्वारा किया जा रहा है। इसमें पंजीकरण करने के लिऐ लिए इसमें 6287997959 संपर्क कर सकते हैं। इस संबंध में बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी ने क्षेत्र के तमाम जनता से इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर में आने की अपील की है और कहां है कि आप सभी ग्रामीण जनता इसमें जाकर हेल्थ का जांच कर ले आप लोगों के सुविधा के लिए यह चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है।

## एनएसयूआइ ने छात्र संघ चुनाव कराने की उठायी मांग, कुलसचिव के नाम सौंपा ज्ञापन


हजारीबाग (आजाद सिपाही)। एनएसयूआई हजारीबाग जिला इकाई ने विनोबा भावे विश्वविद्यालय में लंबे समय से लंबित छात्र संघ चुनाव करवाने की मांग की है। इस संबंध में जिला अध्यक्ष अभिषेक राज कुशवाहा ने विश्वविद्यालय के कुलसचिव सह छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष के नाम ज्ञापन सौंपा। अभिषेक राज कुशवाहा ने कहा कि विश्वविद्यालय में पिछले सात वर्षों से छात्र संघ चुनाव नहीं हुए हैं। पिछले दो वर्षों से प्रशासन यह तर्क देता रहा कि नियमित कुलपति न होने के कारण चुनाव नहीं कराये जा सकते, उससे पहले कोरोना महामारी का बहाना बनाया गया। लेकिन अब जबकि नियमित कुलपति की नियुक्ति हो चुकी है और नया शैक्षणिक सत्र भी आरंभ हो गया है, ऐसे में अब चुनाव कराना आवश्यक है।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनायी गयी



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 109 वीं जयंती हरली पंचायत भवन में बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो की अध्यक्षता एवं किसान मोर्चा अध्यक्ष त्रिवेणी महतो के संचालन में मनायी गयी। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने बारी बारी से दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। वहीं मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जीवनी पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। मौके पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, मंडल सांसद प्रतिनिधि महेंद्र महतो, किसान मोर्चा अध्यक्ष त्रिवेणी महतो, उपाध्यक्ष किशोर राणा, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, बलदेव राम, सचिदानंद पांडेय, रवि दांगी, नागेश्वर महतो, राम राणा, कुलेश्वर महतो, प्रयाग महतो समेत कई महिला पुरुष शामिल थे।

## अबुआ कृषि दर्पण पत्रिका का हुआ विमोचन



रांची। झारखंड में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग ने योजनाओं से सशक्तिकरण की दिशा में एक और अहम कदम बढ़ाते हुए अपनी त्रैमासिक पत्रिका अबुआ कृषि दर्पण का विमोचन किया। विभागीय सचिव आनन्दकुमार सिंह, आईएएस ने नेहा भवन कांफ्रेंस हॉल (कृषि भवन परिसर, कांके रोड, रांची) में आयोजित कार्यक्रम के दौरान इस पत्रिका का लोकार्पण किया। विमोचन समारोह में सचिव सिंह ने बताया कि पत्रिका का मुख्य उद्देश्य केवल सूचनाएं उपलब्ध कराना नहीं है, बल्कि किसानों और आम जनता तक उन प्रेरणादायक कहानियों को पहुंचाना है जिनमें विभागीय योजनाओं से जुड़कर लोगों ने अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाये हैं। उन्होंने कहा कि योजनाओं से सशक्तिकरण विषय पर आधारित इस पत्रिका में उन व्यक्तियों और समूहों की प्रेरक गाथायें शामिल की गयी हैं। इस अवसर पर विशेष सचिव गोपालजी तिवारी के अलावा विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, निदेशक उद्यान माधवी मिश्रा, निदेशक सहायक समितियां शशि रंजन, निदेशक विपणन जीशान कमर एवं कृषि विपणन परिषद के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# केमिकल डाल पुराने आलू को नया बना कर बाजार में उतारा गया

**पुराने आलू को कैल्शियम कार्बाइड, आर्सेनिक और फॉस्फोरस से बनाया जा रहा नया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** बाजारों में इन दिनों नया आलू की बिक्री हो रही है। दुकानदार पुराने आलू को मिट्टी और रसायनों से नया जैसा बना कर ग्राहकों को धोखा दे रहे हैं और इसे रांची में उपजे नया आलू बता रहे हैं। इस पर डॉक्टरों और किसानों ने गंभीर चेतावनी दी है। आलू की दुकानों पर भीड़ लगी रहती है। इसी भीड़ में कुछ दुकानदार पुराने आलू को नया आलू बताकर बेच रहे हैं। हालांकि, अनुभवी व्यापारी साफ कह रहे हैं कि नया आलू का मौसम अभी आया ही नहीं है।

डॉ. निखिल आनंद, जनरल फिजिशियन बताते हैं कि ऐसे नकली आलू खाने से गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। शुरूआत में उल्टियां, खून की उल्टियां, पेट दर्द और संक्रमण देखने को मिलते हैं। इसमें अक्सर कैल्शियम कार्बाइड, आर्सेनिक और फॉस्फोरस जैसी मिलावट की जाती है। लंबे समय तक ऐसे आलू खाने से लीवर और किडनी खराब हो सकते हैं, और भविष्य में कैंसर का खतरा भी बढ़ जाता है। इसलिए मेरी लोगों से अपील है आलू खरीदते समय सतर्क रहें और शक होने पर बिल्कुल न खरीदें। स्थानीय किसान अनिल कुमार ने बताया कि नया आलू अभी नवंबर से निकलना शुरू होगा। अभी कोई भी दुकानदार अगर नया आलू बता कर बेच रहा है तो वह सीधा धोखा दे रहा है। इसे खाने से सेहत को नुकसान है।

फूड सेफ्टी विभाग ने कहा है कि इस मामले की जांच की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। फिलहाल नया आलू का मौसम ही नहीं है। बाजार में बिक रहे ऐसे मिलावटी आलू से दूर रहना ही आपकी सेहत की सबसे बड़ी सुरक्षा है।

# सांसद ने भारत टायर एजेंसी दुकान का फीता काटकर उद्घाटन किया





आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव हजारीबाग रोड स्थित लिबास मॉल के समीप भारत टायर एजेंसी का उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद मनीष जायसवाल ने फीता काटकर किया। मौके पर सांसद श्री जायसवाल ने कहा कि बड़कागांव क्षेत्र में दिन प्रतिदिन तरक्की की नयी गाथा लिख रही है भारत टायर एजेंसी के प्रॉपरेटर पंकज कुमार को बधाई देता हूं कि जो दुकान बड़े बड़े शहरों में होते हैं वो अब बड़कागांव प्रखंड में खोला गया है। आगे उन्होंने कहा कि बड़कागांव में स्वरोजगार के साधन दिन पर दिन बढ़ते जा रहे हैं। वहीं मौके पर विशिष्ट अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि टायर की एजेंसी खुलने से यहां के स्थानीय गाड़ी मालिकों को शहर की ओर जाना नहीं पड़ेगा अब वे अपने ही गांव में टायर ले सकते हैं। आगे उन्होंने कहा कि इस प्रकार से दुकान खोलने से क्षेत्र का विकास होता है। दुकान संचालक पंकज कुमार ने बताया कि हमारे यहां दुपहिया वाहन से लेकर हाईवा के टायर तक उपलब्ध है। आगे श्री कुमार ने बताया कि इस क्षेत्र के लोगों को शहर की ओर नहीं जाना पड़ेगा छोटे-बड़े टायर सस्ते दामों में सभी कंपनियों के यहीं पर उपलब्ध रहेगी। हमारा दो काउंटर है एक 13 माईल के समीप और दूसरा लिबास मॉल के समीप है। इस मौके पर सांसद मनीष जायसवाल, विधायक रोशन लाल चौधरी, आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, हाईवा एसोसिएशन के अध्यक्ष सह हजारीबाग रामनवमी महासमिति अध्यक्ष बसंत यादव, कपिल सिंह, अभिनव कुमार उर्फ बिन्टू, चंदन कुशवाहा, अवध कुमार मेहता, बबलू कुमार मेहता, मोहित कुमार, कमलेश कुमार उर्फ गुर्जर, नरेंद्र राम, सूरज राम, प्रवीण कुमार साव, यदु प्रसाद दांगी, शोभा देवी, नगीना देवी, अनामिका कुमारी, आनंद, प्रणव आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

# मांगों को लेकर जेएसएलपीएस कर्मियों ने समाहरणालय पर एक दिवसीय धरना दिया

**समान काम का समान वेतन मिलने का अधिकार है जेएसएलपीएस कर्मियों को : संजय**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसाइटी अंतर्गत कार्यरत कर्मियों ने स्थायीकरण सहित अपनी छह सूत्री मांगों को लेकर राज्यव्यापी आह्वान पर झारखंड राज्य आजीविका कर्मचारी संघ के बैनर तले समाहरणालय पर गुरुवार को एक दिवसीय धरना दिया गया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अमरजीत कुमार, अनंत कुमार पाण्डेय और संचालन जिला सचिव अंजनी कुमार सिंह ने किया। मुख्य वक्ता सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि समान काम का समान वेतन मिलने का अधिकार सभी कर्मियों को है। जेएसएलपीएस का गठन हुए 16 वर्ष हो गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार 10 साल तक लगातार काम करने वाले कर्मियों को स्थायी करना है, लेकिन इन्हें सोसाइटी एक्ट में रखकर राज्यकर्मी होने का अधिकार से वंचित किया जा रहा है। झारखंड के हर गांव में आजीविका महिला समूह है, जो जेएसएलपीएस से संचालित होती है। राज्य में इनकी संख्या लगभग 50 लाख है, जो किसी भी सरकार को बना या बिगाड़ सकती है। अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र तिवारी, महामंत्री शशि कुमार पांडेय, संयुक्त सचिव दिनेश रविदास ने कहा कि जेएसएलपीएस अंतर्गत कार्यरत कर्मी लंबे समय से मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। जेएसएलपीएस कर्मचारी राजकर्मी और न्यूनतम वेतन के हकदार है। धरना में जिला कार्यालय सहित सतगावां, डोमचांच, मरकच्चो, जयनगर, चंदवारा और कोडरमा सदर प्रखंड से सिंटू कुमारी, रितेश कुमार, रंजीत रजक, साधना, ललिता, प्रदीप, बसंत अग्रवाल, संजय, संतोष कुमार दास, गौरी यादव सहित सभी जेएसएलपीएस कर्मी मौजूद थे।

## टाटीझरिया में मनायी गयी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती भाजपा कार्यालय टाटीझरिया में गुरूवार को मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह की अध्यक्षता एवं किसान मोर्चा के अध्यक्ष जीतन यादव के संचालन में मनायी गीय। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शो को अपनाने का संकल्प लिया। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि हमें उनके आदर्शो को अपनाने की जरूरत है। इनके जयंती पर हम सभी संकल्प लेते हैं और इनके आदर्शो को जन-जन तक पहुंचाने, पार्टी की जनाधार बढ़ाने का प्रयास जारी रहेगा। मौके पर एमके पाठक, उपेंद्र पांडेय, रजनीकांत चौधरी, महेश अग्रवाल, कौलेश्वर मिश्रा, सुखदेव पांडेय, परमेश्वर प्रसाद यादव, कृष्णा साव, संदीप चौधरी, ज्योतिष पंडा, अनिल प्रसाद, सुनिल साव आदि मौजूद रहे।

## एंबुलेंस से हो रहा था डोडा का तस्करी, पुलिस ने पकड़ा




हजारीबाग (आजाद सिपाही)। नशे के सौदागर अब एंबुलेंस का उपयोग गोरख धंधा में कर रहे हैं। इस बात का खुलासा चौपारण थाना अंतर्गत वाहन चेकिंग के दौरान हुआ है। जहां पुलिस ने एम्बुलेंस से लगभग 40 किलो डोडा बरामद किया है। इस बात का खुलासा चौपारण थाना अंतर्गत दनुवा की ओर से आ रही एक एंबुलेंस गाड़ी को चेकिंग के दौरान रोका गया तो भारी मात्रा में डोडा बरामद किया गया है। गुप्त सुचना पर चौपारण थाना अंतर्गत चोरदाहा चेक नाका में वाहनों की जांच शुरू की गई। वाहन की जांच के क्रम में दनुवा की तरफ से एक एम्बुलेंस चेक नाका पहुंचने से पहले एम्बुलेंस चालक वाहन खड़ा कर भाग गया। जब गाड़ी का जांच किया गया तो पाया गया इसका वजह लगभग 40 किलो है। पुलिस एंबुलेंस चालक और इस पूरे घटना में शामिल उन लोगों के खिलाफ छापेमारी कर रही है। हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन ने जानकारी देते हुए कहा कि नशा के खिलाफ पूरे जिले भर में कार्रवाई की जा रही है।

## परवेज अहमद बने कांग्रेस के नगर अध्यक्ष




हजारीबाग (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश द्वारा सरदार रोड निवासी परवेज अहमद को नगर कांग्रेस कमिटी हजारीबाग का अध्यक्ष बनाया है। परवेज अहमद को नगर कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष बनाए जाने पर हजारीबाग के कांग्रेसियों ने हर्ष का महौल है। साथ ही बधाई देने वालों का तांता लग गया है। बधाई देने वालों में जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव, प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, सदर विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी मुन्ना सिंह, प्रदेश सचिव अवधेश कुमार सिंह, शशि मोहन सिंह, बिनोद सिंह, सुरजीत नागवाला, रेणु कुमारी, निसार अहमद, वरिष्ठ कांग्रेसी विजय कुमार यादव, संजय तिवारी, सेवादल के अध्यक्ष गुड्डु सिंह, मिथिलेश दुबे, लाल बिहारी सिंह, अनिल उपाध्याय, अजय गुप्ता, सुरजीत नागवाला, साजिद अली खान, डॉ. प्रकाश कुमार, डॉ. दीपक बंधू, ओमप्रकाश गोप, सुनिल सिंह राठौर, भैया असीम कुमार, राजीव कुमार मेहता, समेत कई कांग्रेसी शामिल हैं।

# महाराणा प्रताप चौक दुगार्पूजा पंडाल में एक बार फिर महिषासुर बध होगा आकर्षण का केंद्र

**पूजा पंडाल दक्षिण भारतीय शिव मंदिर का प्रारूप**

**टेंट में पहले विराजती थी माता,पर अब भव्य पंडाल में**

सतीश कुमार



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** इस बार फिर एक दफा महाराणा प्रताप चौक, झुमरी तिलैया स्थित पूजा पंडाल में असुर महिषासुर का वध श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। यहां इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम के जरिए माता दुर्गा भाले से महिषासुर का वध करेगी। महाराणा प्रताप का पूजा पंडाल और मां की प्रतिमा समेत लाइटिंग को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पहले टेंट में मां की आराधना की जाती थी,पर अब भव्य भवन में मां की पूजा - अर्चना साल 2020 से की जा रही है। यहां पूजा की शुरूआत साल 2006 से हुई है,जो लगातार भक्ति और श्रद्धा के साथ की जा रही है। जमीन खरीदने के बाद मां की भव्य भवन का निर्माण किया गया। अबकी बार पूजा पंडाल दक्षिण भारतीय शिव मंदिर का प्रारूप है। इसकी लागत करीब चार लाख 86 हजार है। मूर्ति निर्माण में 85 हजार, लाइटिंग में 1.65 लाख रु खर्च आयेगी। मूर्ति का निर्माण इंदरवा,लोकाई के मूर्तिकार हैं। जबकि लाइटिंग कोडरमा का है। पूजा पूरी तरह बांग्ला पद्धति से होगी। ढाक बंगाल का है। पूजा को सफल बनाने में पूजा समिति अध्यक्ष राजकपूर सिंह, सचिव पंकज सिंह, महासचिव अरविंद सिंह, कोषाध्यक्ष सुधीर पांडेय, उपाध्यक्ष सुरेश यादव के अलावा राजू शर्मा, पवन जायसवाल, राजू तिवारी, राजेश सिंह, तुलसी राणा, मुकेश सिंह आदि सक्रिय हैं।

## मांडू के पूर्व विधायक टेकलाल महतो की पुण्यतिथि कल

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यालय में गुरुवार को झारखंड आंदोलनकारी, झारखंड के जननायक गिरिडीह के पूर्व सांसद एवं मांडू के तत्कालीन विधायक स्वर्गीय टेकलाल महतो की 14वीं पुण्यतिथि मानने को लेकर बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 27 सितंबर 2025 को 11:00 बजे विष्णुगढ़ इंटर महाविद्यालय परिसर में स्थापित टेकलाल महतो के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जायेगा, तत्पश्चात 11:30 बजे चानो एवं 12:00 बजे बीएड कॉलेज बनासो में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी जायेगी। दोपहर 2:30 बजे से बनासो बाजार टांड में स्वर्गीय टेकलाल महतो मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामिंट का फाइनल मैच में सभी कार्यकर्ता शामिल होंगे। उक्त सभी कार्यक्रमों में झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल शामिल होंगे। बैठक में मुख्य रूप से झामुमो के पूर्व जिला अध्यक्ष शंभू लाल यादव, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव चौधरी, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष उत्तम महतो, हीरामन पटेल, पूर्व विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव समेत कई अन्य लोग शामिल थे।

## दुलमी महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी कर रही है सराहनीय कार्य : सुधीर मंगलेश



रजरप्पा (आजाद सिपाही)। दुलमी प्रखंड कार्यालय सभागार में दुलमी महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की तृतीय वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह जिला प्रवक्ता एवं मीडिया चेयरमेन सुधीर मंगलेश उपस्थित रहे। साथ ही प्रमुख रेणु देवी,अंचलाधिकारी किशोरी यादव, उप प्रमुख धमर्धीर महतो, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मिथलेश कुमार समेत अन्य सम्मानित अतिथि भी उपस्थित थे।मुख्य अतिथि सुधीर मंगलेश ने अपने संबोधन में कहा कि दुलमी महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को संगठित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। कंपनी द्वारा कृषि आधारित गतिविधियों के साथ-साथ महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण का कार्य लगातार किया जा रहा है, जो निश्चय ही सराहनीय है। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने कंपनी से जुड़ी महिलाओं को प्रगति और सफलता की शुभकामनाएं दीं तथा कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में ऐसे प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायी साबित होंगे। मौके पर (एफपीओ) के राज कुमार, (जेएसएलपीएस) साबिया नाज, गणेश कुमार, रेणुका देवी, आसपति देवी, मंजू देवी, समाजसेवी बांबी कुमार,सुखेस्वर महतो तथा सैकड़ों महिला समिति की दीदियां उपस्थित रहीं।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय भाजपा के अग्रदूत थे : जगेश्वर प्रजापति



कुजू (आजाद सिपाही)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी एक भारतीय राजनीतिज्ञ, एकात्म मानववाद विचारधारा के प्रस्तावक और राजनीतिक दल भारतीय जनसंघ के नेता थे। साथ ही, भाजपा का अग्रदूत थे। उक्त बातें भाजपा ओबीसी मोर्चा के रांची महानगर प्रभारी जगेश्वर प्रजापति ने सेवा पखवाड़ा के तहत पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती के मौके पर बोंगावार में बतौर मुख्य के रूप में कही। उपाध्याय जी देश को समृद्धि की राह दिखाने वाले महापुरुष रहे। उन्होंने विकास के एक समग्र और सांस्कृतिक रूप से निहित दृष्टिकोण को दर्शाया। कहा कि उपाध्याय जी का विचार भारतीय राजनीति और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देता है। जयंती के मौके पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर मौजूद लोगों ने नमन किया। साथ ही, 21 लोगो के बीच खाद्य सामग्री व अंग वस्त्र का वितरण किया गया। मौके पर शांति देवी, भाजपा प्रखंड मंत्री डिंपल प्रजापति, वीणा देवी, मनसरी देवी, सुनीता देवी, आशा देवी, कौशल्या देवी, सुमन देवी, मुनिता कुमारी, लक्ष्मी कुमारी समेत कई शामिल रहे।

## सीसीएल के सुरक्षाकर्मियों के साथ भिड़े कोयला चुनने वाले ग्रामीण, दो घायल





रामगढ़ (आजाद सिपाही)। जिले के रजरप्पा क्षेत्र में सीसीएल के सुरक्षाकर्मी और कोयला चुनने वाले लोगों के बीच एक बार फिर भिड़ंत हुई है। इस पथराव में दो सुरक्षा अधिकारी घायल हो गये हैं। गुरुवार को कोयला चुनने गयी कुछ महिलाएं और युवकों को सीसीएल के सुरक्षाकर्मियों ने पकड़ा। उनसे कोयला छीना और इस दौरान कुछ लोगों के साथ मारपीट कर दी। इसके बाद कोयला चुनने वाले ग्रामीण भी उग्र हो गये। उन लोगों ने भी पथराव करना शुरू कर दिया। इस पथराव में सीसीएल के सुरक्षा अधिकारी आशीष झा के सिर पर चोट लगी। इसके अलावा अन्य कर्मचारी को भी चोटे आई हैं। घायल सुरक्षा अधिकारी आशीष झा एवं उनके साथी का इलाज सीसीएल हॉस्पिटल रजरप्पा में कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही रजरप्पा पुलिस मौके पर पहुंची। उन लोगों ने सीसीएल के सुरक्षा अधिकारियों को सुरक्षित कर ग्रामीणों को खदेड़ा। सीसीएल के सुरक्षा अधिकारियों के द्वारा आवेदन देने के बाद पुलिस आगे कार्रवाई करेगी।

## नशे में धुत युवक ने फल विक्रेता पर चलायी गोली, गिरफ्तार



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। शहर के अनुमंडल कार्यालय के पास गुरुवार को दिनदहाड़े नशे में धुत एक युवक ने फल विक्रेता पर गोली चला दी। फल बेच रहे व्यक्ति की किस्मत अच्छी थी की गोली उसे छूकर निकल गयी। गोली चलने की आवाज सुनते ही वहां अफरा-तफरी मच गयी। पेट्रोलिंग के दौरान पैंथर जवानों ने नशे में धुत उस युवक को पकड़ा और थाने ले आए। उस युवक की पहचान बरकाकाना ओपी क्षेत्र के घुटुवा सीसीएल कॉलोनी निवासी धीरज कुमार उर्फ मोदी पिता जागेश्वर मोदी के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक पिस्तौल और एक खोखा बरामद किया है। रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे ने बताया कि गोली चलाने वाला युवक नशे में था। उसने फल बेचने वाले से उसने जूस मंगा। इस दौरान हुई देरी की वजह से उसने अपना आपा खो दिया। इस घटना की सच्चाई तब सामने आएगी जब इलाज करा कर जूस बेचने वाला व्यक्ति थाने आएगा। पुलिस धीरज कुमार उर्फ मोदी का कुंडली खंगाल रही है। उसके पास हथियार कहां से आया? वह किसी आपराधिक गिरोह से तो ताल्लुकात नहीं रखता है? उसके बारे में पूरी तफ्तीश की जा रही है। इधर, घटना के बाद उक्त युवक को घटना स्थल ले जाकर मामले की जानकारी।

## नवरात्रि के चौथे दिन मां कूष्मांडा की हुई पूजा-अर्चना, सुख-समृद्धि की कामना



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भूरकुंडा कोयलांचल बासल, सयाल सहित आसपास के ग्रामीणें क्षेत्रों के मंडप, मंदिर व घरों में नवरात्रि महापर्व के चौथे दिन गुरूवार को श्रद्धालु भक्तों ने पूरे विधि-विधान व वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मां दुर्गा की नव शक्तियों का चौथा स्वरूप देवी भगवती कूष्मांडा की पूजा-अर्चना की। पूजा के दौरान श्रद्धालु महिला-पुरूषों ने अपने घर परिवार व क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना किए। संध्या में माता की आरती की गयी। इसके बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। पूजा के दौरान मां दुर्गा सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान होता रहा। क्षेत्र के जवाहर नगर, बिरसा चौक, ग्लास फैक्सी, थाना मैदान, रिभर साईड शास्त्री पार्क, नेहरू पार्क व गांधी पार्क, सौंदा डी, सौंदा बस्ती, सेंट्रल सौंदा, लपंगा आदि क्षेत्रों में पूजा पंडाल निर्माण का कार्य जोरशोर से चल रहा है।

# राहुल दुबे गैंग के तीन अपराधी गिरफ्तार

दो पिस्टल, सात कारतूस और तीन मोबाइल बरामद

छापेमारी दल में शामिल लोगों को किया जायेगा सम्मानित : एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता



रामगढ़। जिले के भुरकुंडा क्षेत्र में दहशत फैलाने वाले राहुल दुबे गैंग के तीन शातिर अपराधियों को रामगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से दो पिस्टल, सात जिंदा कारतूस और तीन मोबाइल बरामद हुआ है। यह जानकारी गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एसपी अजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में रांची रोड, मरार, मिश्रा टोला निवासी तुषार मिश्रा उर्फ सौम्या मिश्रा उर्फ मिश्रा, धनबाद जिले के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ा जमुआ निवासी मंगलेश कुमार उर्फ मंगलेश और हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत महुंगाई कला गांव निवासी मुकेश कुमार उर्फ मुकु शामिल है।

**कोठार के एक होटल में योजना बनाते धराये अपराधी**

एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि राहुल दुबे गैंग के सक्रिय सदस्य किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए रामगढ़ के कोठार स्थित एक होटल में रुके हुए हैं। तत्काल पुलिस ने वहां छापेमारी की तो तुषार, मंगलेश और मुकेश की गिरफ्तारी हो गयी। पकड़े गये अपराधियों से पूछताछ की गयी। दोनों घटनाओं में इस्तेमाल किये गये पिस्टल बरामद हुआ। इसके अलावा सात जिंदा कारतूस, एक पिस्तौल का मैगजीन भी पुलिस को मिला।

**कुजू के महुआ टुंगरी में भी गोली चलाने वाले थे अपराधी**

एसपी अजय कुमार ने बताया कि यह राहुल दुबे गैंग के यह अपराधी कुजू ओपी क्षेत्र के महुआ टुंगरी में भी फायरिंग करने की योजना बना रहे थे। वे लोग व्यापारियों, ठेकेदारों और काम करने वाले लोगों को फोन कर धमकाते थे और रंगदारी वसूलते थे। उन लोगों को राहुल दुबे से सीधे निर्देश मिलता था। यहां तक कि किस व्यक्ति को कब फोन करना है, यह सारे निर्देश राहुल दुबे ही उन्हें देता था।


**छापेमारी दल में शामिल लोगों को किया जायेगा सम्मानित**

एसपी अजय कुमार ने बताया कि छापेमारी दल में शामिल सभी पदाधिकारी और जवानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। साथ ही उन्हें अवार्ड भी मिलेगा।

**सेंट्रल साउंड और आरए माइनिंग साइट पर चलायी थी गोली :** एसपी ने बताया कि राहुल दुबे गैंग के इन शातिर अपराधियों ने 18 अगस्त और 29 अगस्त को दो अलग-अलग स्थानों पर गोली चलायी थी। भुरकुंडा स्थित आर ए माइनिंग के साइट पर रंगदारी मांगने और दहशत फैलाने के उद्देश्य से फायरिंग की। इसके बाद सेंट्रल सौंदा भुरकुंडा सीसीएल रेलवे साइडिंग स्थित पप्पू जैन के साइट पर दहशत फैलाने के उद्देश्य से अंधाधुंध फायरिंग की। इस घटना के बाद पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी के नेतृत्व में एसआइटी बनायी गयी थी।

छापेमारी दल में पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी, पतरातू इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता, भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता, भदानीनगर ओपी प्रभारी अख्तर अली, बरकाकाना ओपी प्रभारी उमाशंकर वर्मा, बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार, भुरकुंडा ओपी के सब इंस्पेक्टर कुणाल कुमार, रामगढ़ थाना के मंटू कुमार शर्मा, पतरातू थाना के प्रदीप कुमार रजक और टेक्निकल सेल के मो नौशाद सहित कर्मी शामिल थे।

## कुआं में गिरे दो हाथियों का वन विभाग ने किया रेस्क्यू



अंजनी कुमार

गोला (आजाद सिपाही)। गोला प्रखंड के परसाडीह गांव में बीती रात को दो हाथी दीनाराम मांझी के अधनिर्मित कूप में गिर गए। जिसमें एक हाथी का बच्चा शामिल है। हाथियों के कुंआ में गिरने की जानकारी गुरुवार की सुबह ग्रामीणों को लगी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम ने सुबह से दोनों हाथियों को निकालने के लिए रेस्क्यू शुरू किया। जेसीबी मशीन लगाकर कुंआ के किनारे किनारे नाली बनाकार मिट्टी कुंआ में डाला गया। करीब बारह बजे दोनों हाथियों को कुंआ से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। सबसे पहले बड़े हाथी को निकाला गया। इसके बाद छोटे हाथी को। दोनों हाथी जंगल की और निकल गये। वन विभाग के अनुसार बड़े हाथी का उम्र 15 वर्ष एवं छोटा का 5 वर्ष के करीब है। दोनों हाथी जंगल में विचरण करने के दौरान भटकर परसा डीह की तरफ आ गये। रात में कुंआ के बगल में उगे झड़ी का अनुमान दोनों हाथी नहीं लगा पाये। जिससे दोनों कुंआ में गिर गये। सौभाग्य से कुएं में पानी कम था, जिससे दोनों की जान को कोई खतरा नहीं हुआ और वे सुरक्षित हैं। रेस्क्यू में डीएफओ नितीश कुमार, रेंजर राकेश कुमार सिंह, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार अपने सदलबल के साथ मौजूद थे।

## अवैध विदेशी शराब बनाने की फैक्ट्री का उद्भेदन, 504 बोतल जब्त



आजाद सिपाही संवाददाता


चतरा। उत्पाद विभाग, चतरा द्वारा कटैया गांव में छापामारी कर अवैध विदेशी शराब की मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि मुन्ना साव द्वारा स्पिरिट में कृत्रिम कैरेमल और एसेंस मिलाकर नकली शराब तैयार किया जा रहा था। पुलिस की पकड़ से बचने के लिए जब्त ट्रैक्टर का उपयोग चलंत मिनी फैक्ट्री की तरह किया जा रहा था। तैयार शराब को ब्रांडेड विदेशी शराब की बोतलों में भरकर, नकली लेबल और होलोग्राम लगाकर त्योहार के दौरान बाजार में खपाने की तैयारी की जा रही थी। मुन्ना साव अपराधी प्रवृत्ति का व्यक्ति है। जिसपर पूर्व में भी कई मामले दर्ज है। उद्भेदन के दौरान बोतलबंद विदेशी शराब 504 बोतल शराब पैकिंग एवं बोतलबंद करने का उपकरण तथा एक महिंद्रा ट्रैक्टर जब्त किया गया है। इस कार्रवाई के दौरान अवैध कारोबार में संलिप्त आरोपी मौके से जंगल की ओर फरार हो गये। उनकी गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है। छापामारी दल में आशीष कुमार पांडेय अवर निरीक्षक उत्पाद, अभिषेक आनंद अवर निरीक्षक उत्पाद, उत्पाद आरक्षी दल, गृहरक्षक बल, महिला गृह रक्षक समेत अन्य संबंधित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने दुगार्पूजा पंडालों का किया निरीक्षण



चतरा (आजाद सिपाही)। दुगार्पूजा पंडालों को लेकर उपायुक्त कीर्तिश्री जी एवं पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने संयुक्त रूप से चतरा नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने आयोजकों से पूजा पंडालों की तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली तथा सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन एवं अग्नि सुरक्षा उपायों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आवश्यक निर्देश दिया। इस अवसर पर पूजा समितियों के पदाधिकारियों को भी निर्देश दिया गया कि प्रशासन के साथ समन्वय बनाए रखें और शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में पूजा का आयोजन करें। जिला प्रशासन द्वारा आश्वस्त किया गया कि दुर्गापूजा के दौरान व्यापक सुरक्षा प्रबंधन एवं सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेगी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## भाजपाइयों ने पं दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनायी




चतरा (आजाद सिपाही)। भाजपा जिला कार्यालय में गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजयुमो के पूर्व प्रदेशअध्यक्ष बिरंची नारायण तथा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक शर्मा समेत अन्य नेताओं ने पंडित उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष सुजीत जायसवाल तथा मंच संचालन जिला महामंत्री डॉ मृत्युंजय सिंह ने किया। मुख्य अतिथि बिरंची नारायण ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा की पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर 1916 को मथुरा जिले के नगला चंद्रभान गांव में हुआ था। उनके पिता का नाम भगवती प्रसाद उपाध्याय और माता का नाम रामप्यारी था। उनके पिता रेलवे में सहायक स्टेशन मास्टर थे और माता धार्मिक प्रवृत्ति की थीं। दीनदयाल 3 वर्ष के भी नहीं हुए थे, कि उनके पिता का देहांत हो गया और उनके 7 वर्ष की उम्र में मां रामप्यारी का भी निधन हो गया था। अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संपर्क में आएं, आजीवन संघ के प्रचारक रहे। 21 अक्टूबर 1951 को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की अध्यक्षता में 'भारतीय जनसंघ' की स्थापना हुई। अंत्योदय का नारा देने वाले दीनदयाल उपाध्याय का कहना था कि अगर हम एकता चाहते हैं, तो हमें भारतीय राष्ट्रवाद को समझना होगा, जो हिंदू राष्ट्रवाद है और भारतीय संस्कृति हिन्दू संस्कृति है। बिरंची नारायण ने उनके जीवन का कई रोचक प्रसंग भी सुनाया।

## घंटों वार्ता के बाद कोल उत्पादन की सहमति बनी

टंडवा (आजाद सिपाही)। आम्रपाली परियोजना के कुमरांग खुर्द के गोसाई स्थान में परियोजना के पांच गांव के साथ दो दिन किए गए आंदोलन के बाद गुरुवार को त्रि-पक्षीय वार्ता आयोजित की गयी। इसमें बिंगलात, उड़सू, होन्हे, कुमरांग खुर्द, कुमरांग कला के विस्थापित रैयत शामिल हुए। इस वार्ता में सीसीएल सांसद प्रतिनिधि प्रेम विकास उर्फ मंटू सिंह, आम्रपाली चंद्रगुप्त जीएम अमरेश कुमार सिंह, पीओ मो अकरम, ठेका कंपनी बीएलए संतोष सिंह सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे। गहमाम गहमी दिन भर की बैठक और बिन्दुसार समस्याओं पर चर्चा के बाद अहम निर्णय ली गई है। वार्ता के बाद कोल उत्पादन की सहमति बनी, 650 वर्कर को कोल उत्पादन और ओबी उत्पादन करने वाले कंपनियों में समायोजित कर लिया गया है।जीएम अमरेश कुमार के नेतृत्व में यह वार्ता संपन्न हुई। इस मौके पर विजय साहू, इंद्र साहू, बद्री साहू,संजीत यादव, हुलास यादव, उमेश यादव, अजय देव नारायण,अमलेश सिंह, अरविंद सिंह, सूरज उरांव, शीतली देवी, मुखिया सरिता देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## रामगढ़ में महिला से चेन की छिनतई

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। एक बार फिर शहर में छिनतई गिरोह सक्रिय हो गया है। एक के बाद एक छिनतई की घटना को अंजाम देकर आसानी से फरार हो जा रहे है। गुरुवार को शहर के ब्लॉक ऑफिस के निकट बिरसा कॉलोनी में छिनतई को घटना घटी। इस संबंध में भुक्तभोगी अन्नपूर्णा देवी ने बताया कि मैं मंदिर से पूजा कर घर आ रही थी। इसी दौरान स्टेप स्कूल के पास पहुंची तो बाइक सवार दो युवक मेरे सामने आए और गले में झटका मार कर सोने का चेन छीन कर फरार हो गये।


**पूर्व मध्य रेल**

**सूचना**

सूचना संख्या सी 717/ओ/हॉल्ट/25 दिनांकः– 24.09.2025 धनबाद मंडल के अंतर्गत (1) चियांकी (2) चेगरो (3) कर्माबाद (4) गरिया बिहार (5) यदुग्राम (6) बसकटवा (7) नाथगंज (8) लाराबाद (9) लालबाग (10) हुन्दुर एवं (11) झाझीटोली हॉल्ट स्टेशन में रेल प्रशासन द्वारा निर्धारित पांच (5) साल के लिए कमीशन के आधार पर रेलवे टिकट बिक्री के लिए हॉल्ट ठीकेदार की नियुक्ति हेतु बंद लिफाके में आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। विस्तृत नीचे दिया गया है:–

**1. मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, धनबाद के कार्यालय में आवेदन जमा करने की समय एवं तिथि :** आवेदन दिनांक 26.09.2025 से 17.10.2025 को 16:00 बजे तक कार्यावधि में हाथों-हाथ अथवा निबंधित डाक द्वारा पहुँच जाना चाहिए। दिनांक 17.10.2025 को 16:00 बजे के बाद कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जायेंगे। आवेदन निर्धारित समय के बाद प्राप्त आवेदन पर रेल प्रशासन विचार नहीं करेगा। अप्राप्त पत्र या देर से प्राप्त आवेदनों जो डाक द्वारा भेजे गये हैं उसके लिए रेल प्रशासन जिम्मेवार नहीं होगा। आवेदन उसी दिन दिनांक 17.10.2025 को 16:30 बजे खोले जायेंगे। **2. वेबसाइट का विवरण एवं नोटिस बोर्ड पर लगाए जाने का स्थान : www.ecr.indianrailways.gov.in,** & एवं वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, धनबाद के कार्यालय एवं संबंधित सेवित स्टेशन तथा हाल्ट स्टेशन के सूचना नोटिस बोर्ड पट्ट पर।

उपरोक्त आवेदन का विस्तृत जानकारी नियम एवं शर्तें वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, धनबाद के कार्यालय तथा सेवित स्टेशन प्रबंधक/ वाणिज्य पर्यवेक्षक से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। **टिप्पणी:** 1) इस अधिसूचना के आलोक में प्राप्त सभी अथवा किसी आवेदन/अधिसूचना को बिना कारण बताए रद्द करने का अधिकार रेल प्रशासन के पास सुरक्षित है।

**मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)**
**पूर्व मध्य रेल/धनबाद**

पीआर/1028/डीएचएन/वा०/एन/25–26/52


टंडवा। थाना क्षेत्र के राहम गांव में गुरुवार को आकाशीय बिजली गिरने से तीन युवक चपेट में आ गए।जानकारी के अनुसार तीन में से एक कृष्णा कुमार यादव की मौत हो गयी। वहीं दूसरा युवक सुनील कुमार यादव गंभीर हालत में हजारीबाग रेफर कर दिया गया।


**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं.38-KUR-TRD-OT-2025-26

**कार्य का नाम :** खोरधा रोड मण्डल में RDSO रख-रखाव निर्देशावली सं.TI/MI/0059 Rev-2 के अनुसार OHE स्ट्रक्चर पर मंकी एंटी क्लाइंबिंग डिवाइस (Monkey Anit Climbing Device) का प्रावधान।

**विज्ञापित मूल्य (रुपये में) :** 95,00,321.60, EMD (रुपये में) : 1,90,000/-, पूरा होने की अवधि : 180 दिन।

बिड प्रारंभ होने की तिथि: दिनांक 26.09.2025, **निविदा बंद होने की तिथि व समय:** दिनांक 10.10.2025 को 1300 बजे।

ऐसी निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है एवं इस तरह प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जायेगा। ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण विस्तृत विवरण वेबसाइट www. ireps.gov.in में उपलब्ध है।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (TRD)/ खोरधा रोड

PR-630/Q/25-26



**शपथ पत्र**

शपथ पत्र के अनुसार क्रम संख्या: 25 दिनांक - 20/09/2025 मैं, संतोष कुमार यादव पिता, हरजु महतो , उम्र करीब 43 वर्ष, धर्म हिन्दू, राष्ट्रीयता - भारतीय निवास, ग्राम -कुण्डीधनवार , पो.- मसमोहना, थाना - नवलशाही, जिला - कोडरमा, राज्य -झारखंड, शपथ पूर्वक बयान करता हूँ कि :-
1. यह कि मै उपरोक्त पते का स्थायी निवासी है । मेरा आधार नम्बर 9074 9499 2069 है ।
2. यह कि मेरा पुत्र का नाम एस एस आर्यन है जिसका आधार नम्बर 3993 6383 6659 है तथा जन्मतिथि 01. 01.2011 ई. है । 3. यह कि मेरा पुत्र ग्रिजली विद्यालय तिलैया डैम मे शिक्षा अध्ययन कर रहा है ।
4. यह कि विद्यालय पंजीकरण मे एवं विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र में जो पुराने विद्यालय से निर्गत हुआ है जिसमे सिर्फ मेरा पुत्र का नाम आर्यन कुमार दर्ज है । मै विद्यालय के सभी कागजात में अपना पुत्र का नाम एस एस आर्यन दर्ज करवाना चाहता हूँ।
5. यह कि मेरा पुत्र का नाम आर्यन कुमार उर्फ एस एस आर्यन है यह दोनो नाम से मेरा पुत्र जाने व पहचाने जाते है जो सही है ।



**AFFIDAVIT**

As Per Affidavit Ref. No.: 79599, Dated: 13/08/2025. I Anand Narayan Saw s/o late Laldhari Saw, aged about 62 year by faith - hindu by nationality - indian, r/o village -sankul, post -patratu p.s - patratu dist-ramagarh, jharkhand do hereby solemnly affirm and declare as follow 1. That my actual and correct name is Anant Narayan Saw which is maintain in my Aadhar Card bring no. 289365267541.
2. that I and my wife Guni Devi are joint account holders of Bank of India patratu Branch bearing joint a/c no. 481510100007779 where my name has been maintain as Ananta Narayan saw.3- Anant Narayan Saw and Ananta Narayan Saw both are names of same and single lady i.e my self 4. that I sworn this affidavit to rectify and mention my correct name Anant Narayan saw in place of Ananta Narayan Saw in our aforesaid joint bank account. 5. that this affidavit feet is required for knowledge of bank authority concern for doing needful propose.6 that the above statements are true and correct.



**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

**क्र.सं. 01,** ई–निविदा सं.: 181-DHN-2025-26,कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा.अभियंता/पू. म. रेल /बरकाकाना के अधीन बरकाकाना सब–डिवीजन की जोन सं. 23 में सामान्य, लकड़ी और पाइप एवं सेनेटरी कार्य के लिए जोनल संविदा (30.06.2026), कार्य की लगभग लागत (रु. में) : ₹26,00,000/–

**क्र.सं. 02,** ई–निविदा सं.: 182-DHN-2025-26,कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा.अभि./पू. म. रेल /बरकाकाना के अधीन बरकाकाना सब–डिवीजन की जोन सं. 39 में सामान्य, लकड़ी और पाइप एवं सेनेटरी कार्य के लिए जोनल संविदा (30.06.2026), कार्य की लगभग लागत (रु. में) : ₹30,00,000/–

**क्र.सं. 03,** ई–निविदा सं.: 183-DHN-2025-26,कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सी एण्ड डब्लयु माइनर डिपो फुसरो में बुनियादी सुविधाओं का सुधार, 12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रु. में) : ₹71,68,542.85/–

**क्र.सं. 04,** ई–निविदा सं.: 184-DHN-2025-26,कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा. मं. अभि. /लातेहार के अधीन चेतर से कुमुण्डी तक में स्ट्रक्चर, रिसाव इत्यादि से जुड़े विवादों का निपटारा हेतू पुराने स्टाफ क्वार्टरों का विशेष मरम्मत एवं अन्य सहायक कार्य, 06 (छः) महीना, कार्य की लगभग लागत (रु. में) : ₹34,99,831.25

**क्र.सं. 05,** ई–निविदा सं.: 185-DHN-2025-26,कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा. अभि./पू. म. रेल/लातेहार और सहा. अभि/पू. म. रेल/ डाल्टनगंज के अधीन लातेहार तथा डाल्टनगंज सब–डिविजन की जोन सं. 28 में पुल कार्य के लिए जोनल संविदा (30.06.2026), कार्य की लगभग लागत (रु. में) : ₹21,00,000/–

**क्र.सं. 06,** ई–निविदा सं.: 186-DHN-2025-26,कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा. अभि./पू. म. रेल/लातेहार अधीन लातेहार सब–डिविजन की जोन सं. 25 में सामान्य, पाइप एवं सेनेटरी, लकड़ी और सड़क कार्य के लिए जोनल संविदा (30.06.2026), कार्य की लगभग लागत (रु. में) : ₹35,00,000/–

**क्र.सं. 07,** ई–निविदा सं.: 187-DHN-2025-26,कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा. अभि./पू. म. रेल/डाल्टनगंज के अधीन डाल्टनगंज सब–डिविजन की जोन सं. 40 में सामान्य, लकड़ी, पाइन एवं सेनेटरी और सड़क कार्य के लिए जोनल संविदा (30.06.2026), कार्य की लगभग लागत (रु. में) : ₹40,00,000/–

**क्र.सं. 08,** ई–निविदा सं.: 188-DHN-2025-26,कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा. अभियंता (1)/पू. म. रेल/धनबाद के अधीन धनबाद सब–डिविजन की जोन सं. 07 में सड़क कार्य के लिए जोनल संविदा (30.06.2026), कार्य की लगभग लागत (रु. में) : ₹29,00,000/–

**क्र.सं. 09,** ई–निविदा सं.: 189-DHN-2025-26,कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा. अभियंता (2)/पू. म. रेल/धनबाद के अधीन धनबाद सब–डिविजन की जोन सं. 07 (A) में सड़क कार्य के लिए जोनल संविदा (30.06.2026), कार्य की लगभग लागत (रु. में) : ₹29,00,000/–

**क्र.सं. 10,** ई–निविदा सं.: 190-DHN-2025-26,कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा. अभियंता (1)/पू. म. रेल/धनबाद के अधीन धनबाद में डी.आर.एम. भवन में टीआरडी नियंत्रण का मरम्मत एवं नवीनीकरण, 03 (तीन) महीना, कार्य की लगभग लागत (रु. में) : ₹11,79,349.57

**क्र.सं. 11,** ई–निविदा सं.: 191-DHN-2025-26,कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा. मं. अभि. /1/गोमो के अधीन नार्थ एवं साउथ साइड गोमो में कॉलनी सड़क का मरम्म्त, 06 (छः) महीना, कार्य की लगभग लागत (रु. में) : ₹64,99,383.85/–

**क्र.सं. 12,** ई–निविदा सं.: 192-DHN-2025-26,कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : व. अनु. अभि. (ब्रिज लाइन)/डाल्टनगंज के अधीन पुल संख्या 334UP, 334DN, 315UP, 315DN, 310UP, 310DN, 278UP, 278DN, 246UP, 246DN, 240UP, 240DN, 231UP, 231DN, 210UP, 199UP, 199DN, 4, 17, 65, 78, 79, 88, 95, 111, 130, 148, 159, 264, 281, 312, 314, 327, 346, 360, 361 और 362 पर निरीक्षण सीढ़ी एवं निरीक्षण प्लेटफार्म का प्रावधान, 12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रु. में) : ₹1,17,37,890.16

**क्र.सं. 13,** ई–निविदा सं.: 193-DHN-2025-26,कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : व. सहा. अभियंता /पू. म. रेल/चोपन के अधीन चोपन सब–डिविजन के जोन सं. 31 में सामान्य, पाइन एवं सेनेटरी और लकड़ी कार्य के लिए जोनल संविदा। (30.06.2026) कार्य की लगभग लागत (रु. में) : ₹50,00,000/–

**क्र.सं. 14,** ई–निविदा सं.: 194-DHN-2025-26,कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा. अभियंता /पू. म. रेल/ रेणुकुट और व. सहा. अभि/पू. म. रेल/चोपन के अधीन रेणुकुट तथा चोपन सब–डिविजन के जोन सं. 34 में पुल कार्य के लिए जोनल संविदा। (30.06.2026) कार्य की लगभग लागत (रु. में) : ₹21,00,000/–

**क्र.सं. 15,** ई–निविदा सं.: 195-DHN-2025-26,कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : धनबाद मंडल के अधीन चोपन (CPU) में मल्टी सेक्शन डिजीटल एक्सल कांउटर (एमएसडीएसी) का प्रावधान, 06 (छः) महीना। कार्य की लगभग लागत (रु. में) : ₹33,63,139.79

**क्र.सं. 16,** ई–निविदा सं.: 196-DHN-2025-26,कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :गढ़वा रोड (GHD)–चोपन (CPU) सेक्शन में धनबाद मंडल एवं रोड सतह में विभिन्न समपार फाटकों पर स्टैण्डर्ड हाईट गेज एवं सुरक्षा बोर्ड का प्रावधान, 06 (छः) महीना। कार्य की लगभग लागत (रु. में) : ₹28,43,525.11/–

**क्र.सं. 17,** ई–निविदा सं.: 197-DHN-2025-26,कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : व. अनु. अभि. (रेल पथ)/कोडरमा के क्षेत्राधिकार अधीन कोडरमा–कठौतिया (किमी. 48.6 तक) सेक्शन में ट्रैक अनुरक्षण कार्य जैसेकि ड्रेसिंग, बॉक्सिंग, लिफ्टिंग, पैकिंग, शैलो स्क्रीनिंग एवं अन्य विभिन्न रेल पथ कार्य, 12 (बारह) महीना। कार्य की लगभग लागत (रु. में) : ₹1,20,21,833.01

**क्र.सं. 18,** ई–निविदा सं.: 198-DHN-2025-26,कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : व. अनु. अभि. (रेल पथ)/हजारीबाग टाउन के क्षेत्राधिकार अधीन कठौतिया (किमी. 48.6 तक) अरिगडा तक सेक्शन में ट्रैक अनुरक्षण कार्य जैसेकि ड्रेसिंग, बॉक्सिंग, लिफ्टिंग, पैकिंग, शैलो स्क्रीनिंग एवं अन्य विभिन्न रेल पथ कार्य, 12 (बारह) महीना। कार्य की लगभग लागत (रु. में) : ₹1,23,02,471.59

**क्र.सं. 19,** ई–निविदा सं.: 199-DHN-2025-26,कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : व. अनु. अभि. (रेल पथ)/कोडरमा के क्षेत्राधिकार अधीन कोडरमा–महेशमुंडा सेक्शन में ट्रैक अनुरक्षण कार्य जैसकि ड्रेसिंग, बॉक्सिंग, लिफ्टिंग, पैकिंग, शैलो स्क्रीनिंग एवं अन्य विभिन्न रेल पथ कार्य, 12 (बारह) महीना। कार्य की लगभग लागत (रु. में) : ₹1,21,44,923.90

ब्याने की राशि (रु. में) : ब्याने की राशि http:// www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू। निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय : ई–निविदा बंद होने की तारीख 16.10.2025 को 12:00 बजे तक। ई–निविदा खुलने की तारीख 16.10.2025 को 12:30 बजे से। वेबसाइट का विवरण : http://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/ पूमरे/धनबाद

पीआर/1023/डीएचएन/अभि./टी/25–26/192

# लेह-लद्दाख में हिंसक प्रदर्शन

पूर्ण राज्य का दर्जा और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर लद्दाख में चल रहा प्रदर्शन हिंसक हो गया। सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की अगुआई में लंबे वक्त से यह मांग है और इसे लेकर केंद्र से कई दौर की बातचीत भी हो चुकी है। लेकिन, इस दौरान हिंसा का हो जाना चिंताजनक है।

**सब्र टूट रहा :** सरकार ने अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 और 35अ के प्रावधान हटाने के साथ ही जम्मू-कश्मीर से अलग कर लद्दाख को केंद्र शासित राज्य बनाया था, तब सरकार ने वादा किया था कि हालात सामान्य होते ही पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल कर दिया जायेगा। ऐसा लगता है कि 6 साल बाद लोगों का भरोसा और सब्र डगमगाने लगा है।

**लंबा आंदोलन :** सोनम वांगचुक इस मुद्दे पर कई महीनों से आंदोलन कर रहे हैं। पिछले साल मार्च में वह 21 दिनों के आमरण अनशन पर बैठै थे, फिर दिल्ली तक पदयात्रा निकाली। इस समय भी उन्होंने 15 दिनों का अनशन शुरू किया था, लेकिन एक दिन पहले दो लोगों की तबीयत बिगड़ी और हालात काबू से बाहर हो गये। लेह में हुए प्रदर्शन को जेन-जेड का आंदोलन कहा जा रहा है। कुछ दिनों पहले यही पीढ़ी नेपाल में सत्ता बदल चुकी है। लेकिन, नेपाल और लद्दाख की तुलना नहीं की जा सकती। और न ही हिंसा को किसी भी तरह जायज ठहराया जा सकता है। सोनम वांगचुक का पूरा आंदोलन अहिंसक रहा है। सरकार से मतभेद होने के बावजूद उन्होंने बातचीत का रास्ता नहीं छोड़ा। उनके समर्थन में खड़े युवाओं को भी इसी व्यवहार का पालन करना चाहिए। हिंसा से समस्या और जटिल हो जायेगी। समाधान क्या हो सकता है, इसके लिए लद्दाख के लोगों की चिंता पर संवेदनशीलता से विचार करने की जरूरत है। उनमें यह डर है कि अगर शासन उनके हाथ में न रहा तो प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन होगा। छठी अनुसूची स्वायत्त और स्वशासन के कुछ विशेष अधिकार देती है। असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम के जनजातीय क्षेत्र इस सूची के तहत सुरक्षित हैं।

**केंद्र सरकार और आंदोलन में शामिल लेह एपेक्स बॉडी व कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के बीच 6 अक्टूबर को बातचीत प्रस्तावित है। इस हिंसा की छाया वार्ता पर नहीं पड़नी चाहिए। लोगों में यह विश्वास पैदा करना जरूरी है कि फैसलों में लद्दाख के हितों का ख्याल रखा जायेगा।**

**बातचीत जारी रहे :** केंद्र सरकार और आंदोलन में शामिल लेह एपेक्स बॉडी व कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के बीच 6 अक्टूबर को बातचीत प्रस्तावित है। इस हिंसा की छाया वार्ता पर नहीं पड़नी चाहिए। लोगों में यह विश्वास पैदा करना जरूरी है कि फैसलों में लद्दाख के हितों का ख्याल रखा जायेगा। इसका सबसे बेहतर तरीका है पारदर्शिता। वहीं, जनता को भी समझना होगा कि सरकार के लिए हर मांग मानना और तुरंत मानना संभव नहीं होता।

अभिमत
आजाद सिपाही

**हर साल 25 सितंबर को पूरी दुनिया विश्व फेफड़ा दिवस मनाती है। ये दिन हमें याद दिलाता है कि हमारे फेफड़े कितने अहम हैं और प्रदूषण, धूम्रपान और बदलते मौसम की मार से ये कितने जल्दी कमजोर हो सकते हैं। बता दें कि इस साल यानी साल 2025 का थीम "Healthy Lungs, Healthy Life" है, जो इस समय भारत के लिए बहुत खास है, क्योंकि देश की हवा लगातार खराब होती जा रही है और लाखों लोग हर दिन जहरीली हवा में सांस ले रहे हैं।**

# प्रदूषण से फेफड़े हो रहे कमजोर

**प्रणय तिवारी**



हर साल 25 सितंबर को विश्व फेफड़ा दिवस (World Lung Day 2025) मनाया जाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि हमारे फेफड़े कितने अहम हैं और प्रदूषण, धूम्रपान और खराब हवा उनके लिए कितना खतरनाक है, तो चलिए जानते हैं कि इस दिन दिन का महत्व और हम अपने फेफड़ों को प्रदूषित हवा में किस तरह बचा सकते हैं.

हर साल 25 सितंबर को पूरी दुनिया विश्व फेफड़ा दिवस मनाती है। ये दिन हमें याद दिलाता है कि हमारे फेफड़े कितने अहम हैं और प्रदूषण, धूम्रपान और बदलते मौसम की मार से ये कितने जल्दी कमजोर हो सकते हैं। बता दें कि इस साल यानी साल 2025 का थीम "Healthy Lungs, Healthy Life" है, जो इस समय भारत के लिए बहुत खास है, क्योंकि देश की हवा लगातार खराब होती जा रही है और लाखों लोग हर दिन जहरीली हवा में सांस ले रहे हैं। हाल ही में Lancet Planetary Health की एक स्टडी (2024) ने पुष्टि की है कि पीएम 2.5 यानी सूक्ष्म धूलकण सीधे मानव शरीर के फेफड़ों और ब्लडस्ट्रीम में घुस कर लंबे समय तक नुकसान कर सकते हैं। इसका असर सिर्फ स्वास्थ्य पर ही नहीं, बल्कि उम्र पर भी पड़ता है। पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ पीपी बोस, जो सांस फाउंडेशन भी चलाते हैं, उनका कहना है, दिल्ली में रहना ऐसा है, जैसे गैस चेंबर में रहना। रिपोर्ट्स कहती है कि इस जहरीली हवा में रहने से आपकी उम्र 8 साल तक घट सकती है। ये हवा लगातार फेफड़ों पर हमला करती है - खांसी, अस्थमा और कई बार अनहोनी नुकसान भी कर सकती है।

**घर के अंदर के वायु प्रदूषण में बाहरी वायु प्रदूषण का महत्वपूर्ण योगदान है।**

**क्या है बचाव :** डॉ बोस के अनुसार फेफड़ों की सुरक्षा के लिए 3 काम सबसे जरूरी हैं: अगर बाहर जाना है, तो एन-95 मास्क पहनें। घर में एयर प्यूरीफायर का इस्तेमाल करें। एयर क्वालिटी इंडेक्स चेक करते रहें और अगर हवा बहुत खराब हो तो बाहर न जायें।

उनका साफ कहना है कि फेफड़े अनमोल हैं इन्हें बचाने के लिए छोटे-छोटे कदम ही काफी हैं। असल में समस्या यह है कि लोग फेफड़ों की सेहत की चिंता सिर्फ तभी करते हैं, जब एक्यूआइ खतरनाक दिखाता है या स्मॉग की खबरें छपती हैं, लेकिन फेफड़ों की देखभाल कोई मौसमी काम नहीं है। ये रोजमर्रा की आदत बनानी चाहिए, उसी तरह जैसे कि दांत साफ करना या हाथ धोना।

**जागरूकता बढ़ाना जरूरी :** पल्मोरिहैब केयर के फाउंडर-डायरेक्टर डॉ सिद्धांत दत्ता का मानना है कि सांस संबंधी सेहत और लाइफस्टाइल के बारे में लोगों को अधिक से अधिक जानकारी देना ही इस गैप को कम करने का सबसे असरदार तरीका है। अगर कोई क्रॉनिक रेस्पिरेटरी डिजीज से जूझ रहा है, तो वह अपने लाइफस्टाइल में सही एक्सरसाइज, शिक्षा और बिहेव में बदलाव लाकर अपनी सेहत को बेहतर कर सकता है।

डॉ दत्ता के मुताबिक अगर हम सांस लेने की एक्सरसाइज करें, धूम्रपान छोड़ दें और घर में सही वेंटिलेशन का ध्यान रखें, तो फेफड़ों को प्रदूषण से बचाने में काफी सफल हो सकते हैं।

**विश्व फेफड़ा दिवस का महत्व :** वर्ल्ड लंग डे सिर्फ प्रदूषण या तंबाकू छोड़ने की चेतावनी देना भर नहीं, ये दिन हमें यह याद दिलाता है कि फेफड़ों के बिना हमारा जीवन संभव नहीं है और हमें इनकी देखभाल करना कितना जरूरी है. संतुलित आहार लेना, एक्टिव रहना, जरूरत पड़ने पर मास्क पहनना, धूम्रपान से बचना और समय-समय पर चेकअप कराना कोई विकल्प नहीं, बल्कि लंबी और स्वस्थ जिंदगी में इनवेस्टमेंट है. तो इस 25 सितंबर, आइए याद रखें कि स्वस्थ फेफड़े कोई लक्जरी नहीं, बल्कि जीवन की जरूरत हैं।

**वायु प्रदूषण से समस्याएं :** वायु प्रदूषण से कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं। वायु प्रदूषण फेफड़ों के कामकाज को प्रभावित कर सकता है, अस्थमा और क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज को बढ़ा सकता है और श्वसन तंत्र के संक्रमण और फेफड़ों के कैंसर का खतरा बढ़ा सकता है। वायु प्रदूषण से दिल के दौरे का खतरा भी बढ़ता है, इससे कोरोनरी धमनी रोग और आघात होता है। ज्यादा ट्रैफि क वाले इलाकों में रहने वाले लोगों में वायु प्रदूषण-संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम ज्यादा होता है।

घर के अंदर के वायु प्रदूषण में बाहरी वायु प्रदूषण का महत्वपूर्ण योगदान है। इसके अलावा, घर के अंदर वायु प्रदूषण के स्रोतों में तंबाकू का धुआं, घर के अंदर खाना पकाना (गैस स्टोव सहित), निर्माण और नवीकरण शामिल हैं। खाना पकाने और गर्म करने के लिए बायोमास ईंधन (उदाहरण के लिए, लकड़ी, पशु अपशिष्ट, फसल) जलाना उन देशों में प्रदूषण का एक महत्वपूर्ण स्रोत है, जो बायोमास वाले ईंधन पर निर्भर हैं।

अमेरिका पर्यावरण संरक्षण एजेंसी स्वच्छ वायु अधिनियम में मानदंड वायु प्रदूषकों के रूप में स्थापित नाइट्रोजन, ओजोन, सल्फर के ऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड, सीसा और कणों के ऑक्साइड के लिए वायु गुणवत्ता मानक निर्धारित करती है। ओजोन, जो स्मॉग का प्रमुख घटक है, श्वसन तंत्र का तेज इरिटेंट और ऑक्सीडेंट है। ओजोन लेवल गर्मियों में और देर सुबह और दोपहर के समय सबसे ज्यादा होते हैं। थोड़े समय तक संपर्क में रहने से सांस लेने में परेशानी, छाती में दर्द और वायुमार्ग की हाइपररिएक्टिविटी हो सकती है। जो बच्चे ज्यादा ओजोन प्रदूषण वाले दिनों में बाहरी गतिविधियों में हिस्सा लेते हैं, उन्हें अस्थमा होने की संभावना ज्यादा होती है।

सल्फर के ऑक्साइड जीवाश्म ईंधन के जलने से पैदा होते हैं। सल्फर ऑक्साइड वायुमार्ग में सूजन पैदा कर सकता है, जिससे शायद क्रोनिक ब्रोंकाइटिस का खतरा बढ़ सकता है और इसके साथ ही वायुमार्ग भी सिकुड़ सकता है। नाइट्रोजन के ऑक्साइड मुख्य रूप से वाहन उत्सर्जन से बनते हैं और वायुमार्ग में समस्या पैदा कर सकते हैं और अस्थमा का कारण बन सकते हैं।

कार्बन मोनोऑक्साइड जीवाश्म ईंधन के अधूरे दहन का एक उत्पाद है और हीमोग्लोबिन, लाल रक्त कोशिकाओं में ऑक्सीजन का परिवहन करने वाले प्रोटीन से जुड़कर ऊतकों तक पहुंचाने में बाधा डालता है। बाहर कार्बन मोनोऑक्साइड के बहुत ज्यादा लेवल होने की संभावना नहीं है। मोटर वाहन गैसोलीन से सीसा हटाने के साथ, अमेरिका में हवा में सीसा का लेवल काफी कम हो गया है।

कणीय वायु प्रदूषण हवा में पाये जाने वाले ठोस कणों और तरल बूंदों का एक जटिल मिश्रण है। कण विभिन्न स्रोतों (डीजल निकास, धुएं के ढेर और निर्माण सहित) से पैदा हो सकते हैं और इनमें स्थानीय और शरीर-व्यापी (सिस्टेमिक) सूजन प्रभाव दोनों होते हैं। जंगल की आग का धुआं, कणीय वायु प्रदूषण का एक और महत्वपूर्ण स्रोत, आग के स्रोत से सैकड़ों मील दूर लोगों को प्रभावित कर सकता है। कण वाला वायु प्रदूषण सभी कारणों से मृत्यु दर को बढ़ाता है, विशेष रूप से हृदय और फेफड़ों के विकार पैदा करता है।

## कोल्हान की खबरें

# टाटानगर से 48 श्रद्धालुओं का जत्था वैष्णो देवी यात्रा पर रवाना



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। मां वैष्णवी सेवा संघ टाटानगर का 48 सदस्यीय दल राकेश झा के नेतृत्व में माता वैष्णो देवी की यात्रा के लिए टाटानगर स्टेशन से रवाना हुए।यात्रा में राकेश झा, भुवनेश पारिख,विकास राय, अजीत सिंह, अविनाश सिंह, सौरव साहू, रंजन कुमार आदित्य, उत्तम, अभिषेक कुमार एवं अरुणेश सिंह सपरिवार शामिल रहे। मौके पर झामुमो के केंद्रीय प्रबक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल सारंगी, सवर्ण महासंघ फाउंडेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष धनुर्धर त्रिपाठी ने 'जय माता दी' का ध्वज दिखाकर जत्थे को विदा किया। इस अवसर पर सैल्यूट तिरंगा के प्रदेश अध्यक्ष रविशंकर तिवारी, शशि शेखर तिवारी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# टाटानगर रेल अस्पताल में सुधार की मांग, कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय रेलवे अनुसूचित जाति/जनजाति रेल कर्मचारी संघ टाटानगर शाखा ने द.पू. रेलवे के प्रधान मुख्य चिकित्सा निर्देशक को ज्ञापन सौंप कर टाटानगर उपमंडल रेल अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्था में सुधार के लिए मांग की। गुरुवार को संघ ने जानकारी देते हुए कहा टाटानगर अस्पताल में 17,000 से अधिक युएमएमआइडी कार्डधारक पंजीकृत हैं। लेकिन डॉक्टरों की संख्या केवल 9 है।जबकि चक्रधरपुर मंडल अस्पताल में 13,700 मरीजों के लिए 17 डॉक्टर कार्यरत हैं। संघ ने डॉक्टरों के पदों में वृद्धि,विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं कार्डियोलॉजी, इएनटी, न्यूरो, गायनी, पीडियाट्रिक उपलब्ध कराने, रेफरल अस्पतालों में सीजीएचएस दर पर सुविधाएं देने, टीएमएच समेत अन्य अस्पतालों से रेफरल की सुविधा सुनिश्चित करने,आईसीयु,ओटी, लैब,सिटी स्कैन,एमआरआई जैसे उपकरणों की व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग की।साथ ही इसके अतिरिक्त मरीजों से अनुचित व्यवहार और बिना उचित जांच के दवा लिखने को लेकर एक महिला डॉक्टर को हटाने की भी मांग की। संघ ने कहा वर्तमान चिकित्सा व्यवस्था में सुधार न होने से रेलकर्मियों और उनके परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## 18 गांवों के स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्र में स्वच्छता किट का किया वितरण

# स्वच्छ वातावरण बच्चों के समग्र विकास के लिए बहुत जरूरी है : अनिल कुमार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुवा।** गुवा अयस्क खान के सीएसआर विभाग ने स्वच्छता और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 18 गांवों के स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों मे स्वच्छता किट का वितरण किया।उप महाप्रबंधक अनिल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस अभियान में डस्टबिन, बाल्टी, झाड़ू, हार्पिक, फिनोल, मग, तौलिए, डस्टर, हैंडवॉश लिक्विड एवं डिस्पेंसर आदि सामग्री प्रदान की गयी। इस मौके पर अनिल कुमार ने बताया स्वच्छ वातावरण बच्चों के समग्र विकास के लिए जरूरी है। ग्रामीणों और शिक्षकों ने इस पहल की सराहना की और इसे समाज के प्रति कंपनी की सकारात्मक सोच का प्रतीक बताया।




# शिल्पा राव को 71वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड में बेस्ट प्लेबैक सिंगर का सम्मान मिलना गर्व का क्षण : सुधीर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** लौहनगरी की बेटी शिल्पा राव को 71वें नेशनल फि ल्म अवॉर्ड्स में बेस्ट प्लेबैक सिंगर का सम्मान मिलने पर पूरे जमशेदपुर और झारखंड के लिए गर्व का क्षण है। गुरुवार को अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने कहा शिल्पा ने साबित कर दिया सच्चा परिश्रम, लगन और जुनून इंसान को नयी ऊंचाइयों तक पहुंचा सकती है। उन्होंने कहा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों सम्मानित होना न सिर्फ. उनका व्यक्तिगत उपलब्धि बल्कि यह जमशेदपुर और पूरे देश का मान बढ़ाने वाली उपलब्धि है। उन्होंने शिल्पा को हार्दिक शुभकामनाएं और आशीर्वाद देते हुए कहा ईश्वर से प्रार्थना है उनके सुर यूँ ही हर दिल को छूते रहें और वे लगातार नयी ऊंचाइयां हासिल करते रहे।



# बाल शल्य चिकित्सा में टीएमएच की उपलब्धि दो दिन के नवजात की सफल जटिल सर्जरी की



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। टाटा मेन हॉस्पिटल ने बाल शल्य चिकित्सा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।गुरुवार को अस्पताल में जन्मजात डायाफ्रामैटिक हर्निया से पीड़ित दो दिन के नवजात शिशु की सफल लेप्रोस्कोपिक सर्जरी की गई। यह जीवनरक्षक ऑपरेशन डॉ. शिशिर कुमार के नेतृत्व में किया गया।जिसमें बच्चे के सीने में सिर्फ तीन छोटे छेद कर सर्जरी को अंजाम दिया गया।यह झारखंड में पहली और अत्यंत जटिल सर्जरी है, जो न्यूनतम इनवेसिव तकनीक से की गई। इस प्रक्रिया से शिशु के फेफड़ों पर बना दबाव कम हुआ और शरीर की सामान्य संरचना बहाल की गई।बीते तीन वर्षों में टीएमएच ने 800 से अधिक बाल शल्य चिकित्सा मामलों को सफलतापूर्वक निपटाया है। आधुनिक तकनीक, समर्पित विशेषज्ञों और उन्नत इन्फ्रास्ट्रक्चर के दम पर टीएमएच राज्य में बाल चिकित्सा सर्जरी के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है।

# एमबीएनएस समूह में घूमर और गरबा गाला-2025 का भव्य आयोजन



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। एमबीएनएस समूह के संस्थानों में दुर्गा पूजा महोत्सव के उपलक्ष्य में घूमर और गरबा गाला-2025 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों, पूर्व छात्रों, संकाय सदस्यों और उनके परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।मौके पर मुख्य अतिथि अध्यक्ष विवेक सिंह और निर्देशक श्रीमती अनुपा सिंह ने दीप प्रज्जलित कर कार्यक्रम की शुरूआत और माँ दुर्गा की आराधना की। सांस्कृतिक संध्या में पारंपरिक नृत्य, घूमर और गरबा की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान डोसा, चाट, दही वड़ा और चाउमीन का स्टॉल लगाया गया।मौके पर श्री सिंह ने छात्रों को संस्कृति से जुड़े रहने का संदेश दिया, वहीं श्रीमती अनुपा सिंह ने आयोजन समिति की सराहना की। उन्होंने कहा एमबीएनएस संस्थान कला और संस्कृति के संवर्धन हेतु सदैव प्रतिबद्ध हैं।वही आयोजन समिति ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार जताया।

# रंभा कॉलेज ऑफ फार्मेसी में मनाया गया विश्व फार्मासिस्ट दिवस



घाटशिला (आजाद सिपाही)। रंभा कॉलेज ऑफ फामेर्सी में विश्व फार्मासिस्ट दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। गुरुवार को इस वर्ष की थीम ₹थिंक हेल्थ, थिंक फार्मासिस्ट₹ पर आधारित कार्यक्रम में छात्रों और फैकल्टी सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभायी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रंभा कॉलेज ऑफ नर्सिंग की असिस्टेंट प्रोफेसर मिसेज मोनिशा संतरा शामिल हुए। उन्होंने ₹सही दवा की जानकारी और उपयोग₹ विषय पर जागरूकता व्याख्यान देते हुए सुरक्षित और प्रभावी उपयोग पर विस्तार से जानकारी दी।कॉलेज की व्याख्याता मिस दीपिका महतो ने दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया फार्मासिस्ट स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में एक अहम कड़ी हैं।इस अवसर पर व्याख्याता समीक्षा समेत बीएड और स्नातक विभाग के शिक्षकों की भी सराहनीय भूमिका रही।धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# सभी निजी विद्यालयों में शुल्क समिति का गठन करना अनिवार्य : उपायुक्त

## कहा- सभी स्कूल आरटीइ मानक के अनुरूप अर्हता पूर्ण करें, अन्यथा किये जायेंगे बंद

### गढ़वा जिले के 300 में से केवल 25 निजी विद्यालय ही मान्यता प्राप्त

**शुल्क समिति की ओर से निर्धारित फीस दो वर्षों के लिए प्रभावी होगी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



जिला स्तरीय शुल्क समिति के गठनको लेकर आहूत बैठक को संबोधित करते डीसी।

**गढ़वा।** स्थानीय नगर भवन में शिक्षा विभाग के तहत जिला स्तरीय शुल्क समिति के गठन को लेकर गुरुवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता डीसी दिनेश कुमार यादव ने की। इसमें झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण (संशोधन) अधिनियम, 2017 के आलोक में शुल्क समिति गठित करने को लेकर चर्चा की गयी। इस दौरान समिति के गठन के लिए झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण संशोधन अधिनियम 2017 की धारा 7 (अ) (1) के आलोक में सरकार की ओर से निजी विद्यालयों द्वारा लगाए गए शुल्क विनियमित करने के लिए प्रत्येक विद्यालय स्तर पर फीस समिति एवं अधिनियम की धारा 7 (अ) (2) के आलोक में निर्धारित शुल्क के विरुद्ध विद्यालय स्तरीय शुल्क समितियां प्रबंधन की ओर से निर्दिष्ट किये गये हैं। उक्त अधिनियम के सुसंगत प्रावधानों के आलोक में डीसी ने सभी निजी विद्यालय के संचालकों को विद्यालय स्तरीय शुल्क समिति गठित करने का निर्देश दिया है। कहा कि प्रत्येक निजी विद्यालय में शुल्क समिति का गठन करना अनिवार्य है। इसमें निजी विद्यालय में प्रबंधन की ओर से मनोनीत प्रतिनिधि अध्यक्ष, विद्यालय के प्रधानाध्यापक सचिव, प्रबंधन द्वारा मनोनित तीन शिक्षक एवं माता-पिता संघ की ओर से मनोनीत चार माता-पिता सदस्य के रूप में शामिल होंगे। जबकि जिला स्तरीय समिति के अंतर्गत डीसी अध्यक्ष, जिला शिक्षा पदाधिकारी पदेन सदस्य, सचिव (माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के लिए), जिला शिक्षा अधीक्षक पदेन सदस्य-सदस्य सचिव (प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों के लिए), जिला परिवहन पदाधिकारी पदेन सदस्य, सनदी लेखाकार (चार्टड एकाउंटेंट) सदस्य, निजी विद्यालय के दो प्राचार्य सदस्य, दो माता पिता समिति द्वारा नामित सदस्य तथा संबंधित क्षेत्र के सांसद एवं विधायक सदस्य के रूप में शामिल हैं। डीसी ने कहा कि बिना आरटीइ मान्यता के कोई भी यू डाइस कोड नहीं दिया जा सकता है। इस मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक ने बताया कि गढ़वा जिले में लगभग 300 निजी विद्यालय हैं। जिसमें से मात्र 25 विद्यालय ही हैं, जो आरटीई द्वारा रिकॉग्नाइज्ड हैं, जबकि शेष सभी विद्यालय अन-रिकॉग्नाइज्ड हैं। डीसी ने कहा कि विद्यालय के स्थापना के लिए भूमि अनिवार्य रूप से निबंधित होना आवश्यक है। या विद्यालय के नाम से कम से कम 30 वर्षों का निबंधित लीज डील होना अनिवार्य है। प्राथमिक विद्यालय (1-5) के लिए 40 डिसमिल शहरी क्षेत्र में एवं 60 डिसमिल ग्रामीण क्षेत्र में होना होगा। वहीं, मध्य विद्यालय (1-8) के लिए 75 डिसमिल शहरी क्षेत्र में एवं एक एकड़ ग्रामीण क्षेत्र में होना आवश्यक है। वर्ग कक्ष जिसका आकार न्यूनतम खेल का मैदान एवं अन्य गतिविधियों के लिए भूमि का दो तिहाई भूमि खाली होना आवश्यक है। साथ ही विद्यालयों में बाउंड्री वॉल, सीसीटीवी कैमरा, प्लेग्राउंड, अग्निशमन की व्यवस्था, कम से कम 3 स्टार रेटिंग इन ड्रिंकिंग वॉटर एंड सैनिटेशन और लाइटनिंग रॉड सहित शिक्षक पात्रता प्राप्त प्रशिक्षित शिक्षक होना अनिवार्य है। डीसी ने कहा कि शुल्क समिति द्वारा निर्धारित शुल्क दो वर्षों के लिए प्रभावी होगी। यदि समिति द्वारा तय शुल्क में वृद्धि पिछले वर्ष के शुल्क के 10 फीसदी से अधिक है, तो मामले को जिला समिति को अनुमोदन के लिए भेजना आवश्यक होगा। निर्धारित शुल्क के विरूद्ध विद्यालय स्तरीय शुल्क समितियों प्रबंधन द्वारा निर्दिष्ट किये गये मामले में निर्णय लेने के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है।

# कोर्ट का आदेश आते ही बेघर हुए परिवार के 22 सदस्य, सरकारी विद्यालय में ली शरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कांडी।** प्रखंड के सरकोनी पंचायत निवासी रघुबीर प्रजापति का घर प्रशासन ने कोर्ट के आदेश पर जेसीबी लगाकर तोड़ दिया। इस कार्रवाई से रघुबीर प्रजापति सहित परिवार के 22 सदस्य बेघर हो गये। फिलहाल सभी पंचायत क्षेत्र के सरकारी विद्यालय में शरण लिए हुए हैं। वहां छोटे-छोटे बच्चों से लेकर महिलाएं और बुजुर्ग एक ही कमरे में रहने को मजबूर है। बतातें चलें कि परिवारों की आर्थिक स्थिति बेहद दयनीय है। उनके पास कहीं और घर बनाने के लिए जमीन भी नहीं है। इस स्थिति से आक्रोशित ग्रामीणों ने सरकार से मांग की है कि प्रभावित परिवारों को तत्काल सरकारी जमीन उपलब्ध कराई जाए और आंबेडकर आवास योजना के तहत घर दिया जाय। वहीं, मौके पर पहुंचे स्वयंसेवी संस्था के प्रधान सचिव शशांक शेखर ने कहा कि इसकी जानकारी गढ़वा डीसी को देकर त्वरित राहत का आग्रह किया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे पीड़ित परिवारों के साथ डीसी और राज्य सरकार के मंत्रियों से मिलकर इस मामले को प्रमुखता से उठाएंगे। इस मौके पर संस्था के सदस्य सत्यकाम विश्वकर्मा, अनुज सिंह, पंचायत प्रतिनिधि मुखिया सुबोध वर्मा, उपमुखिया रानी देवी, ग्रामीण मंदिरका मेहता, राजेश्वर मेहता, महेंद्र मेहता, प्रवेश मेहता, राजन प्रजापति सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# अंत्योदय के प्रणेता थे पंडित दीनदयाल उपाध्याय : विनय

**मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड के हासनदाग के चार बूथों पर भाजपा नेताओं ने गुरुवार को पंडित दीनदयाल की जयंती मनायी। वरिष्ठ नेता विनय कुमार चौबे की अगुवाई में बड़ी संख्या में नेताओं ने उनकी तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर नमन किया। वहीं, विनय चौबे ने कहा कि पंडित दीनदयाल समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को मुख्यधारा में लाने के लिए संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाल एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे। उनके आदर्शों पर चलकर ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी से स्वालंबन से विकसित राष्ट्र बनाने का आह्वान किया है।**

# पंडित दीनदयाल सदैव प्रेरणादायक बने रहेंगें : ठाकुर प्रसाद



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजपा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पार्टी के जिला कार्यालय में मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में जिला प्रभारी बिपीन बिहारी सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय कार्यकर्ताओं के सदैव प्रेरणादायक रहेंगे। उनका जीवन भारत के लिए समर्पित रहा है। ऐसे महापुरुष के विचार को आत्मसात करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अनेकों योजनाएं बनाई। जिसका लाभ आम आदमी को मिल रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन जनसेवा का केंद्र रहा है। उनका जीवन त्याग समर्पण तपस्या के प्रतिमुर्ती है कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो जिलाध्यक्ष रामशीष तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन उदय कुशवाहा ने किया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद तिवारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सूरज गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, मनीष गुप्ता, ब्रजेश उपाध्याय, गौरी बिंद और रितेश दुबे सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बीडीएसयू के फार्मेसी संकाय में मनाया गया विश्व फार्मासिस्ट डे



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय (विवि) के फार्मेसी संकाय में गुरुवार को विश्व फार्मासिस्ट डे मनाया गया। इसमें सर्वप्रथम फार्मेसी के बच्चों ने रैली निकाली गयी। इसके बाद बच्चों को फार्मेसी का शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विवि के कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर एमके सिंह के अलावा विशिष्ट अतिथि परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर लल्लन सिंह एवं दूसरे डिपार्टमेंट के प्रधानाध्यापक एवं लाइब्रेरी हेड राकेश सिंह और एस्टेब्लिशमेंट ऑफिसर शिवकुमार ओझा मौजूद थे। कुलपति प्रोफेसर डॉ एमके सिंह ने फार्मासिस्ट एवं समाज में उनके योगदान से बच्चों को अवगत किया। इसके बाद पूर्व में मनाये गये एंटी रैगिंग वीक, नशा मुक्ति अभियान एवं नेशनल फार्मा कोविजिलेंस वीक, फार्मेसी संकाय आदि के कार्यक्रमों में जीते हुए प्रतिभागियों को मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में फार्मेसी संकाय के फैकेल्टी महेश सिंह, विकास राव, नेहा खरे, राहुल कुमार, रोहित कुमार गुप्ता, आनंद गुप्ता, अवनीश कुमार, शशि भूषण, अरुण कुमार एवं हिमांशु कुमार ने अहम भूमिका निभाई। जबकि कुलाधिपति ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए बच्चों को प्रोत्साहित किया एवं बच्चों को भविष्य में ऐसे ही कार्यक्रम करते रहने के लिए प्रेरित किया।

# बीडीएसयू ने घोषित किया बीएचएमएस परीक्षा परिणाम

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय (बीडीएसयू) की ओर से बीएचएमएस (थर्ड ईयर) (सत्र 2021-26) का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। उक्त परीक्षा सात से 24 जुलाई तक आयोजित की गई थी। प्राचार्य प्रो (डॉ) केशवेंद्र कुमार तिवारी ने छात्र-छात्राओं को प्रेरणादायी संदेश देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। साथ ही सतत परिश्रम और अनुशासन को जीवन का आधार बनाने की सलाह दी। उधर, परिणाम प्रकाशित होने के बाद कुलाधिपति ने प्राचार्य, परीक्षा विभाग एवं छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए आश्वासन दिया कि भविष्य में संस्थान के लिए सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेंगीं। बच्चे केवल अपनी पढ़ाई ईमानदारी से करें। शेष सारी व्यवस्थाओं के लिए पूरा विश्वविद्यालय परिवार कटिबद्ध है। कुलपति ने नवाचार, शोध एवं शोध लेखों के प्रकाशन की दिशा में छात्रों को मार्गदर्शन दिया और उन्हें उच्च शैक्षणिक लक्ष्यों की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित भी किया।

# विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीपश्री एवं उनकी टीम ने शहर के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान साफ-सफाई की कमी, बिना लाईसेंस कारोबार और एक्सपायर्ड खाद्य पदार्थ बेचने जैसे गंभीर मामले सामने आये। उन्होंने स्वच्छता एवं गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। निरीक्षण की शुरूआत भवनाथपुर मोड़ स्थित लाजवाब रेस्टोरेंट से की गई। जांच के दौरान पाया गया कि यहां वैध खाद्य लाईसेंस मौजूद नहीं है। साथ ही रसोई की साफ-सफाई मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई। टीम ने रेस्टोरेंट के फ्रीजर से एक्सपायर्ड कोल्ड ड्रिंक भी बरामद किया, जिसे मौके पर ही नष्ट कराया गया। इसके बाद टीम नेजंगीपुर और ब्लॉक मोड़ स्थित प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। यहां राजन तिवारी, राजा मिष्ठान भंडार, स्वीकृत भोजनालय और राजकुमार की दुकानों की जांच की गई। निरीक्षण में सामने आया कि ये सभी प्रतिष्ठान बिना वैध खाद्य लाईसेंस के ही संचालित हो रहे थे। साथ ही इन दुकानों से भी एक्सपायर्ड कोल्ड ड्रिंक बरामद किये गये, जिन्हें तुरंत नष्ट कराया गया। जांच के लिये मिठाईयों और अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल भी संग्रहित किये गये। इसके अतिरिक्त मेन रोड स्थित खप्पर बाबा स्वीट्स का निरीक्षण किया गया। यहां भी टीम ने खाद्य सैंपल जांच के लिये लिया गया। सभी प्रतिष्ठानों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि वे भविष्य में केवल मानक और स्वच्छता नियमों का पालन करते हुये ही खाद्य कारोबार का संचालन करें। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्रावधानों के तहत कई प्रतिष्ठानों पर जुर्माना भी लगाया गया। साथ ही दुकानदारों को चेतावनी दी कि यदि भविष्य में मानकों की अनदेखी की गई तो और भी कड़ी कार्रवाई की जायेगी। टीम ने बताया कि उपभोक्ताओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिये जिले में समय-समय पर अभियान चलाये जाते रहेंगे।

# भवनाथपुर बाजार में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के मुख्य बाजार में लगने वाले जाम की समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए गुरुवार को सीओ शंभू राम के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। उक्त कार्रवाई भवनाथपुर मुख्य बाजार से लेकर कपूर्री चौक तक की गई, जहां सड़क किनारे अवैध रूप से लगाए गए दुकानों और ठेलों को हटाया गया। लोगों की मानें तो लंबे समय से बाजार क्षेत्र में जाम की समस्या विकराल रूप ले चुकी थी। कपूर्री चौक से मुख्य बाजार तक अक्सर घंटों तक जाम की स्थिति बनी रहती थी, जिस कारण स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों और आम राहगीरों को भारी परेशानी होती थी। वहीं, कार्रवाई के दौरान सीओ ने कपूर्री चौक पर मुख्य सड़क के किनारे अवैध रूप से चल रहे मुर्गा और मटन दुकानों के संचालकों को सख्त चेतावनी दी। कहा कि 24 घंटे के अंदर इस अतिक्रमण को हटाया जाए, अन्यथा प्रशासन बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर देगा। साथ ही कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। इसी बीच स्थानीय लोगों ने शिकायत की कि बिनोद गुप्ता द्वारा करीब एक दर्जन गाड़ियां सड़क किनारे और दूसरे लोगों के घरों के सामने यत्र तत्र खड़ी कर दी जाती हैं, जिससे जाम की स्थिति और गंभीर हो जाती है। हालांकि मौके पर बिनोद गुप्ता नहीं थे, जिसके बाद सीओ ने उनके बेटे को आदेश दिया कि आज से ही सड़क किनारे वाहन खड़ा न करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीओ ने कहा कि बाजार क्षेत्र में आए दिन जाम की शिकायत मिलती रहती है। लोगों की सुविधा और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए यह अभियान चलाया गया है। मौके पर थाना प्रभारी रजनी रंजन, अंचल अमीन जनार्धन महतो, कर्मचारी गौरव आनंद, थाना के एसआई निरंजन शर्मा सहित पुलिस के जवान शामिल थे।

# पुलिस ने फरार 10 वारंटी को किया गिरफ्तार

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने बुधवार की रात फरार 10 वारंटियों को गिरफ्तार कर गुरुवार की सुबह न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। उनकी पहचान मकरी के गड़ेरिया निवासी अग्नेश्वर राम, नागेश्वर राम एवं बच्चू राम, चपरी निवासी मोहन साव, बनाखेता निवासी रिझन भुइयां, अरसली दक्षिणी के राजकुमार चेरो, लालबिहारी चेरो एवं नागेश्वर चेरो, अशोक चेरो और नागेश्वर चेरो के रूप में हुई है। उक्त सभी को पुलिस ने थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी रजनी रंजन ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध न्यायालय से वारंट जारी था। पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामाकी कर रही थी। इसी बीच बुधवार की देर रात गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर सभी फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। बताया कि यह अभियान क्षेत्र में लगातार जारी रहेगा। दशहरा पर्व को लेकर भवनाथपुर पुलिस अलर्ट है, और हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। गिरफ्तारी अभियान में थाना के पुलिस जवान शामिल थे।

## भलूवानी गोता टोला में एलएंडटी मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन

# आंगनबाड़ी केवल बच्चों के लिए ही नहीं, माताओं के लिए भी होगा सुरक्षित-स्वच्छ स्थल : बीडीओ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रंका।** अनुमंडल सदर प्रखंड अंतर्गत सोनदाग पंचायत के ग्राम भलूवानी गोता टोला में गुरुवार को नवनिर्मित मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन बीडीओ शुभम बेला तोपनों ने किया। उक्त पहल एल एण्ड टी कंस्ट्रक्शन के सहयोग और बदलाव फाउंडेशन के क्रियान्वयन से परियोजना नई दिशा के तहत सकार हुई। यह आंगनबाड़ी केंद्र केवल बच्चों के लिए ही नहीं, बल्कि माताओं के लिए भी एक सुरक्षित एवं स्वच्छ स्थल होगा, जहां टीकाकरण, स्वच्छता, स्वास्थ्य जागरूकता और माता समिति की बैठकें आयोजित होंगी। बदलाव फाउंडेशन का कहना है कि यह मॉडल अन्य गांव के लिए प्रेरणा बनेगा और सामूहिक प्रयास नवाचार एवं समुदाय की भागीदारी से बच्चों और माताओं के जीवन में वास्तविक परिवर्तन आएगा। इस अवसर पर बच्चों को स्कूल बैग, किट और ड्रेस भी वितरित किए गए। उम्मीद जताई गई की यह केंद्र बच्चों को सुरक्षित वातावरण में शिक्षा प्राप्त करने और नई दिशा की ओर कदम बढ़ाने में मदद करेगा। इस दौरान महिला पर्यवेक्षिका रानी गीता, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका और समुदाय की उपस्थिति में हस्तांतरण और समझौता पत्र पर हस्ताक्षर कर केंद्र को औपचारिक रूप से सौंपा गया। मौके पर गढ़वा डीसी, डीडीसी, समाज कल्याण, आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका रानी गीता, मुखिया रिमा देवी, इंजिनियर जसबिंदो प्रधान, एल एण्ड टी कंस्ट्रक्शन और बदलाव फाउंडेशन के प्रशांत जी, राजू राजशेखरापंडियन, अरविंद, रितेश त्रिपाठी, अमित सिंह, मनोज कुमार आदि उपस्थित थे।


## कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्

**!! आम सूचना !!**

**स्वच्छ एवं सुरक्षित दुर्गा पूजा पंडाल प्रतियोगिता 2025**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दुर्गा पूजा 2025 के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ एवं पंडालों के आस–पास ठोस तथा गीला अपशिष्ट का बढ़ना आम बात है। जिसकों कम करने का उतरदायित्व आम नागरिकों तथा दुर्गा पूजा समिति का भी है। उक्त प्रयास में अगामी दुर्गा पूजा में पूजा समिति/आयोजकों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु झुमरी तिलैया नगर परिषद् अन्तर्गत सर्भ पंडालों में स्वच्छ एवं सुरक्षित दुर्गा पूजा पंडाल प्रतियोगिता 2025 का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। निकाय अन्तर्गत आने वाले पूजा पंडालों की स्वच्छता तथा सुरक्षा का मूल्यांकन (विभिन्न मापदण्डों पर) दिनांक 22.09.2025 से 02.10.2025 तक निकाय द्वारा गठित टीम / समिति द्वारा किया जायेगा।

प्रतियोगिता हेतु निम्नांकित मापदण्ड रखे गये है:–

| क्र०सं० | मापदंड | अंक |
|---|---|---|
| 1 | Dustbin की उपलब्धता, गीला तथा सुखा कचड़ा को पृथक करने हेतु Blue एवं Green Dustbin | 10 |
| 2 | प्रसाद वितरण हेतु कागज, पत्ता अन्यBiodegradableसामग्री का प्रयोग एवंSingle Use Plastic का निषेध | 10 |
| 3 | पूजा पंडालों/परिसर की साफ–सफाई | 10 |
| 4 | पूजा पंडालों/परिसर में अग्निशामक की व्यवस्था यथा–बालू, ड्रम में पानी तथा गीला कम्बल की उपलब्धता | 10 |
| 5 | पूजा पंडालों/परिसर में CCTV की व्यवस्था तथा बॉट सर्किट से बचाव हेतु MCB की व्यवस्था | 10 |
| 6 | Help Desk एवं Miking की व्यवस्था | 10 |
| 7 | पूजा पंडालों / परिसर में उचित Ventilation (Exhaust fan) की व्यवस्था | 10 |
| 8 | पूजा पंडालों/परिसर में आपातकालिन नम्बर का डिस्प्ले | 10 |
| 9 | पंडाल एवं आसपास प्रकाश की व्यवस्था | 10 |
| 10 | पंडाल में प्रवेश के लिए महिला/पुरुष की अलग से बेरिकेटिंग | 10 |
| 11 | पार्किंग की व्यवस्था | 10 |
| 12 | प्राथमिक उपचार (First aid kit) की व्यस्था | 10 |
| 13 | प्रर्याप्त Volunteers की व्यवस्था | 10 |
| 14 | मूर्ति विर्सजन हेतु प्रशासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का अनुपालन | 20 |
| | कुल अंक | 150 |

ह0/– प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद्

PR.NO.362903 Urban Development(25-26):D

## कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, राँची (खनन शाखा)

निदेशानुसार एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रांची जिलान्तर्गत निम्नलिखित स्थलों पर अवैध रुप से भण्डारित बालू खनिज को जप्त करने के फलस्वरुप झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधन नियमवली, 2017 एवं झारखण्ड लघु खनिज समनुदान (संशोधन) नियमावली, 2019 के नियम 54A के तहत जो जहाँ है उसी स्थिति में आम निलामी दिनांक 10.10.2025 को समय 03:30 बजे अपराह्न में अपर समाहर्त्ता (नक्सल), राँची की अध्यक्षता में समाहरणालय ब्लौक 'ए', कमरा नं0 207 में सम्पन्न की जाएगी। आवेदन सहित अन्य वांछित कागजात दाखिल करने की अंतिम तिथि दिनांक 08.10.2025 के 05:00 बजे अपराहन् तक है। भण्डारण की विवरणी, लोक निलामी की प्रक्रिया की शर्तें website www.prdjharkhand.in एवं कार्यालय सूचना पट्ट से प्राप्त किया जा सकता है।

| क्र0 | भण्डारण स्थल | भण्डारित बालू खनिज की मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | रांची जिला के पुन्दाग ओ0पी0 थानान्तर्गत मौजा–पुन्दाग के मौर्या एलाईट के पीछे | 3000 घनफीट |
| 2 | रांची जिला के बेड़ो थानान्तर्गत घाघरा पंचायत के डुमरदोन बस्ती (Lat-23.257549N, 84.926269E) | 15000 घनफीट |
| 3 | एच0ई0सी0 फर्टिलाइजर, सुनील कोचिंग सेन्टर, टोनका (i) Lat- 23.256953, Long- 85.327636 (ii) Lat- 23.257361, Long- 85.328859 (iii)Lat- 23.257402, Long- 85.327867 | 20000 घनफीट |
| 4 | रांची जिला के पुन्दाग ओ0पी0 थानान्तर्गत टेंगरु ढ़ीपा, गंवा देवी स्थल के समीप, आलम चौक के पास (i) Lat- 23.346534, Long- 85.264261 (ii) Lat- 23.346215, Long- 85.264082 (iii)Lat- 23.345859, Long- 85.26425 (iv)Lat- 23.346207, Long- 85.264099 | 45000 घनफीट |
| 5 | रांची जिला के एयरपोर्ट थानान्तर्गत टोनको स्थित एच0ई0सी0 के खाली जमीन | 35000 घनफीट |
| 6 | रांची जिला के एयरपोर्ट थानान्तर्गत टोनको स्थित माडे उराँव के परती जमीन | 10000 घनफीट |
| 7 | रांची जिला के बुण्डू अंचल अन्तर्गत मौजा तुन्जू कंची नदी के आस पास (i) Lat- 23.118885N, Long- 85.611486E (ii) Lat- 23.126081N, Long- 85.613344E (iii)Lat- 23.126081N, Long- 85.611692E | 35000 घनफीट |

PR.NO.362913 District(25-26):D
अपर समाहर्त्ता (नक्सल),विधि व्यवस्था, राँची।

# योजना के नाम पर लाखों की ठगी, पीड़ितों ने सौंपा ज्ञापन



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने इस संदर्भ में जिला उपायुक्त डॉ कुमार ताराचंद को ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर कार्रवाई और न्याय की गुहार लगायी है। मामला सेन्हा प्रखंड के उगरा पंचायत क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, बिचौलिया कयूम अंसारी ने अबुआ आवास, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, कल्याण विभाग से वाहन उपलब्ध कराने तथा मकान निर्माण से पूर्व भूमि सत्यापन कराने जैसी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर लोगों से एक हजार से लेकर लाखों रुपये तक वसूले। लेकिन समय बीतने के बाद भी लाभुकों को योजनाओं का फायदा नहीं मिला। पीड़ित मुरपा ग्राम के लाभुकों ने बताया कि लंबे समय से उन्हें बहलाया और गुमराह किया जा रहा था। पंचायत स्तर पर भी मामले को सुलझाने की कोशिश हुई, लेकिन बिचौलिया अपनी बातों से मुकरता रहा और लोगों को भ्रमित करता रहा। अंततः पीड़ितों ने सामूहिक रूप से आवेदन देकर उपायुक्त को ठगी की पूरी जानकारी दी। उपायुक्त ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत जांच का आदेश दिया है और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही पीड़ित लाभुकों को पैसा वापस दिलाने और न्याय सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया गया है। पीड़ित महिला-पुरुषों ने प्रशासन और क्षेत्रीय राजनीतिक दलों से मांग की है कि इस तरह की ठगी की न हो, इसके लिए सख्त कदम उठाए जायें।

# डीसी ने जर्जर और क्षतिग्रस्त पथों को मरम्मत कराने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉक्टर ताराचंद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय समिति की बैठक सभी तकनीकी और गैर-तकनीकी पदाधिकारियों के साथ समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई।

बैठक में सर्वप्रथम सभी तकनीकी पदाधिकारियों को जिला में जर्जर और क्षतिग्रस्त पथों के मरमती हेतु निर्देश दिये गये ताकि आमजनों को परेशानियों से राहत मिल सके। आगामी पर्व-त्योहारों में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लोहरदगा को अपने सभी सिंगल विलेज स्कीम का सर्टिफिकेशन कराने और नगर परिषद क्षेत्र में संचालित पीएचइडी की योजनाओं को नगर परिषद लोहरदगा को हस्तांतरित करने का निर्देश दिया। पेशरार के सुदूर क्षेत्र में ग्रामीणों को पीने का साफ पानी उपलब्ध कराने हेतु अनाबद्ध निधि से चयनित योजनाओं का प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा जिला प्रशासन द्वारा लोगों को पीने का साफ पानी उपलब्ध कराना महत्वपूर्ण कार्यों में एक है। पीएचइडी को पूर्व में निर्मित योजनाएं जो खराब पड़ी हैं उनकी मरम्मति के लिए प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिया गया।

ग्रामीण कार्य विभाग के द्वारा डीएमएफटी और अनाबद्ध निधि से बनायी जा रही सड़कों का की समीक्षा की गई और उन योजनाओं को पूर्ण करने हेतु निश्चित समय निर्धारण किया गया।

राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल को कुडू से घाघरा पथ के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण योजना में अधिग्रहित की गयी भूमि के रैयतों को भुगतान करने का निर्देश दिया गया। साथ ही दुर्गा पूजा को देखते हुए कुडू-घाघरा मुख्य पथ पर नाली निर्माण का कार्य पूर्ण करने व सुरक्षा हेतु नाली निर्माण होने तक उसकी बैरिकेडिंग करने का भी निर्देश दिया गया।

पथ प्रमंडल लोहरदगा को लोहरदगा-इरगांव पथ का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही पूर्व में निर्मित पथ जो जर्जर अवस्था मे हैं उनकी मरम्मति हेतु प्राक्कलन तैयार कर राज्य को भेजे जाने का निर्देश दिया गया। भवन प्रमंडल लोहरदगा को बार एसोसिएशन के भवन का निर्माण कार्य पूर्ण करने, आंगनवाड़ी केंद्र के स्थल को बदलकर नई जगह पर आंगनवाड़ी केंद्र का निर्माण करने, नये समाहरणालय में कार्य पूर्ण कर हैंड ओवर किये जाने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये। ग्रामीण कार्य विशेष प्रमंडल को मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना अंतर्गत बनाई जा रही पुल व पुलिया, पीएम अभिम के अंतर्गत हेल्थ सब सेंटर, पर्यटन की योजनाएं पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, वन प्रमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, आईटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, सिविल सर्जन डॉ राजू कच्छप समेत जिला के सभी तकनीकी व गैर-तकनीकी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बरवाटोली में बारिश से कच्चा मकान ढहा



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लगातार हो रही बारिश से सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के सेन्हा पंचायत अंतर्गत बरवाटोली ग्राम में एक कच्चा खपरैल मकान ढह गया। गनीमत रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन गरीब परिवार को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। जानकारी के अनुसार, सेन्हा बरवाटोली निवासी महावीर महतो (पुत्र महेंद्र महतो) का कच्चा खपरैल मकान बारिश के दबाव में अचानक गिर गया। मकान का आधा हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है, जबकि शेष हिस्सा जर्जर हो गया है। परिजनों को मकान के भीतर रहने में भय बना हुआ है, क्योंकि किसी भी समय शेष मकान भी ढह सकता है। घटना की जानकारी मिलने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने आश्वासन दिया कि पीड़ित परिवार के लिए अस्थायी आवास की वैकल्पिक व्यवस्था की जायेगी। साथ ही सरकारी योजना के तहत उन्हें गृह निर्माण का लाभ उपलब्ध कराया जायेगा।

# सदर अस्पताल में विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** झारखंड फॉर्मासिस्ट एसोसिएशन लोहरदगा के बैनर तले सदर अस्पताल में फॉर्मासिस्ट के द्वारा विश्व फार्मासिस्ट दिवस गुरूवार को मनाया गया। मालूम हो की 25 सितंबर 2012 को विश्व स्तर पर फामेर्सी दिवस के रूप में मान्यता प्राप्त हुई। जिसके बाद से लगातार फार्मेसी संगठन के द्वारा अलग-अलग समारोह का आयोजन कर फॉर्मासिस्ट दिवस मनाया जा रहा है। विश्व फार्मासिस्ट दिवस के मौके पर डीसी डॉ ताराचंद ने संदेश देते हुए कहा की कभी भी बिना चिकित्सक की सलाह के दवा नहीं खाना चाहिए। साथ ही कहा कि जेनरिक दवाइयां भी पूरी तरह से बीमारी पर कारगर कार्य करती है। ब्रांडेड दवाएं सिर्फ मंहगी होती है। लेकिन दोनों का असर बीमारी पर बराबर होता है। कहा की जेनरिक दवाएं सस्ती होने के साथ साथ कारगर असर करती है। इसलिए इसे लेकर किसी तरह का भ्रम नहीं पालना चाहिए। इस अवसर पर लोहरदगा जिला फार्मासिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश्वर महतो ने कहा कि फार्मासिस्ट पेशा पर गौरवपूर्ण कार्य है। जहां जहां दवा दुकानें हैं वहां फार्मासिस्ट होना चाहिए। राज्य में आठ सौ से ज्यादा रिक्तियां है जिसे भरने की आवश्यकता है। लोहरदगा जिला में वर्तमान समय में दो ही फार्मासिस्ट है राज्य में फार्मासिस्ट की नियुक्ति की आवश्यकता है। जहां दवा वहां फार्मासिस्ट के तर्ज पर सरकार को कार्य करना चाहिए। मौके पर केक काटकर विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया। इस दौरान प्रशिक्षु फार्मासिस्ट भी शामिल हुए। इस मौके पर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ शंकर प्रसाद, हॉस्पिटल एचएम सुभाषिनी तिर्की, फॉर्मासिस्ट राजेश्वर महतो, गायत्री महतो, मिथिलेश कुमार, रोहित कुमार साहू, साधना कुमारी,गुलाम औनुर रहमान, अरबाज अंसारी, गुलाम अंसारी, सोनल कुमारी गुप्ता, रजिया प्रवीण सहित कई प्रशिक्षु फार्मासिस्ट मौके पर मौजूद थे।

# दो बकरी चोरों को ग्रामीणों ने पकड़ा



**महुआडांड (आजाद सिपाही)।** महुआडाड थाना क्षेत्र स्थित ग्राम चुटिया के रहने वाले प्रसाद यादव के घर से बीती रात्री लगभग 12 बजे बकरी चोरी करते दो अपराधियों को रंगे हाथ पकड़कर ग्रामीणों ने महुआडांड थाना पुलिस को सौंपा दिया। इस संबंध में महुआडांड थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि हमे सूचना प्राप्त हुई कि महुआडांड़ थाना अंतर्गत ग्राम चुटिया के ग्रामीणों के द्वारा रात में पशु चोरी करने हेतु घुसे दो अपराधकर्मियों को पकड़ा गया है जिसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को देते हुए गश्ती दल को सशस्त्र बल के साथ ग्राम चुटिया भेजा गया, तो पाया कि ग्रामीणों के द्वारा दो व्यक्तियों रिजवान खान उम्र 24 वर्ष ग्राम जरडा एवं अमजद खान उम्र 24 वर्ष ग्राम- सीकरी दोनों थाना जारी, जिला गुमला को पकडकर रखा गया है। उक्त दोनों अभियुक्तों से घटना को अंजाम देने हेतु साथ आये सहयोगियो के संबंध में पूछने पर बतलाया गया कि ये नौशाद अंसारी ग्राम तिगरा थाना जारी जिला गुमला, गालू खान ग्राम मनौरा थाना जशपुर जिला विलासपुर (छग) तथा पिक अप चालक जिसका नाम पता नामालूम के साथ पशु चोरी करने के लिए ग्राम चुटिया आये थे। पकड़ाये अभियुक्त के पास से चोरी किया हुआ दो खस्सी एवं चोरी करने में उपयोग किया हुआ एक मोटर साइकिल बरामद किया गया।

# धनबाद रेल मंडल के डीआरएम ने आरओएच शेड समेत कई जगहों का किया निरीक्षण



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** धनबाद रेल मंडल के डीआरएम अखिलेश मिश्र अपर मंडल रेल प्रमंडल इंफ्रा अमित कुमार वरीय मंडल परिचालन प्रबन्धक अंजय तिवारी गुरुवार को बरवाडीह पहुंचे। डीआरएम के बरवाडीह पहुंचने के बाद रेलवे स्टेशन में सहायक मंडल यांत्रिक अभियंता विकास शुक्ला स्टेशन प्रबंधक अनिल द्विवेदी समेत अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। निरीक्षण कार्यक्रम की शुरूआत आरओएच शेड से की गयी। आरओएच शेड में होने वाले कार्य को लेकर डीआरएम ने सहायक मंडल यांत्रिक अभियंता विकास शुक्ला और अन्य अधिकारियों से विभिन्न कार्य और बिंदुओं पर जानकारी लिए शेड की अब तक की उपलब्धियां की जानकारी लेते हुए शेड से जुड़े अधिकारी और कर्मियों के कार्यों की प्रशंसा भी की। लगभग 3 घंटे के निरीक्षण के दौरान डीआरएम में शेड परिसर में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम भी चलाया और स्वच्छता के प्रति अधिकारी और कार्यों को जागरुक करते हुए खुद अपने हाथों में झाडू और शेड गंदगी कचरे को उठाकर दूर करते हुए गंदगी को हटाने के संकल्प लेने की अपील की। डीआरएम के द्वारा रनिंग रूम पहुंचकर कर्मियों से भी मुलाकात की और उनकी समस्याओं को जाना। इस दौरान उन्होंने रनिंग रूम के इंचार्ज गुरु प्रसाद से कर्मियों के मिलने वाली सुविधाएं और उन्हें होने वाली परेशानियों की विस्तृत जानकारी ली। डीआरएम ने उसके पास के कमरों की स्थिति देख नाराजगी भी व्यक्त और स्थिति में सुधार करने का निर्देश दिया। मौके पर आरपीएफ सब इंस्पेक्टर विनोद सिंह, आरओएच इंचार्ज जुगनू दास, सरोज सिंह, एडीएई मनोहर लाल, वरीय अनुभाग अभियंता आसिफ इकबाल राजू, श्याम किशोर मेहता, अभिमान श्रीवास्तव आर के हेमब्रम, ओंकार सिंह समेत अन्य अधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

# शिव-पार्वती विवाह की आकर्षक झांकी पर भक्तों ने की पुष्प वर्षा



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ समिति के तत्वावधान में नौ दिनों तक माँ दुर्गा का नवाह्न परायण पाठ चल रहा है। बाहर से आए व्यास श्री इंद्र शंकर झा नौ ब्राह्मणों के साथ पूरे विधि-विधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ पाठ कर रहे हैं। नवरात्रि के तीसरे दिन बुधवार रात्रि 7 :30 बजे वृंदावन से आई प्रसिद्ध कथावाचक साध्वी कुमारी शिवांजलि किशोरी का समिति की ओर से भव्य स्वागत किया गया। समिति के संरक्षक ओम प्रकाश सिंह ने उन्हें अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। उपाध्यक्ष दीपक सर्राफ, जय श्रीराम समिति अध्यक्ष सुनील अग्रवाल एवं उनकी धर्मपत्नी रश्मि अग्रवाल, और डॉ टी साहू ने साध्वी जी को चुनरी ओढ़ाकर और साफा पहनाकर सम्मानित किया। वहीं पुलिस निरीक्षक सह रत्नेश मोहन ठाकुर ने भी कथावाचक साध्वी कुमारी शिवांजलि किशोरी का चुनरी ओढ़ाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके उपरांत साध्वी कुमारी शिवांजलि किशोरी ने अपने मधुर वचनों से संगीतमय रामकथा प्रवचन का शुभारंभ किया। उन्होंने भगवान शिव के विवाह प्रसंग का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। इस दौरान शिव-पार्वती की जीवंत झांकी प्रस्तुत की गई। विवाह प्रसंग के दौरान श्रद्धालुओं ने झांकी पर पुष्प वर्षा की। इसके बाद शिव-पार्वती का विवाह भी हुआ। कथा के बाद आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।

# एनएच-99 उत्सव मंडप से करमाचुआ औरंगा नदी तक सड़का का शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना मद अंतर्गत स्वीकृत एनएच-99 उत्सव मंडप से करमाचुआं औरंगा नदी तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास संपन्न हुआ। इस अवसर पर लातेहार विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक प्रकाश राम उपस्थित रहे और उन्होंने नारियल फोड़कर विधिवत शिलान्यास किया। विधायक प्रकाश राम ने कहा कि इस सड़क निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीणों को मुख्य मार्ग से जोड़ने में सुविधा मिलेगी। यह सड़क शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और रोजमर्रा के जीवन में सुगमता प्रदान करेगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि कार्य गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जायेगा। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह, अमरदीप सिंह, संसद प्रतिनिधि अमलेश सिंह, पवन साहू, राकेश दुबे, बंसी यादव, पवन कुमार, रामदेव सिंह, गोरव दास, प्रेम चन्द पाण्डेय, अरविंद पाण्डेय, सौरभ पाण्डेय, संत गुप्ता, सोनू सिंह, आनंद सिंह और प्रमोद प्रसाद सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# लाल किला के प्रारूप में बन रहे पंडाल का प्रतुल शाहदेव ने लिया जायजा



आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड के रोल में स्थित महुआ मिलान में दुर्गा मंडल रोल के द्वारा इस बार पंडाल को लाल किला के थीम में बनाया जा रहा है। काम युद्ध स्तर पर अंतिम चरण पर चल रहा है। गुरुवार को समिति के अध्यक्ष प्रतुल शाह देव ने कार्य प्रगति का निरीक्षण किया एवं समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।आज समिति के सदस्यों ने जिला एवं प्रखंड के गणमान्य लोगों को पूजा में सम्मिलित होने का निमंत्रण भी दिया। ज्ञातव्य है कि इस पूजा पंडाल का उद्घाटन महाषष्ठी के दिन 28 सितंबर को शाम 6 बजे तय किया गया है। विजयदशमी के दिन जतरा मेला को भी भव्य स्तर पर करने की तैयारी अंतिम चरण पर है। इस अवसर पर रमेश गुप्ता, आशीष कुमार सिंह, सूर्यनाथ सिंह, शंकर मुंडा, बल्कू मुंडा, रामविचार सिंह, सत्यपाल घटवार, कोलेसर यादव, राजेश यादव, मनोज यादव, रामविचार सिंह, अजीत मुंडा, राजेश प्रजापति, सुबोध प्रजापति, आलोक कुमार, रामदास प्रजापति, पिंटू प्रजापति, किशुन उरांव, दिलीप साव, जयंत प्रसाद, सूरज प्रजापति, सुनील मुंडा और हेमंत चावड़ा समेत कई उपस्थित थे।

# वाहन जांच अभियान में 82 हजार जुर्माने की वसूली

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के आदेशानुसार दुर्गा पूजा महोत्सव में सड़क दुर्घटना की सम्भावना को देखते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार उमेश मण्डल के नेतृत्व में अंचल अधिकारी चंदवा सुमित कुमार मिश्रा, अंचल अधिकारी बालूमाथ बालेश्वर राम मोटरयान निरीक्षक, लातेहार सुनील कुमार, परिवहन विभाग के कर्मचारी एवं पुलिस बल के द्वारा लातेहार, मनिका, चंदवा एवं बालूमाथ थाना क्षेत्र में बढ़ती सड़क दुर्घटना को नियंत्रण करने के उदेश्य से दो पहिया वाहन चालक द्वारा नियम विरुद्ध वाहन परिचालन करने वाले चालकों की जांच की गयी। जिसमे कुल 140 वाहन की जांच हुई। जिसमें 65 चालान काटा गया। इस दौरान 82 हजार राशि की वसूली की गयी।

# लोहरदगा के महावीर चौक पर दिखेगा रामेश्वरम मंदिर जैसा 75 फीट उंचा पंडाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** शारदीय नवरात्र का पर्व नजदीक आते ही लोहरदगा जिले में उत्साह और श्रद्धा का माहौल चरम पर है। जगह-जगह पूजा समितियों द्वारा भव्य पंडालों का निर्माण कराया जा रहा है। इस बार लोहरदगा शहर के महावीर चौक दुर्गा पूजा समिति ने जिलेवासियों के लिए कुछ खास तैयारियां की हैं। समिति की ओर से तमिलनाडु के विश्व प्रसिद्ध रामेश्वरम मंदिर की तर्ज पर लगभग 7 लाख 30 हजार रुपये की लागत से 75 फीट ऊंचा भव्य पंडाल बनाया जा रहा है। पंडाल के भीतर 18 फीट ऊंची मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित होगी। प्रतिमा में देवी को गजराज (हाथी) पर सवार रूप में दर्शाया जायेगा। समिति के सचिव राजेश अग्रवाल उर्फ टिंकू ने बताया कि हर वर्ष हमारी समिति लोगों को कुछ नया और भव्य दिखाने का प्रयास करती है। इस बार रामेश्वरम मंदिर की तर्ज पर पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को धार्मिक आस्था के साथ सांस्कृतिक विरासत का भी अनुभव मिल सके। पंडाल निर्माण में कारीगरों ने बारीक नक्काशी और विशेष डिजाइन पर ध्यान दिया है। रंग-बिरंगी लाइटिंग और सजावट से पूरा परिसर रात में जगमगायेगा। वहीं, प्रतिमा निर्माण में कलाकारों ने विशेष कौशल का परिचय देते हुए देवी के गजराज रूप को जीवंत बना दिया है। जिलेभर से हजारों श्रद्धालुओं के यहां जुटने की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने भी पूरी तैयारी कर ली है।

# गुरु-शिष्य की परंपरा को जीवित रखने के लिए विद्यार्थियों को आगे आने की जरूरत : अरविंद कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता




**कैरो।** शाइन पब्लिक स्कूल नगजुआ में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन के केंद्रीय अध्यक्ष अरविन्द कुमार शामिल हुए। सबसे पहले स्कूली बच्चों द्वारा मुख्य अतिथि को स्वागत करते हुए मंच तक लाया गया और सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पअर्पण कर समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक माजिद आलम द्वारा मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र ओढ़ा कर और प्रधानाध्यापक फुलजैन सारस ने स्कूल का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि अरविन्द कुमार ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति, शिक्षाविद भारत रत्न सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्ण ने देश में शिक्षा की नींव को मजबूती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। उन्होंने शिक्षक दिवस की महता के बारे में प्रकाश डालते हुए मौजूदा समय में गुरु शिष्य की परंपरा को जीवित रखने के लिए छात्र-छात्राओं को आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने छात्र छात्राओं को हमेशा शिक्षकों का सम्मान करने एवं आर्दशों पर चलने की सलाह दी। इस समारोह में विद्यालय के छात्राओं के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पीएमश्री राउ उच्च विद्यालय जिंगी के प्र प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने कहा शिक्षा रूपी भवन चार खंभों पर खड़ी होती है विद्यार्थी, शिक्षक, अभिभावक और वातावरण। शिक्षक विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के अभिभावकों से सामंजस्य स्थापित रखते हुए समर्पण के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयास करें तो बेहतर वातावरण बनेगा।

# सेन्हा में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पेयजल स्वच्छता विभाग द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता ही लक्ष्य है कि तहत प्रखंड मुख्यालय स्थित बेसिक स्कूल मैदान और प्रखंड परिसर तथा कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा में और विभिन्न सार्वजनिक जगहों में श्रमदान कर साफ सफाई किया गया। स्वच्छता अभियान कार्यक्रम से पूर्व सभी को स्वच्छता के लिये शपथ दिलाया गया। जिसके पश्चात रैली निकाल कर स्वच्छता अभियान के लिये आम जन ग्रामीणों को जागरूक किया गया। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने कहा कि सफाई का कार्य को सभी लोग अपने दैनिक जीवन मे शामिल करें और प्रत्येक दिन सुबह में अपने घर आंगन और आस पड़ोस में साफ सफाई करें तथा इसके लिये अपने अगले बगल के लोगों को भी प्रेरित करें जिसे गांव घर और अन्य जगह स्वच्छ रहे और ग्रामीणों में साफ सफाई के प्रति स्वच्छता का भावना जगे साथ ही कहा कि घर के आस पास जल जमाव होने और गन्दगी रहने से मलेरिया, टाइफाइड, चेचक, हैजा जैसे विभिन्न तरह की बीमारियां फैलती है। जिसे साफ और स्वच्छ रह कर इन सभी खतरनाक बीमारियों से बचा जा सकता है। जो कि पेयजल और स्वच्छता विभाग की ओर से अच्छा पहल है। मौके पर पेयजल सच्चता विभाग के कार्यपालक अभियंता अनूप हांसदा, समन्वयक परवेज आलम,प्रखंड समवन्यक मानसा रानी, बीपीआरओ सुजीत उरांव के अलावे शकुन्तला देवी, पूनम देवी, रानी देवी, हसीबुन खातून, उर्मिला उरांव, सीता देवी समेत अन्य ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित थे।

# मां चंद्रघंटा की आरती के बाद भंडारा का आयोजन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपनगरीय पतरा टोली मे श्री शुभकामना दुर्गा पूजा समिति के तत्वाधान में गुरुवार को पूरे विधि विधान के साथ मां चंद्रघंटा की पूजा अर्चना की गयी। तत्पश्चात संध्या महा आरती की गयी। महाआरती में महिला पुरुषों की भारी भीड़ उमड़ रही थी। वहीं पतराटोली निवासी स्व0 राम शंकर प्रसाद साहू के सुपुत्र उदय कुमार साहू की ओर से भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिले के प्रसिद्ध समाजसेवी राजेश कुमार महतो को संरक्षक प्रभात भगत के द्वारा माता का चुनरी देकर स्वागत किया गया। समाजसेवी राजेश कुमार महतो ने कहा कि पंडाल परिसर में सरना-सनातन का समागम देखने को मिला, जो मुझे अद्भुत अनुभूति प्राप्त हुई। उन्होंने अपने हाथों लोगों के बीच भंडारा का प्रसाद वितरण किया और कहा ऐसे सामाजिक कर करने में काफी खुशी मिलती है। मौके पर भंडारा दाता उदय कुमार साहू , दिलीप सिंह, प्रभात भगत, विनोद सिंह, मनोज गुप्ता (मन्ना) उदय दत्ता, संजीव शर्मा, विनोद साहू , सोहन साहू, अनिल साहू, अनिल प्रसाद, कमला देवी, ग्रीन प्रसाद, प्रभु प्रसाद, संतोष प्रसाद, आर्यन कुमार, शिवम राज, सहित सैकड़ो महिला-पुरुष उपस्थित थे।

# बच्चे के इलाज के लिए जय श्री राम समिति के सदस्य ने दिया खून

**लोहरदगा/ कुडू (आजाद सिपाही)।** कुडू प्रखंड के कोलसिमरी झखरा टोली निवासी टाइगर उरांव का एक वर्षीय पुत्र सत्यम उरांव कई दिनों से बीमार था। सदर अस्पताल में डॉक्टरों ने बच्चे में खून की गंभीर कमी बतायी। पिता के प्रदेश में रहने के कारण मां और दादी बच्चे की बीमारी को लेकर काफी परेशान थीं। इसी बीच जय श्रीराम समिति कोर कमेटी सदस्य ओम महतो से जब परिवार ने संपर्क किया तो रोते-बिलखते बच्चे की मासूमियत देखकर उनका दिल पसीज गया। ओम महतो ने तुरंत सदर अस्पताल ब्लड बैंक पहुंचकर एक यूनिट खून देकर बच्चे की जान बचाने में मदद की। ओम महतो ने कहा कि बच्चे को देखकर ऐसा लगा मानो वह मेरा ही अपना हो।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 26 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


### डीसी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्श दात्री समिति की बैठक संपन्न, पलामू सांसद व वित्त मंत्री भी रहे मौजूद

# सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों को मिले : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** समीरा एस की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्तरीय परामर्श दात्री समिति जून 2025 तिमाही की बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से छतरपुर विधायक सह वित्त मंत्री राधा कृष्णा किशोर, पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, एलडीएम सहित अन्य उपस्थित रहे। समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में उपायुक्त ने किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना, सुरक्षा बीमा योजना जीवन ज्योति योजना, डेयरी लोन, पोल्ट्री फार्मिंग सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान जिले के सभी बैंक प्रबंधकों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में बैंक की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों को मिले इसके लिए प्रशासन के साथ-साथ बैंकों को भी सक्रिय होकर कार्य करने की आवश्यकता है।

बैठक में छतरपुर विधायक सह वित्त मंत्री ने जून तिमाही की बैठक इतनी विलंब से होने के कारणों की जानकारी ली। इसके अलावे कृषि की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि वित्तिय वर्ष 2025-26 में कृषि का जो लक्ष्य है वो 8.34 प्रतिशत है। यह संतोषजनक नहीं है। इसमें सुधार लाने को लेकर सभी बैंकों के प्रतिनिधियों को कार्य करने की आवश्यकता है। वहीं इस विषय पर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने पिछले वित्तिय वर्ष के उपलब्धि की जानकारी की मांग की ताकि तुलनात्मक समीक्षा की जा सके।

बैठक में उपरोक्त के अलावे चतरा सांसद प्रतिनिधि, एलडीएम अशोक कुमार श्रीवास्तव, डीडीएम नाबार्ड शालीन लकड़ा, आरबीआई के प्रतिनिधि समेत विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



### एमएसएमइ में स्थानीय लोगों को ऋण प्रदान कर उनको अधिकाधिक लाभांवित करें: मंत्री

बैठक में सूबे के वित्त मंत्री ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने एमएसएमई के तहत किस बैंक के द्वारा किस फर्म को सबसे अधिक ऋण प्रदान किया गया है, क्या वह स्थानीय है कि नहीं से संबंधित पूरी जानकारी ली। इस दौरान बताया गया कि सबसे अधिक ऋण एक्सिस बैंक के द्वारा कुल 6 करोड़ रुपये की प्रदान की गयी है साथ ही बताया गया कि एमएसएमई वित्तिय वर्ष 2025-26 में प्राप्त लक्ष्य 65739 लाख रुपये के विरुद्ध 35504.85 लाख रुपये की उपलब्धि प्राप्त की गयी है।

### केसीसी के लंबित आवेदनों को यथाशीघ्र निपटायें : उपायुक्त

उपायुक्त ने विभिन्न बैंकों द्वारा केसीसी से संबंधित आवेदन पर हुई कार्रवाई की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी बैंकों को केसीसी से संबंधित लंबित आवेदनों को यथाशीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया।

### प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना में एनरोलमेंट बढ़ाने की दिशा में कार्य करें : सांसद

बैठक में पलामू सांसद श्री राम ने पीएमजेजेबीवाई,पीएमएसबीवाई और एपीवाई के तहत विभिन्न बैंकों द्वारा किये जा रहे एनरोलमेंट की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने पाया कि बंधन बैंक द्वारा पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई में शून्य एनरोलमेंट किया गया है। इसी तरह इंडसइंड बैंक द्वारा भी अपेक्षित प्रगति नहीं की गयी है। उन्होंने एलडीएम को उपरोक्त तीनों योजनाओं का प्रचार-प्रसार आमजनों के बीच कराने की बात कही। इसी तरह सांसद ने पीएम कुसुम योजना के तहत भी अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित करने पर बल दिया।

### माटीकला विद्युत चाक वितरण से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेंगे शिल्पकार: उपायुक्त



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। समीरा एस ने गुरुवार को समाहरणालय परिसर में 5 लाभुकों के बीच विद्युत चाक वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 5 लाभुकों के बीच यह सांकेतिक रूप से वितरण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कुल 40 चयनित लाभुकों के बीच 90 प्रतिशत अनुदान पर अत्याधुनिक विद्युत चाक का वितरण किया जाना है। वहीं सतबरवा से आयी महिला लाह-चूड़ी शिल्पकार ने लाह निर्मित चूड़ी उपायुक्त को भेंट की। उन्होंने चूड़ी के अनूठा और अलौकिता पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए इस चूड़ी को रांची के मोरहाबादी में प्रस्तावित जेसोवा मेले में बिक्री करने पर बल दिया। जिला उद्यमी समन्वयक चंद्रकांत पांडेय ने कहा कि माटीकला योजना न केवल परंपरागत कारीगरों को तकनीकी रूप से सशक्त बना रही है, बल्कि उन्हें सम्मानजनक आजीविका का अवसर भी प्रदान कर रही है। विद्युत चाक के वितरण से हमारे शिल्पकार आधुनिक तकनीक से जुड़ेंगे, जिससे उनका परिश्रम कम होगा, उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और बाजार की मांग को बेहतर ढंग से पूरा कर सकेंगे। इस अवसर पर उपरोक्त के अलावे सतबरवा, पाटन, नवाबाजार, चैनपुर, रामगढ़, लेस्लीगंज एवं पड़वा के प्रखंड समन्वयक उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आइजी दुमका पटेल मयूर कन्हैयालाल ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

## विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर सेवानिवृत्त चंद्रमौलि को किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता




**देवघर।** विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल देवघर के सभागार में उपाधीक्षक डॉ. सुषमा वर्मा की अध्यक्षता में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र ने किया। इस मौके पर सेवानिवृत्त फार्मासिस्ट चंद्र मौलि को सम्मानित किया गया।

समारोह में फार्मेसी इंचार्ज संजीव मिश्र और चंद्र मौलि ने संयुक्त रूप से केक काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की। आयोजन में मुख्य रूप से संजीव मिश्र, अनिल कुमार यादव और अनुपम सिंह का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में विजय सिंह, प्रमोद सोरेन, लॉरेंस बेसरा, मुजफ्फरूल हक, अनिल कुमार गुप्ता, पारस नाथ अंबे, विभूति रीना, कुमार, शाहनवाज, कपिल, रिंकू, गणेश, नीरज कुमार, राहुल कुमार, प्रीतम कुमार, विकास यादव, प्रिय रंजन दास, नंदन कुमार सिंह, विक्रम, रामानंद ठाकुर, संदीप मंडल, अक्षय तिवारी, पिंटो कुमार, विवेक तिवारी, शैलेश कुमार, मिथिलेश कुमार, राहुल किस्कू, अजीत कुमार महतो, सदानंद कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।उपाधीक्षक डॉ. सुषमा वर्मा ने फार्मासिस्टों को बधाई देते हुए कहा कि वे यह सुनिश्चित करें कि अस्पताल के स्टोर में उपलब्ध दवाएं समय पर मरीजों तक पहुंचें। वहीं, चिकित्सा संघ के अध्यक्ष ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में फार्मासिस्टों की अहम भूमिका है, लेकिन सरकार की ओर से उन्हें अपेक्षित सुविधा नहीं मिलती। उन्होंने बताया कि फार्मासिस्टों के वेतन में भारी असमानता है–नियमित, अनुबंध और आउटसोर्सिंग कर्मियों के वेतन में जमीन-आसमान का अंतर है। इस असमानता को दूर करते हुए वेतन में एकरूपता लानी चाहिए। साथ ही यह भी कहा कि बिना फार्मासिस्ट के कोई भी दवा दुकान नहीं खुलनी चाहिए और झोला छाप लोगों द्वारा संचालित दवा दुकानों पर सख्त अंकुश लगाया जाना आवश्यक है।

### हुसैनाबाद में लोक कल्याण मेला का आयोजन



कार्यक्रम में उपस्थित विधायक, एसडीओ और अन्य।

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद शहर स्थित जेपी चौक के समीप ओवरब्रिज के नीचे नगर पंचायत की ओर से गुरुवार को लोक कल्याण मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में नगर पंचायत क्षेत्र के सभी फुटपाथी दुकानदारों ने भाग लिया और कार्यक्रम के तहत लगाए गए शिविर से विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव,एसडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता,नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी आदि ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि इस योजना से जुड़कर सभी फुटपाथी दुकानदार आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ें। उन्होंने उपस्थित महिलाओं और दुकानदारों से अपील की कि वे नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अवश्य उठायें। मौके पर राजद नेता खुर्शीद खान, प्रमोद सिंह, राजेश सिंह, बिमलेश पासवान समेत कई अन्य राजद नेता, नगर पंचायत कर्मी व फुटपाथी दुकानदार उपस्थित थे।

### निवर्तमान नप प्रतिनिधियों की हुई बैठक, तीन प्रस्ताव और छः मांग पारित

विश्रामपुर (आजा सिपाही)। नगर परिषद के निवर्तमान प्रतिनिधियों की एक बैठक गुरुवार को जनता उच्च विद्यालय के खेल मैदान में हुयी। जिसकी अध्यक्षता जिला योजना समिति सदस्य सह निवर्तमान प्रसाद संजय बैठा व संचालन विजय कुमार रवि ने किया। बैठक में नप अधिकारियों व कर्मियों के उदासीनता पर खेद व्यक्त किया गया। अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी ने कहा कि निकायों का चुनाव नहीं होने से नप अधिकारियों - कर्मचारियों की मनमानी काफी बढ़ गयी है। जिससे आम लोगों का कार्य प्रभावित हो रहा है। जिस कारण क्षेत्र के लोगों का नगर परिषद कार्यालय के खिलाफ रोष बढ़ता जा रहा है। संजय बैठा ने बताया कि अभी पर्व त्यौहार का दौर चल रहा है। बावजूद नगर परिषद द्वारा जनहित का कोई कार्य नहीं किया जा रहा है। क्षेत्र का लगभग सभी हाईमास्क व स्ट्रीट लाइट खराब पड़ा है। गली - नली की साफ - सफाई भी नहीं हो रही है। विजय कुमार रवि ने कहा कि पूर्व में नगर परिषद द्वारा पूजा पंडालों के पहुंच पथ पर मोरम मिट्टी डलवाकर उसे चलने लायक बनवाया जाता है। लेकिन इस बार नगर परिषद उदासीन बना हुआ है। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से तीन प्रस्ताव व छः मांग पारित किया गया। बैठक में निवर्तमान पार्षद दिनेश शुक्ला, सुनील कुमार चौधरी, नजमुद्दीन नूरी, नरेंद्र राम गुड्डू, पूनम देवी, तस्लीमा खातून,तारा देवी, किरण देवी, मुन्नी देवी, देवनाथ यादव, रंजिता देवी, गुलाम नबी अंसारी, संजय ठाकुर, ज्वाल गुप्ता, संतोष राम सहित सभी निवर्तमान पार्षद मौजूद थे।

### दक्ष पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन

## खेल हमें अनुशासन और धैर्य सिखाता है: निदेशक

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद ।** हुसैनाबाद शहर के गांधी चौक के समीप दक्ष पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन विद्यालय के निदेशक तपेंद्र सिंह, प्रिंसिपल बिकास सिंह, उज्वल विश्वकर्मा आदि ने फीता काटकर किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने फुटबॉल, स्लो साइकिल रेसिंग, बिस्किट बाइट व डांडिया आदि स्पर्धाओं में भाग लिया।

मौके पर विद्यालय के निदेशक श्री सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमें अनुशासन और धैर्य को सिखाता है साथ ही खेलकूद के माध्यम से शारिरिक और मानसिक विकास होता है।

विद्यालय के प्रिंसिपल बिकेश सिंह ने छात्र-छात्राओं को खेल को जीवन का लक्ष्य बनाने की सलाह दी। मौके पर राहुल कुमार, सुशील कुमार सिंह, अनिल कुमार, शिखा कुमारी, गुलनाज खातून, नादरा अंजुम, फलक निगार, जोयो फातमा, सरिता, सूफिया, नेहा, मुस्कान, खुशबू समेत सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं व विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मी मौजूद थे।



खेलकूद का प्रदर्शन करती छात्रायें।

## 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत शिवगंगा में श्रमदान, नगर निगम ने दिया स्वच्छता का संदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** 'स्वच्छता ही सेवा 2025' अभियान के तहत देवघर नगर निगम द्वारा एक दिन, एक घंटा, एक साथ श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी, सामुदायिक संगठन और स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मिलकर शिवगंगा परिसर स्थित नेहरू पार्क के पास कंवर एवं विशारजीत प्रतिमा के आसपास सफाई कार्य में जुटीं।

इस सामूहिक श्रमदान से न केवल आसपास का क्षेत्र स्वच्छ और आकर्षक बना, बल्कि शहरवासियों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक करने का सशक्त संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम की शुरूआत नगर आयुक्त के नेतृत्व में हुई, जिसमें सहायक नगर आयुक्त गौरव कुमार, नगर प्रबंधक सतीश कुमार दास, नगर प्रबंधक प्रकाश कुमार मिश्रा, निगम के सभी कनिष्ठ अभियंता, रेवेन्यू इंस्पेक्टर, सेनेटरी इंस्पेक्टर, रोड कुली, DAYNULM से जुड़े सामुदायिक संगठनकर्ता, CRP और निगम के सहयोगी दल शामिल हुए। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



## झारखंड में पिछड़ों को 27% आरक्षण देने से मुकर रही सरकार : प्रमोद चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**मधुपुर/देवघर।** झारखंड प्रदेश मोर्चा के मंडलीय कमिटी की बैठक बनवाल संसाधन देवघर में आयोजित की गयी की अध्यक्षता राजकुमार बरनवाल ने की। इस बैठक में अध्यक्ष प्रमोद कुमार चौधरी ने वर्तमान सरकार पर हमला करते हुए कहा कि चुनाव के वक्त वर्तमान सरकार ने कहा था कि पिछड़ी जाति को हमारी सरकार बनने पर 27% आरक्षण देंगे लेकिन अब वह अपने वादों से निकल रही है। झारखंड में ओबीसी आरक्षण पर मुद्दे पर सत्ताधारी दल दोहरी नीति अपना रही है।

संयुक्त बिहार के समय पिछड़ी जाति को 27% आरक्षण दिया जा रहा था। केंद्रीय सचिव ध्रुव प्रसाद साह ने कहा कि सरकार के अधिकारी ट्रिपल टेस्ट के सवाल पर कुछ न्यायालय को गुमराह कर रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुमका में खुले मंच से घोषणा किया था कि यदि उनकी पार्टी की सरकार बनती है तो राज्य में पिछड़ी जाति को 27% आरक्षण दिया जायेगा, लेकिन अभी अपने वादों से मुकर रही है। वर्तमान सरकार के साथ शामिल राष्ट्रीय जनता दल और संविधान की दुहाई देने वाली कांग्रेस पार्टी भी पिछड़ी जाती को धोखा दे रही है। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि नगर निकाय चुनाव के लिए ट्रिपल टेस्ट कराया जा चुका है, आधे से अधिक नगर निगम परिषद और पंचायत में ओबीसी की आबादी 50% से अधिक है फिर भी उच्च न्यायालय को भ्रमित किया जा रहा है। उपरोक्त मामले को लेकर झारखंड प्रदेश वेस्ट मोर्चा की कोर कमेटी की रांची में आयोजित बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा था यदि यही स्थिति रही तो वैसे मोर्चा हाई कोर्ट में इंटरनेशनल बनेगा और सारे सबूत और आंकड़े कोर्ट के समक्ष रखेगा, साथ ही मोर्चा के द्वारा जल्द ही मुख्यमंत्री और राज्य उसका वर्ग आयोग के अध्यक्ष को मांग पत्र सौंपगा। 12 अक्टूबर को झारखंड प्रदेश वेस्ट मोर्चा की सातवीं स्थापना दिवस रांची में काफी धूमधाम से मनायी जायेगी।

बैठक में प्रमंडल की उपाध्यक्ष विष्णु मंडल प्रमंडल के प्रधान सचिव राजेंद्र केसरी, केंद्रीय सचिव ध्रुव प्रसाद साह, जितेंद्र कुमार लल्लन कुमार, पंकज कुमार, राजेश सहित काफी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

# सेवा और स्वच्छता से समाज को नयी दिशा मिलती है : डॉ शशिभूषण मेहता



आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी / पलामू।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने नीलांबर -पीतांबरपुर स्थित दारूडीह राजकीयकृत मध्य विद्यालय बूथ संख्या 108 पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनायी। और उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रधांजलि दी गयी। इसके उपरांत स्वच्छता अभियान भी चलाया गया, जिसमें ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विधायक ने कहा की सेवा और स्वच्छता से ही समाज को नयी दिशा मिलती है। उन्होंने ग्रामीणों को साफ -सुथरा रखने मे अपनी भूमिका निभाने को कहा। मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रो बच्चन ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि सुनील कुशवाहा, कमेश यादव, संतोष शुक्ला, सुधीर तिवारी, प्रदीप सिंह, युगल किशोर सिंह, गोरखनाथ सिंह सहित आदि उपस्थित थे।

### नगर परिषद के स्वच्छता अभियान से जुड़े शहरवासी, किया श्रमदान



विश्रामपुर (आजाद सिपाही)। बिश्रामपुर नगर परिषद द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत गुरुवार को एक दिन एक घंटा एक साथ श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शहरवासी भी काफी संख्या में जुड़े और नप पदाधिकारियों के साथ श्रमदान किया। कार्यक्रम की शुरूआत नप मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर प्रांगण से किया गया। कार्यक्रम के दौरान नप पदाधिकारियों, कर्मचारियों व नगरवासियों ने हाथों में झाड़ू लेकर मुख्य सड़क सहित गली कुच्चों में साफ - सफाई अभियान चलाया। कार्यक्रम का समापन गांधी चौक के पास हुआ। कार्यक्रम में कार्यपालक पदाधिकारी जयपाल सिंह, नगर प्रबंधक प्रभात कुमार, सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह, वरीय भाजपा नेता डॉ वीपी शुक्ला, बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुदिन अंसारी, निवर्तमान पार्षद सलीमुद्दीन अंसारी, पूनम देवी, नजमुदिन नूरी, ज्वाला गुप्ता, मुन्ना यादव, अजय कुमार रवि, विजय कुमार रवि, कामता प्रसाद सहित काफी संख्या में लोग शामिल हुये।


### 300 केजी महुआ और 300 लीटर शराब जब्त



हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के एकौनी, पत्थरा और सलैया पंचायत अंतर्गत बरवाडीह गांव में गुरुवार को पुलिस द्वारा अवैध शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गयी। इस अभियान के तहत पत्थरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने दोनों गांवों में छापेमारी की। ओपी प्रभारी मंटू कुमार ने बताया कि इस छापेमारी के दौरान 300 किलोग्राम जावा महुआ और 30 लीटर निर्मित शराब बरामद की गयी। इन सामग्रियों को तुरंत जब्त कर लिया गया और मौके पर ही अवैध शराब और महुआ को विनष्ट कर दिया गया। पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि यह कार्रवाई पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर की गयी थी और अवैध शराब के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

## देवघर में दशहरा पर रावण दहन की परंपरा नहीं, रावण की होती है पूजा

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** देशभर में दशहरा के मौके पर रावण दहन की परंपरा सदियों से निभायी जाती है। लेकिन देवघर इसकी एक अलग मिसाल पेश करता है। यहां रावण का पुतला जलाने की परंपरा नहीं है, बल्कि रावण को सम्मानपूर्वक पूजा जाता है। देवघर की संस्कृति और परंपरा में रावण गहराई से जुड़े हुए हैं। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, रावण ही बाबा बैद्यनाथ धाम की स्थापना का कारण बने थे। इतिहास बताता है कि लंका के राजा रावण ने अपनी भक्ति और तपस्या से भगवान शिव को प्रसन्न किया था। इसी के परिणामस्वरूप रावण बाबा बैद्यनाथ मंदिर की स्थापना से जुड़े। यही वजह है कि देवघर में लोग रावण को नकारात्मक पात्र न मानकर, एक श्रद्धेय और पूजनीय व्यक्तित्व के रूप में देखते हैं। वैद्यनाथ मंदिर के तत्कालीन सरदार पंडा भवप्रीता नंद ओझा ने रावण की महानता का बखान करते हुए देवघरिया जुबान में एक झूमर भी लिखा था, जो आज भी सांस्कृतिक धरोहर के रूप में गाया जाता है। यहां आने वाले श्रद्धालु भी बाबा बैद्यनाथ के पूजन से पहले श्रीश्री 108 रावणेश्वर बाबा वैद्यनाथ के मंत्र का उच्चारण करते हुए संकल्प लेते हैं। यानी पहले रावण और बाद में बैद्यनाथ की पूजा होती है। पंडा धर्मरक्षिणी सभा के पूर्व महामंत्री दुर्लभ मिश्र का कहना है कि देवघर में रावण को सकारात्मक रूप में पूजा जाता है। उनका मानना है कि रावण के कारण ही आज देवघर का धार्मिक और सांस्कृतिक अस्तित्व है। इसी परंपरा के चलते दशहरा पर यहां न तो रावण का पुतला जलाया जाता है और न ही उसकी बुराई का प्रतीकात्मक प्रदर्शन होता है। देवघर सहित आसपास के क्षेत्रों में रावण को सम्मान देने की यह अनूठी परंपरा आज भी जीवित है और यह शहर को देशभर की भीड़ से अलग करती है। यहां दशहरा सिर्फ बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व नहीं, बल्कि रावण की भक्ति और वैद्यनाथ धाम की स्थापना की कहानी को संजोये रखने का भी प्रतीक है।

# तालाब में नहाते समय पड़ा मिर्गी का दौरा, डूबकर व्यक्ति की मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र में तालाब में नहाने के दौरान मिर्गी का दौरा पड़ जाने के कारण डूब कर 45 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गयी। उसकी पहचान रोशन उरांव के रूप में हुई है। वह वृंदा नायक टोली का रहने वाला था। जानकारी के मुताबिक रोशन मुंडा बुधवार की शाम जंगल से लकड़ी काटकर घर लौटा था। इसके बाद वह तालाब में नहाने चला गया। वहीं, नहाने के क्रम में उसे मिर्गी का दौरा पड़ गया, जिससे डूब कर उसकी मौत हो गई। उधर, रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। उन लोगों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। इसी बीच गुरुवार की सुबह कुछ लोगों ने गांव के समीप तालाब में तैरता शव देखा। इसकी सूचना मुखिया सत्यवती देवी को दी गई। खबर पाते ही मुखिया ने गुमला थाना को फोन कर जानकारी दी। गुमला पुलिस कुछ देर बाद ही तालाब पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकाला। इसके बाद शव को अस्पताल लाया गया। जहां गुरुवार की दोपहर दो बजे पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# दो वांछित अपराधियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल




**रायडीह (आजाद सिपाही)।** सुरसांग पुलिस ने फरार चल रहे दो आरोपियों को गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी अनिकेत कुमार गुप्ता ने बताया कि गैर जमानतीय धाराओं में वांछित बंबलकेरा गांव निवासी अकालु बिझिया (59) और जरजटटा गांव निवासी चरकू चीक बड़ाइक (30) को गिरफ्तार कर न्यायायिक हिरासत में भेज दिया गया। दोनों गुमला जिले के सुरसांग थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं।

# चैनपुर अस्पताल में महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच के लिए शिविर का आयोजन

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान के तहत चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। शिविर में कुल 127 महिलाओं एवं पुरुषों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। साथ ही आयुष्मान कार्ड एवं भामा कार्ड भी बनाया गया। जिन लोगों में बीमारियों के लक्षण पाए गए उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकों ने जरूरी परामर्श दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, डेटा प्रबंधक, लेखा प्रबंधक एवं बीएएफ जयमनी, संगीता, मंजू आदि का सहयोग रहा। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का उद्देश्य महिलाओं और परिवार के स्वास्थ्य में सुधार लाना है। इस अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और चिकित्सकीय परामर्श दिया जा रहा है।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के भकुआ टोली निवासी मनोज मिंज (37) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना गुरुवार की सुबह नौ बजे की बताई जा रही है। इसकी सूचना पर सदर थाना के रविन्द्र मिश्रा दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से शव को फंदे से नीचे उतारा। इसके बाद कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं, अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम होने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार मनोज मिंज सुबह में घर से कुछ दूरी पर स्थित एक पेड़ पर फांसी कर फंदा बनाकर उसमें झूल गया। ग्रामीणों नी नजर पड़ी तो इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। हालांकि खबर लिखे जाने तक फांसी लगाने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है।

# सदर अस्पताल से बाइक चोरी, चोर की करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर अस्पताल के पार्किंग में लगी बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। इस बाबत पीड़ित लोहरदगा रोड निवासी विश्राम सुरीन ने सदर अस्पताल प्रबंधन को आवेदन देकर शिकायत की है। उसने बताया कि गुरुवार की सुबह 11 बजे अपने बेटे को डॉक्टर से दिखाने के लिए पत्नी के साथ सदर अस्पताल आया था। पार्किंग में गाड़ी खड़ी कर भीतर गया। जहां पुर्जा कटने के बाद डॉक्टर के पास पहुंचा। जहां काफी भीड़ थी। इसके बाद निजी क्लीनिक में दिखाने की बात कह कर बाहर निकला, लेकिन तबतक पार्किंग से उसकी बाइक चोरी हो गयी। हालांकि सीसीटीवी कैमरे की जांच की गयी, तो एक युवक उसकी बाइक को लेकर जाते दिखाई दिया। विश्राम ने गुमला थाना में आवेदन देकर चोर को पकड़ने और बाइक बरामद करने की मांग की है।

# फरार वारंटी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सालेगुटू गांव निवासी भोला नाग के खिलाफ हजारीबाग जिले के चौपारण थाना में कांड संख्या 139/21 एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज हैं। भोला पिछले पांच साल से फरार है। उसके खिलाफ हजारीबाग न्यायालय से वारंट निर्गत हैं। चौपारण थाना के पुअनि सुरिंद्र राम कामडारा पुलिस के सहयोग से वारंटी भोला नाग के घर पहुंचे और इस्तेहार चिपकाते हुए परिजनों को हजारीबाग कोर्ट में पेश करने को कहा हैं।

# केंद्रीय सरहुल संचालन समिति की बैठक 27 को

**गुमला (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय सरहुल संचालन समिति की बैठक शनिवार से उरांव सरना क्लब दुन्दरिया में होगी। जिसमें समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों को उपस्थित रहने को कहा गया है। साथ ही सरहुल सांस्कृतिक जुलूस में निर्णायक मंडल की ओर से निर्णय लिए गए उत्कृष्ट खोड़हा दल प्रथम खरका नृत्य दल, द्वितीय पुग्गू ढाउठा टोली नृत्य सह झांकी एवं तृतीय पुरस्कार तारा आदिम जनजाति डीपा कुजांग को दिया जाएगा। उक्त जानकारी केंद्रीय सरहुल संचालन समिति के सचिव दीप नारायण उरांव ने दी।

## पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन

# पं दीनदयाल भारतीय राजनीति में मूल्य आधारित चिंतन के प्रतीक थे : नीलकंठ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** जिला मुख्यालय के लोहरदगा रोड स्थित सोनालिका ट्रैक्टर शोरूम सभागार में गुरुवार को पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर जन संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ 'वंदे मातरम' के सामूहिक गायन से हुआ। इसके बाद मंचासीन अतिथियों एवं वक्ताओं ने पंडित उपाध्याय जी के जीवन दर्शन, राष्ट्र सेवा और उनके एकात्म मानववाद सिद्धांत पर अपने विचार प्रकट किए। मुख्य अतिथि के रूप में शामिल नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी भारतीय राजनीति में मूल्य आधारित चिंतन के प्रतीक थे। उनका 'एकात्म मानववाद' का



संगोष्ठि में अपने विचार रखते नीलकंठ सिंह मुंडा।

दर्शन आज के सामाजिक-राजनीतिक परिवेश में और भी प्रासंगिक है। हमें उनके जीवन और मानव सेवा के प्रति किए गए कार्यों से प्रेरणा लेकर 'राष्ट्र सर्वोपरि' की भावना से कार्य करना चाहिए। वहीं, पूर्व विधायक कमलेश उरांव ने कहा कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी का सम्पूर्ण जीवन समाज के सबसे अंतिम व्यक्ति के उत्थान को समर्पित था। उनकी सोच और कार्यशैली ने भारतीय राजनीति को एक नई दिशा दी। भाजपा उन्हीं के विचारों पर चलकर अंत्योदय के लक्ष्य को साकार कर रही है। पार्टी के प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू ने कहा कि पंडित जी के विचारों को व्यवहार में उतारना ही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक अनूप चंद्र अधिकारी, वरिष्ठ भाजपा नेता भगवान साबू एवं भूपन साहू ने भी अपने-अपने विचार रखें। वहीं, कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री यशवंत सिंह ने किया। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र सिन्हा, सविन्द्र सिंह, दामोदर कसेरा, दिनेश्वर प्रसाद साहू, बिनोद कुमार, निर्मल गोयल, रविंद्र सिन्हा, संदीप प्रसाद, भोला चौधरी, बालकेश्वर सिंह, हरिहर कुमार, किशोर मिश्रा, मंगल सिंह भोक्ता, शिवदयाल गोप, अमरमणि उरांव, सोनामणि देवी, बिपिन सिंह और छोटेलाल भगत आदि मौजूद थे।

# सुखदेव भगत, राजेश कच्छप, ममता देवी और राजेश ठाकुर को कांग्रेस का पर्यवेक्षक बनाये जाने पर दी बधाई

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड कांग्रेस के नेताओं को दूसरे राज्यों में पर्यवेक्षक की जिम्मेवारी सौंपी गयी है। इसपर प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने सभी को बधाई दी। साथ ही उम्मीद जतायी कि वे पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करेंगे। कहा कि कांग्रेस आला कमान ने इन्हें छत्तीसगढ़, राजस्थान और तेलंगाना में जिलाध्यक्ष के चयन की जवाबदेही दी है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत



सहाय और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को छत्तीसगढ़ का पर्यवेक्षक बनाया गया है। जबकि राजस्थान में सांसद सुखदेव भगत, विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप और रामगढ़ विधायक ममता देवी को पर्यवेक्षक की जिम्मेवारी दी है। कहा कि विशेष तौर पर सांसद को लगातार महत्वपूर्ण पदों का भार दिया जा रहा है, जो प्रमाण है कि वे जनता और पार्टी की आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य कर रहे है।

# भाजपाइयों ने की वीर स्वतंत्रता सेनानी तेलंगा खड़िया के स्मारक स्थल की साफ-सफाई



**बसिया (आजाद सिपाही)।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के निमित्त गुरुवार को आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत बसिया भाजपा मंडल में युवा अध्यक्ष राजकुमार सिंह के नेतृत्व में वीर स्वतंत्रता सेनानी तेलंगा खड़िया के स्मारक स्थल की साफ सफाई की गयी। इसके बाद पूर्व सांसद सुदर्शन भगत ने माल्यार्पण कर नमन किया। इस मौके पर भाजपा जिला मंत्री विजय सिंह पिंटू, कामडरा जिला परिषद् सदस्य दीपक कंडुलना, अमर पाण्डेय, लखन सिंह, मनोहर बड़ाइक, रवि किशोर साहू, रंथू साहू, शैलेश साहू, कृष्णा साहू, दुर्गा प्रधान, बिरसू सिंह और घनश्याम नारायण सिंह आदि उपस्थित थे।

# गुमला चेंबर की नौवीं मासिक बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा





**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स की नवमी मासिक बैठक गुरुवार को बस स्टैंड रोड चेंबर कार्यालय में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह ने किया। बैठक में सचिव बबलू वर्मा ने पिछले माह किए हुए कार्यों की जानकारी दी। वहीं, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी को पुनः इस वर्ष भी फेडरेशन झारखण्ड चेम्बर में निर्विरोध क्षेत्रीय उपाध्यक्ष चुने जाने पर बधाई देते हुए पुष्प गुच्छ और साल देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद कई महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा हुई और आगामी दशहरा-दिवाली और छठ पर्व को लेकर कई एजेंडे सर्वसम्मति से पारित किए गए, जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी से चेंबर का एक प्रतिनिधिमंडल मिलकर आने वाले त्योहारों में विशेष रूप से दशहरा पूजा में विधि व्यवस्था को सही रखने, पूजा पंडालों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था एवं साफ-सफाई की सुचारू व्यवस्था करने की मांग करेंगें। इसके अलावा त्योहारों के मौसम में बिजली सप्लाई सही ढंग से रखने, स्मार्ट मीटर में जो गड़बड़ी आ रही है उसे तुरंत सुधारने की भी मांग की जाएगी। अंत में उपाध्यक्ष राजेश लोहानी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इसके अलावा विगत दिनों पूर्व अध्यक्ष बंटी जी के पिता अमर कुमार प्रसाद जी और गुमला के जाने-माने व्यवसाय राजेश्वर सिंह के निधन पर मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी, उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, राजेश लोहानी, सचिव बबलू वर्मा, सह सचिव प्रणय साहू, पीआरओ प्रतीक अग्रवाल, मीडिया प्रभारी इम्तियाज मिनी, निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा, पूर्व अध्यक्ष पदम साबू, हिमांशु केसरी, दिनेश अग्रवाल, मुन्नीलाल साहू और गुरमीत सिंह आदि उपस्थित थे।

# बिना घूस लिये हो जनता का काम, नहीं तो अधिकारी लें वीआरएस: विजय सिंह

## महिलाओं का सांकेतिक धरना, 14 अक्टूबर को ब्लॉक घेराव की चेतावनी

- भ्रष्टाचार विरोधी मंच के तहत बड़ा सांकेतिक धरना
- 14 अक्टूबर को ब्लॉक घेराव, 28 अक्टूबर को महिला हुंकार सभा



**आजाद सपिाही संवाददाता**

**घाघरा।** भ्रष्टाचार विरोधी मंच के बैनर तले गुरुवार को ब्लॉक मुख्यालय में महिलाओं ने सांकेतिक धरना दिया। जिसकी अध्यक्षता महिला नेत्री पुष्पा उरांव और झारखंड नवनिर्माण दल के प्रखंड प्रभारी बसंत बड़ाईक ने की। इसमें शामिल ऑल इंडिया पीपल्स फ्रंट के प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि जनता का काम नियम और बिना घूस लिये किया जाय। अगर अधिकारी भ्रष्टाचार नहीं रोक सकते तो वीआरएस लेकर खेती-बाड़ी करें। बेरोजगार युवाओं को नौकरी का अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने चेताते हुए कहा कि 14 अक्टूबर को ब्लॉक का घेराव होगा। वहीं, पुष्पा उरांव ने महिलाओं की सुरक्षा, लोन माफी और 10 लाख रुपये तक बिना ब्याज पूंजी की मांग की। साथ ही 28 अक्टूबर को गुमला कचहरी मैदान में महिला हुंकार सभा को घोषणा की। इस मौके पर बसंत बड़ाईक ने बैंक ऑफ इंडिया घाघरा शाखा की दिक्कतें दूर करने और मनरेगा में गड़बड़ी रोकने की मांग रखी। धरना के बाद बीडीओ से वार्ता कर कहा गया कि अगर अधिकारी जनता का काम करने में अक्षम हैं तो स्वेच्छा से नौकरी छोड़ दें। इस मौके पर हाफिजुर रहमान, आदित्य सिंह, शिव शंकर उरांव, रतिया उरांव, अनिता देवी और तारा देवी आदि उपस्थित थे।

# एनसीसी कैडेट्स ने डीएवी पब्लिक स्कूल में चलाया अभियान



**गुमला (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल में स्वच्छता पखवाड़ा एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के तहत एनसीसी कैडेट्स ने गुरुवार को 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' अभियान चलाया। इसके तहत नगर स्थित परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेच्यू की साफ-सफाई की गई। 46 झारखंड बटालियन एनसीसी कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल पीबी शर्मा ने कैडेट्स को इस अभियान के लिए बधाई दी। कहा कि उनकी भागीदारी से ही स्वच्छता का संदेश समाज में फैल सकता है। वहीं, डीएवी गुमला के प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। हमें इसे बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। सहायक एनसीसी अधिकारी सेकेंड ऑफिसर अभिजीत झा ने बताया कि एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्टेच्यू की सफाई की और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाया। इस अभियान का उद्देश्य न केवल स्वच्छता को बढ़ावा देना है, बल्कि छात्रों में सामुदायिक सेवा की भावना भी जगाना है।

# सरस्वती विद्या मंदिर में स्वदेशी सप्ताह का शुभारंभ





**गुमला (आजा सिपाही)।** सरस्वती विद्या मंदिर में गुरुवार से स्वदेशी सप्ताह का शुभारंभ हुआ। यह सप्ताह भारतीय राष्ट्रवादी नायक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिन से शुरू होकर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत महात्मा गांधी के जन्मदिन दो अक्टूबर तक चलेगा। इसका उद्देश्य भैया-बहनों के बीच स्वदेशी वस्तुओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इसी क्रम में शिशु वाटिका के छोटे-छोटे बच्चों ने आचार्या अर्चना मिश्रा के मार्गदर्शन में एक नुक्कड़ नाटक किया। जिसके माध्यम से उन्होंने स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने का सशक्त संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के स्थानीय प्रबंधन समिति के सचिव विजय बहादुर सिंह और प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने भैया-बहनों का उत्साह बढ़ाया। प्रधानाचार्य ने कहा कि आज वैश्विक परिदृश्य बदल गया है। अब आक्रमणकारी सीधे हमारे मंदिरों या घरों पर हमला नहीं करते, बल्कि वे बाजार पर हावी होकर देश की अर्थव्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश करते हैं। इसलिए हमें सतर्क रहकर अपने देश में बनी वस्तुओं का अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिए। आचार्य सुदर्शन शर्मा ने कहा कि हम भारतीय पहले से ही लगभग 75 फीसदी स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करते हैं, लेकिन 25 फीसदी के लिए अभी भी विदेशों पर निर्भर हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि जिस तरह से देश स्वदेशी मानसिकता के साथ आगे बढ़ रहा है हम जल्द ही हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो जाएंगे। इस मौके पर कार्यक्रम प्रमुख अमित कुमार, आचार्य देवेंद्र नाथ तिवारी, रविंद्र महापात्रा आदि उपस्थित रहे।

# भाजपायों ने मनायी पंडित दीनदयाल की जयंती



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** भाजपा मंडल की ओर से गुरुवार को जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर नवागढ़ के शिवालय मंदिर, दुर्गा मंदिर परिसर स्थित नकटी देवी मंदिर और प्रखंड के सभी बूथ सहित सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक महान नेता थे जिन्होंने भारतीय राजनीति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी जयंती पर हमें उनके आदर्शों और विचारों को याद करना चाहिए। उन्हें अपने जीवन में अपनाने का प्रयास करना चाहिए। कहा कि स्वच्छता ही सेवा है। हमें अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। इस दौरान लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें अपने आसपास को साफ रखने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जगत ठाकुर ने की। इस मौके पर कार्यसमिति सदस्य भिखारी भगत, केदार साहू, अभिषेक रंजन सिंह आदि उपस्थित थे।

# आरएसएस के 100वें स्थापना दिवस पर नगर भ्रमण का कार्यक्रम का आयोजन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 100वें स्थापना दिवस गुरुवार की शाम चार बजे शहर में नगर भ्रमण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसका शुभारंभ डीएसपी रोड स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से किया गया। नगर भ्रमण डीएसपी रोड होते हुए पालकोट रोड, टावर चौक, मेन रोड, पटेल चौक, जशपुर रोड होते पुन विद्यालय परिसर पहुंच कर समाप्त हुई। इस दौरान स्वयंसेवक पारंपरिक गणवेश में अनुशासित पंक्तिबद्ध होकर हाथ में लाठी लेकर नगर भ्रमण किया। वक्ताओं ने कहा कि संघ ने समाज निर्माण, राष्ट्रभक्ति और सेवा कार्यों के माध्यम से पिछले एक शताब्दी में कई महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस मौके पर मुद्रिका प्रसाद, विद्या मंदिर के एचएम संजीव सिन्हा, अशोक अग्रवाल, बलदेव शर्मा, राजेश सिंह, देवेंद्र मिश्रा, बबलू वर्मा, शिवम जायसवाल, सुदर्शन शर्मा, संजीव प्रसाद, प्रभात दास, अजित त्रिपाठी, संजय कुमार, संदीप प्रसाद, दामोदर कसेरा और निरंजन प्रसाद आदि मौजूद थे।


**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, रामगढ़**
**राजकीय बुनियादी विद्यालय परिसर, गोला रोड़, रामगढ़ कैंट**
ई मेल :– ssa_ramgarh@rediffmail.com

**आवश्यक सूचना**

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के पत्रांक 3531, दिनांक 12.09.2025 के आलोक में खेलो झारखण्ड 2025–26 अन्तर्गत राज्य स्तरीय खुली चयन प्रतियोगिता के लिए पंजीयन का आयोजन दिनांक 26.09.2025 से दिनांक 27.09.2025 तक ***CM SoE S.S.+2*** बालिका विद्यालय, रामगढ़ में पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक किया जाना है। राज्य स्तरीय खुली चयन प्रतियोगिता में रामगढ़ जिला में अवस्थित सभी प्रकार के सरकारी/निजी विद्यालयों के नियमित छात्र/छात्रा जिला स्तर पर पंजीयन कराते हुए भाग ले सकते हैं। राज्य स्तरीय खुली चयन प्रतियोगिता की विवरणी निम्नवत है–

| क्र० सं० | खेल का प्रकार | आयुवर्ग | आयोजन स्थल | राज्य स्तर पर प्रस्तावित आयोजन तिथि | जिला स्तरीय पंजीयन नोडल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गतका | U-17, 19 बालक / बालिका | गणपत राय इंडोर स्टेडियम, राँची | 06 Oct. 2025 | कुलदीप कुमार (9835346372) |
| 2 | तीरंदाजी (रिकर्व, कम्पाउण्ड) | U-14, 17, 19 बालक/बालिका | शूटिंग रेंज– 3, खेलगाँव, राँची | 08 Oct. 2025 | |
| 3 | बॉलीबाल | U-14 बालक/बालिका | हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम, राँची | | पंकज कुमार राय (8299489552) |
| 4 | मुक्केबाजी | U-14 बालक एवं U-17, 19 बालक/बालिका | प्रशासनिक भावन, खेलगाँव, राँची | 09 Oct. 2025 | |
| 5 | भारोत्तोलन | U-17, 19 बालक/बालिका | बिरसा मुण्डा एलिटिक्स स्टेडियम हॉल, खेलगाँव, राँची | | |
| 6 | नेटबॉल | U-14, 17 बालक/बालिका | हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम, राँची | | मिथलेश कुमार रविदास (9431725818) |
| 7 | बास्केटबॉल | U-14, 17, 19 बालक | हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम, राँची | | |
| 8 | योगा | U-14, 17, 19 बालक | प्रशासनिक भावन, खेलगाँव, राँची | | |
| 9 | बास्केटबॉल | U-14, 17, 19 बालिका | हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम, राँची | 10 Oct. 2025 | शेखर कुमार (8789079929) |
| 10 | योगा | U-14, 17, 19 बालिका | प्रशासनिक भावन, खेलगाँव, राँची | | |
| 11 | निशानेबाजी | U-14, 17, 19 बालक/बालिका | शूटिंग रेंज– 1, खेलगाँव, राँची | 12 Oct. 2025 | |
| 12 | बैडमिंटन | U-14, 17, 19 बालक/बालिका | ठाकुर विश्वनाथ शहदेव इंडोर स्टेडियम, राँची। | | दीपक कुमार सिंह (9304341081) |
| 13 | जुडो | U-17, 19 बालक/बालिका | हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम, राँची | | |
| 14 | टेबल–टेनिस | U-17, 19 बालक/बालिका | मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय, बरियातु, राँची | | |
| 15 | हैंडबॉल | U-14,17,19 बालक/बालिका | हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम, राँची | | पूर्णचंद्र महली (9905131110) |
| 16 | स्केटिंग | U- 11, 14, 17, 19 बालक/बालिका | खेलगाँव परिसर। | | |

जिला स्तर पर पंजीयन हेतु संबंधित विद्यालय के शिक्षक अपने साथ प्रत्येक खिलाड़ी का Eligibility Form, आधार कार्ड, बोनाफाईड, जन्म प्रमाण पत्र एवं अंतिम वर्श के अंक पत्र (प्रत्येक का 02 कॉपी) आयोजन स्थल में लाना सुनिश्चित करेंगे। जिला स्तर पर पंजीकृत खिलाड़ी ही राज्य स्तरीय खुली चयन प्रतियोगिता में भाग ले पायेंगे। उक्त हेतु किसी भी प्रकार की जानकारी, श्री कुमार राज, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, झा०शि०परि०, रामगढ़ मो०नं०–8210955248 से सम्पर्क किया जा सकता है।

ह०/–
जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, रामगढ

PR 362926 Jharkhand Education Project Council(25-26)#D

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 26 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in



## गिरिडीह के मजदूर की मुंबई में मौत, झारखंडी एकता संघ के सहयोग से शव भेजा गया गांव



**गिरिडीह/ मुंबई (आजाद सिपाही)।** गिरिडीह जिला बिरनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पडरमनिया पोस्ट द्वारपहरी निवासी स्व रामधनी राय के 35 वर्षीय पुत्र मनोज कुमार राय की मुंबई में मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार अचानक उनकी तबियत खराब हो गयी। बांद्रा स्थित बाबा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के क्रम में बुधवार को मनोज की मौत हो गयी। घटना की सूचना मृतक के गांव वालों ने प्रवासी मजदूरों के हितार्थ में कार्य करने वाली संस्था झारखंडी एकता संघ के केंद्रीय सदस्य तौफीक अंसारी और बोरीवली इकाई अध्यक्ष भीम कुमार गुप्ता को दिया। उन्होंने मनोज के शव को गांव (गिरिडीह) भेजवाने में मदद मांगी। संघ के बोरीवली इकाई अध्यक्ष भीम कुमार गुप्ता औ सदस्यगण तत्काल बाबा हॉस्पिटल पहुंचे। परिवारवालों को ढांढस बंधाया। सारी कागजी प्रक्रिया कराकर उन्हें आर्थिक सहयोग के साथ पार्थिव शरीर को गांव भेजने में मदद की। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष असलम अंसारी और पदाधिकारियों ने घटना पर दु:ख प्रकट किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनोज कुमार राय कुछ दिन पहले ही रोजगार की तलाश में मुंबई आये थे। मुंबई में वह ऑटोरिक्शा चलाते थे। मनोज कुमार राय घर का अकेला कमाने वाले थे। मनोज कुमार राय अपने पीछे पत्नी सोनू कुमारी और तीन नन्हे बच्चे पुत्री मासूम कुमारी, असमिता कुमारी और पुत्र मायुस कुमार को छोड़ गये हैं।

## दो सड़क हादसों में एक की मौत, पांच घायल



**राजगंज (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को राजगंज थाना क्षेत्र में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक ट्रक चालक की दर्दनाक मौत हो गयी, वहीं स्कॉर्पियो सवार पांच लोग मामूली रूप से घायल हो गये। पहली घटना सुबह करीब 8 बजे महेशपुर के पास हुई। बताया जाता है कि एक ट्रक चालक अपने वाहन के इंजन में पानी डाल रहा था, तभी पास में खड़ा दूसरा ट्रक अचानक आगे बढ़ते हुए टकरा गया। इस हादसे में चालक सामने फंस गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से उसे निकाला गया और धनबाद ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। दूसरी घटना दोपहर करीब 12 बजे निमियाघाट से धनबाद की ओर जा रही एक स्कॉर्पियो के साथ घटी। वाहन अचानक डिवाइडर से टकराकर पलट गया, जिसमें चालक सह मालिक, उसकी पत्नी, मां और दो छोटे बच्चे घायल हो गये। सभी को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। स्कॉर्पियो चालक महफूज खान ने बताया कि हाइवे पर चल रहे एक अन्य वाहन की टक्कर से उसका अगला चक्का क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके कारण वाहन असंतुलित होकर पलट गया। पुलिस ने दोनों दुर्घटनाग्रस्त ट्रक और स्कॉर्पियो को थाने ले जाकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## चिरकुंडा में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन



**चिरकुण्डा (आजाद सिपाही)।** चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र में गुरुवार को स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया गया। भारत सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए स्वच्छता अभियान चलाया गया इसके तहत सुबह 8 बजे से लोगों ने एक घंटे तक श्रमदान किया। इस अभियान के लिए चिरकुंडा नगर परिषद की ओर से भी व्यापक तैयारी की गयी थी। चिरकुंडा 3 नंबर चढ़ाई, शहीद चौक, चिरकुंडा बाजार एव बराकर नदी घाटों पर लोगों को स्वच्छता के साथ-साथ कूड़ा-कचरा निस्तारण और पौधारोपण की जानकारी दी गयी। चिरकुंडा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी प्रियंका कुमारी ने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए नगर परिषद के कर्मचारियों के साथ-साथ चिरकुंडा पुलिस पदाधिकारी, नगर परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष सहित कई विभागों के लोगों ने हिस्सा लिया। कहा कि आज के कार्यक्रम के माध्यम से नगर परिषद क्षेत्र में रहने वाले लोगों से यह अपील की गयी कि अपने आसपास और चौक चौराहों के सभी क्षेत्रों में स्वच्छता बनाकर रखें। सरकार के इस अभियान को सफल बनाने के लिए समाज के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया लोगों ने चिरकुंडा शहीद चौक पर एक साथ शपथ ली कि यह अभियान सिर्फ आज ही नहीं बल्कि साल के 365 दिन जारी रहना चाहिए। अगर हम अपने आसपास स्वच्छता रखेंगे तो हमारा मन भी स्वच्छ रहेगा, जिससे हमारा समाज बेहतर बनेगा। इस दौरान नगर प्रबंधक मुकेश निरंजन, निवर्तमान अध्यक्ष डब्लू बाउरी, चिरकुंडा थाना प्रभारी रामजी राय, नगर परिषद के सभी पदाधिकारी, सफाईकर्मी, सीआरपी, एसएचजी एव अन्य मौजूद रहे।

## आयुष फाउंडेशन ने डांडिया के माध्यम से दिया सामाजिक एकता और सेवा का संदेश




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** आयुष फाउंडेशन धनबाद ने आज सरायढेला स्थित कार्यालय में संस्था द्वारा संचालित सुई-धागा सिलाई प्रशिक्षण केंद्र की छात्राओं और संस्था के सदस्यों के साथ मिलकर डांडिया का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत मां अम्बे की आरती से हुई, जिसके बाद सक्षम ने मां दुर्गा का आह्वान करते हुए मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। इसके उपरांत सभी ने डांडिया के गीतों पर उत्साहपूर्वक नृत्य कर पारंपरिक संस्कृति को जीवंत किया और साथ ही जलपान का आनंद लिया। संस्था का यह आयोजन केवल सांस्कृतिक रंग ही नहीं बिखेरता, बल्कि यह भी संदेश देता है कि सेवा और संस्कार साथ-साथ चल सकते हैं। सुई-धागा सिलाई प्रशिक्षण केंद्र से जुड़ी महिलाएं जहां आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रही हैं, वहीं ऐसे आयोजन उन्हें सामाजिक जुड़ाव और आत्मविश्वास भी प्रदान करते हैं। मौके पर सचिव अर्पिता अग्रवाल सहित शोभना, गीता, शालिनी, रूबी, लोपा मुद्रा, नमिता, बेबी, पूनम, रिया, पुतुल आदि सदस्य मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में यह संकल्प लिया कि समाज सेवा और संस्कृति के इस संगम को और आगे बढ़ाया जाएगा।

# खुदिबेड़ा में सड़क निर्माण के खिलाफ ग्रामीणों का विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता



**पेटरवार।** कसमार-बरलंगा टू लेन सड़क चौड़ीकरण कार्य को लेकर गुरुवार को कसमार थाना क्षेत्र के खुदिबेड़ा में आदिवासी ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। काम करने गयी सड़क निर्माण कंपनी एवं प्रशासनिक अधिकारियों को स्थानीय ग्रामीणों का जोरदार विरोध झेलना पड़ा। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग द्वारा निर्धारित एलाइनमेंट का पालन नहीं किया जा रहा है, बल्कि सड़क को देवस्थल की पवित्र भूमि से होकर निकाला जा रहा है। ग्रामीणों ने बोकारो उपायुक्त को पत्र लिखकर निर्माण कार्य को तत्काल रोकने की मांग की है। उनका कहना है कि सड़क किनारे ही गरमजूरवा जमीन उपलब्ध है, लेकिन जानबूझकर देवस्थल की भूमि को प्रभावित किया जा रहा है। ग्रामीणों ने साफ कहा कि देवस्थल उनकी आस्था और संस्कृति का केंद्र है, जिसे किसी भी कीमत पर क्षति नहीं पहुंचने दी जायेगी।

इस मुद्दे को लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीण सड़क पर उतरे और जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और उग्र रूप लेगा। ग्रामीणों ने दोहराया कि सड़क निर्माण तभी स्वीकार्य होगा जब पहले भूमि की विधिवत मापी कराकर सही एलाइनमेंट पर निर्माण कार्य सुनिश्चित किया जाये। मौके पर रूपम भोगता, समरेश भोगता, प्रफुल भोगता, विवेक भोगता, विकास भोगता, रामधन भोगता, लालजी गंझु, मीणा देवी, शीला देवी, पिंकी देवी, बिलखी देवी, रोहन गंझु सहित दर्जनों महिला पुरुष मौजूद थे।

मामले पर जिला भू अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा ने कहा की किसी भी सड़क का एलाइनमेंट उपर से सुनिश्चित किया जाता है। जिसे पूरी तरह से बदलना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि सड़क के निर्माण में किसी तरह का व्यवधान डालना उचित नहीं है। जो भी बातें हैं उसे हमारे सामने रखें उस पर कार्रवाई की जायेगी।

# स्वदेशी और लघु उद्योग भारत की आर्थिक योजना की आधारशिला : संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो जिला भाजपा द्वारा स्व दीन दयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि देश के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के बोकारो आगमन पर नया मोड़ में जिला अध्यक्ष जयदेव राय के नेतृव मे भव्य स्वागत किया गया। बोकारो क्लब के सभागार मे अयोजित संगोष्ठी का उद्घाटन स्व दीन दयाल उपाध्याय,श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। जिला अध्यक्ष जयदेव राय द्वारा मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र पुष्प गुच्छ देकर स्वागत व अभिनंदन किया गया। संचालन जिला महामंत्री अनिल स्वर्णकार एवं धन्यवाद ज्ञापन संजय त्यागी ने की। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय के जीवनी से हमें सीख लेने की जरूरत है। उन्होंने राष्ट्रवाद के लिए लोगों को जागरूक किया। उनका मानना था कि स्वदेशी और लघु उद्योग भारत की आर्थिक योजना की आधारशिला होनी चाहिए, जिसमें सद्भाव, सांस्कृतिक, राष्ट्रीय नीति और अनुशासन का समावेश हो। स्वदेशी की प्राथमिकता रखते हुए वह विश्व स्तर पर हो रहे नवाचारों को अपनाने के भी कतई खिलाफ नहीं थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितम्बर 1916 को धनकिया नामक स्थान, जयपुर अजमेर रेलवे लाइन के पास राजस्थान हुआ था। उनके पिता का नाम भगवती प्रसाद उपाध्याय था, नागला चंद्रभान दीनदयाल जी का पैतृक गांव था, और नगला चंद्रभान (फरह, मथुरा) के निवासी थे। उनकी माता का नाम रामप्यारी था, जो धार्मिक प्रवृत्ति की थीं। एक भारतीय राजनीतिज्ञ, एकात्म मानववाद विचारधारा के प्रस्तावक और राजनीतिक दल भारतीय जनसंघ (बीजेएस) के नेता थे, जो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का अग्रदूत थे। संगोष्ठी में धनबाद पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह, गिरिडीह पूर्व सांसद रविन्द्र पांडेय चंदनक्यारी पूर्व विधायक अमर बाउरी, बेरमो पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल,भरत यादव,रोहित लाल सिंह, प्रहलाद महतो,आरती राणा,शशि भूषण ओझा मुकुल, ईश्वर प्रजापति, देवनारायण प्रजापति, मधुसूदन समेत आदि मौजूद रहे।




### स्वतंत्रता सेनानी की स्मृति उद्यान में रक्षा राज्यमंत्री ने किया पौधरोपण

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो के पर्यावरण-मित्र वाटिका स्थित 'स्वतंत्रता सेनानी स्मृति उद्यान' में गुरुवार को अमर स्वतंत्रता सेनानी काशीश्वर प्रसाद चौबे की स्मृति में भारत सरकार के केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने आम का एक पौधा रोपित कर उनको श्रद्धांजलि दी। स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान' द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में रक्षा राज्यमंत्री ने संस्थान के पुनीत कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि स्वतन्त्रता सेनानी के नाम पर पौध- रोपण का अवसर मिलना बड़े सौभाग्य की बात है। बोकारो जिला भाजपा अध्यक्ष जयदेव राय भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## बोकारो पहुंचा 42 हाथियों का झुंड

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो में इन दिनों हाथियों का झुंड देखा जा रहा है जो गोमिया इलाके के जंगलों में देखा गया है। यह हाथियों का झुंड गोला रामगढ़ जिले से होते हुए बोकारो आ पहुंचा है। वन विभाग की टीम तीन दिनों से इस बड़े हाथियों की झुंड की सूचना को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार प्रसार कर रही है वही 42 हाथियों के इस झुंड में तीन नवजात हाथी के बच्चे भी शामिल है। इस बड़े झुंड पर बोकारो वन विभाग की पैनी नजर बनी हुई है। हाथियों के बड़े झुंड ने बोकारो के ग्रामीण क्षेत्रों में जमकर उत्पात मचा रखा है जिसके खेत में वह घुस रहे हैं किसान के बारी में लगे फसलों को पूरी तरह रौंद कर तहस नहस कर दे रहे है। बोकारो वन विभाग जहां एक तरफ लोगों को गाड़ियों से प्रचार प्रसार कर इस हाथियों के बड़े झुंड की सूचना दे रहा है। वही ग्रामीणों को जागरुक कर यह चेतावनी भी दे रहा है कि अभी जंगली हाथियों का एक बड़ा झुंड आपके क्षेत्र में भ्रमण कर रहा है उससे सचेत रहें।

# बीएसएल अधिशासी निदेशक भवन में कैंटीन 'आहारिका' का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्रमें कर्मियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल के तहत अधिशासी निदेशक (संकार्य) भवन स्थित कैंटीन का नवीनीकरण कर उसे आधुनिक स्वरूप प्रदान किया गया है। आकर्षक रूप एवं नयी सुविधाओं से सुसज्जित इस कैंटीन आहारिका का उद्घाटन बीएसएल के अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन के द्वारा किया गया। इस अवसर पर बीएसएल के अधिशासी निदेशक, मुख्य महाप्रबंधक, अन्य वरीय अधिकारी तथा बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी ने कैंटीन के नवीनीकरण की पृष्ठभूमि साझा करते हुए बताया कि यह पहल कर्मियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गयी है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इस तरह की पहल प्लांट के अन्य जोन में भी चरणबद्ध तरीके से लागू की जायेगी। उद्घाटन अवसर पर अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन ने नवीनीकरण कार्य से जुड़ी पूरी टीम को बधाई दी और विश्वास जताया कि इस्पातकर्मी इस कैंटीन की नयी सुविधाओं का भरपूर लाभ उठायेंगे। नवीनीकरण के तहत कैंटीन में आधुनिक रसोई उपकरण, बेहतर बैठने की व्यवस्था, उच्च मानकों के स्वच्छता उपाय और आकर्षक मेनू की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। कार्यक्रम का संचालन वरीय प्रबंधक (मानवसंसाधन) रितिका शुक्ला ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री नरेंद्र कुमार झा द्वारा किया गया। इस आयोजन में मानव संसाधनझसंकार्य (वेलफेयर) विभाग का विशेष योगदान रहा।

# श्रद्धालुओं के लिए पूजा समितियों को रखनी होगी सुचारु व्यवस्था : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में आज न्यू टाउन हॉल में दुर्गा पूजा को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि सभी पूजा समितियों को श्रद्धालुओं के लिए सुचारु व्यवस्था रखनी होगी। पूजा समितियों को जिला प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन करना होगा। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा के अवसर पर पंडालों में एवं विसर्जन जुलूस के दौरान वीडियोग्राफर की टीम मौजूद रहेगी। जिले के सदर अस्पताल सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में एम्बुलेंस तथा प्रमुख स्थलों पर अग्निशमन वाहन रहेगा। उपायुक्त ने कहा कि सभी समिति यह सुनिश्चित करें कि पार्किंग में कोई भी वाहन पार्किंग स्थल के प्रवेश द्वारा के सामने नहीं लगाये। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित मानदंड का पालन करने का भी निर्देश दिया। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि दुर्गा पूजा के अवसर पर जिले में 8000 से अधिक पुलिस फोर्स की तैनाती रहेगी। हर पंडाल में सादे लिबास में महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मी रहेंगे। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के आदेशानुसार पूरे जिले में डीजे बजाने पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी।

## अधिकारियों और कर्मचारियों ने समाहरणालय परिसर में की सफाई



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को जिला कार्यालय का नजारा ही कुछ अलग था जब जिले के पदाधिकारी, अधिकारी और कर्मचारी समाहरणालय परिसर में स्वयं झाडू लेकर खड़े थे और फिर सफाई में जुट गये। जो यह दृश्य यह संदेश देने का काम करता रहा कि स्वच्छता किसी पद या जिम्मेदारी से नहीं, बल्कि मन की इच्छा और आदत से आती है। एक दिन-एक घंटा एक साथ अभियान के तहत सफाई अभियान चलाया गया। जिले के उपायुक्त अजय नाथ झा ने स्वच्छता अभियान का नेतृत्व करते हुए कहा कि आज पूरे देश में एक दिन एक घंटा स्वच्छता पखवारा शुरू की गयी है हमने शपथ लेते हुए यह कहा है कि सबसे पहले हम अपने कार्यालय को सप्ताह में एक दिन एक घंटा सफाई में देने का कार्य करेंगे जिससे सब कुछ स्वस्थ रहेगा तो हम लोग भी स्वस्थ रहेंगे। पर्यावरण हंसता रहेगा। चास नगर आयुक्त संजीव कुमार ने कहा कि लोगों को जागरूक करने के लिए हम लोगों ने रैली निकाला था और जितने भी जगह है हम लोगों ने खुद साफ सफाई किया है शहर को साफ रखेंगे तभी शहर साफ रहेगा और सुंदर रहेगा।

## अमृत महोत्सव में आरपीएफ ने किया रक्तदान



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** रक्तदान अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आरपीएफ पोस्ट बोकारो ओम प्रसाद मोहंती, मंडल सुरक्षा आयुक्त, आद्रा के निर्देशानुसार रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में आद्रा मंडल के आरपीएफ अधिकारी एवं स्टाफ ने रक्तदान किया, इस संपूर्ण रक्तदान शिविर का संचालन संतोष कुमार, पोस्ट कमांडर, आरपीएफ पोस्ट बोकारो के कुशल नेतृत्व में किया गया। इस रक्तदान शिविर में 42 रक्तदाताओं ने अपना रक्तदान कर समाज में अपनी सहभागिता निभाते हुए एक संदेश देने का भी काम किया कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता है।

## बीएसएल में 'एक दिन, एक साथ, एक घंटा' स्वच्छता अभियान का आयोजन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार की स्वच्छता ही सेवा पहल के तहत स्वच्छोत्सव 2025 एवं राष्ट्रीय श्रमदान कार्यक्रम के अंतर्गत बोकारो इस्पात संयंत्र में विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत 'एक दिन, एक साथ, एक घंटा' स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीएसएल के चार प्रमुख स्थल यथा प्लांट परिसर, प्रशासनिक भवन, बोकारो जनरल अस्पताल तथा सिटी सेंटर, सेक्टर-4 में एक साथ स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में बीएसएल के शीर्ष प्रबंधन, वरीय अधिकारी, कर्मचारी, संविदा कर्मी तथा सफाई मित्रों ने स्वच्छता शपथ लेने के उपरांत सक्रिय रूप से भाग लेते हुए सामूहिक श्रमदान किया और स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। प्रशासनिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) चित्तरंजन मिश्रा तथा अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) अनिष सेनगुप्ता सहित वरीय अधिकारी,कर्मचारी एवं सफाई मित्रों ने श्रमदान किया। वहीं, बोकारो स्टील प्लांट परिसर में अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन के नेतृत्व में विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक एवं बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने श्रमदान अभियान में भाग लिया। बीएसएल द्वारा आयोजित इस अभियान का उद्देश्य केवल कार्यस्थल एवं आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई तक सीमित नहीं था, बल्कि कर्मचारियों, उनके परिवारजनों एवं समाज के सभी वर्गों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना तथा स्वच्छता को जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाने की दिशा में ठोस पहल करना भी रहा।

## जामाडोबा डिग्री कॉलेज में तोड़फोड़, हुई हवाई फायरिंग, एक छात्र घायल

**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** जामाडोबा स्थित डिग्री कॉलेज में गुरुवार को मारपीट और तोड़फोड़ की घटना से अफरातफरी मच गई। आरोप है कि कॉलेज की कुछ छात्राओं के साथ छेड़खानी का विरोध करने पर एक गुट ने बाहरी असामाजिक तत्वों को बुलाया, जिन्होंने कॉलेज परिसर में घुसकर छात्रों के साथ मारपीट की और छात्राओं के साथ अभद्रता की। मारपीट में छात्र बिट्टू कुमार घायल हो गये। बिट्टू ने बताया कि वह छात्रा को बचाने के प्रयास में हमलावरों का निशाना बन गये। आरोप है कि तीन हमलावरों के हाथ में पिस्टल था और उन्होंने पत्थरों से हमला भी किया। गेट के बाहर हवाई फायरिंग की बात भी सामने आयी है। कॉलेज के प्रिंसिपल आरपी सिंह भी धक्का-मुक्की के दौरान चोटिल हो गए। घटना के बाबत में जोड़ापोखर थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता ने दूरभाष पर बताया कि कालेज के प्राचार्य द्वारा आवेदन दिया गया है गोली चलने का कोई आवेदन नही मिला है ।


**कार्यालय, जिला परिषद, राँची**
**(अभियंत्रण शाखा)**

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
टेन्डर रिफ्रेन्स नम्बर– DOPR/DE/Ranchi/17/2025-26

| S. No | योजना का नाम | स्वीकृत राशि (रुपये में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | राँची जिलान्तर्गत बेड़ो प्रखण्ड के पंचायत तुतलों में नये पंचायत भवन निर्माण। | 99,89,000.00 | 2,00,000.00 | 10,000.00 | 18 माह |
| 02 | राँची जिलान्तर्गत बेड़ो प्रखण्ड के पंचायत करकरी में नये पंचायत भवन निर्माण। | 99,89,000.00 | 2,00,000.00 | 10,000.00 | 18 माह |

नोट :–केवल ई–टेण्डर ही स्वीकार होगें।
1. अधिक जानकारी के लिए बेबसाईट jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
2. बेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 08.10.2025
3. ई–निविदा की प्राप्ति की तिथि एवं समय–09.10.2025 से 15.10.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि–16.10.2025 को 5.00 बजे अपराह्न।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता–जिला अभियंता, जिला परिषद, राँची।
ई–निविदा प्रकोष्ट का दुरभाष नं0– 7739519093
6. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
8. Form of Bid एवं Bill of Quauntity में दर भिन्न रहने पर संबंधित निविदादाता का निविदा अमान्य समझा जाएगा।
9. निविदा डबल बीड प्रद्वति से होगा।
10. इस निविदा में जिला परिषद, राँची में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक ही भाग लेगें।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, राँची

PR 362865 Panchayati Raj (25-26)_D

# घूमना हो तो, बांधगाड़ी का पूजा पंडाल आइये

## शिक्षा देता है पंडाल का थीम, सीएम हेमंत सोरेन करेंगे उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची ।** राजधानी में दुर्गा पूजा की तैयारी अंतिम चरण में है। कारीगर पंडालों को अंतिम टच दे रहे हैं। रांची में पूजा का आयोजन भव्य तरीके से होता है। बाहर के कारीगर पिछले एक महीने से पंडाल बनाने का काम कर रहे हैं। कोकर में ही बांधगाड़ी दुर्गा पूजा कमेटी हर साल पूजा का आयोजन करती है। इस वर्ष सब कुछ अलग है। भव्य पंडाल, उसमें लगी महापुरुषों की तस्वीरें और मां की मूर्ति आपका ध्यान जरूर खींचेगी। अगर पंडाल घूमने की योजना बना रहे हैं, तो आप परिवार के साथ यह पंडाल जरूर देखने आइये। हस्त कारीगरी का अद्भुत नजारा आपको देखने को मिलेगा। महापुरुषों की तस्वीर पंडाल के बाहर लगायी गयी है। उसे कील और रेशम के धागों से पिरोया गया है। पंडाल के बाहर जवाहर लाल नेहरू, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, महाराणा प्रताप, रानी लक्ष्मीबाई, दिशोम गुरु शिबू सोरेन की तस्वीरें हैं। पंडाल के ठीक अंदर एक मूर्ति लगी है, जिसे स्लाइन और खून चढ़ रहा है। पूजा कमेटी के अध्यक्ष रमेश गोप ने पंडाल के अंदर लगी तस्वीरों के बारे में बताया। वह कहते हैं, मनुष्य की पहली पाठशाला उसका घर होती है। पंडाल में कुसुम के पौधे की एक तस्वीर लगी है। उसमें कई फूल लगे हैं। यह हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई का प्रतीक है। जैसे-जैसे व्यक्ति बड़ा होता है, उसे संस्कारी और महान बनाने में कितनी मेहनत करनी पड़ती है, उसे भी दर्शाने की कोशिश की गयी है। परिवार का संस्कार, गुरुओं का आशीर्वाद मिलने पर व्यक्ति महान बनता है। महानायकों की तस्वीरें पंडाल के बाहर लगी हैं, जिनमें दिशोम गुरु शिबू सोरेन भी हैं। संघर्ष, अच्छे कर्म, मां का आशीर्वाद व्यक्ति को महान बनाता है। ये महापुरुष कठिनाइयों के दौर से गुजरे हैं। उनमें दिशोम गुरु की कहानी सबसे अलग है। यह शिक्षा देता है कि लोग अच्छा काम करेंगे, तो उन्हें हमेशा याद रखा जायेगा। पंडाल में अस्पताल का दृश्य बताता है कि अगर आपमें अच्छा कर्म नहीं होगा या संस्कार नहीं होंगे, तो आपका दिन अस्पताल में ही गुजरेगा। इस पंडाल का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे।


रमेश गोप (अध्यक्ष)







# पीएम मोदी आज करेंगे मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की शुरुआत


- महिलाओं के खाते में भेजे जायेंगे 10 हजार रुपये

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 सितंबर को सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बिहार की मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की शुरुआत करेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी सीधे 75 लाख महिलाओं के बैंक खातों में 10-10 हजार रुपये की पहली किस्त ट्रांसफर करेंगे। इस योजना के तहत कुल 7,500 करोड़ रुपये की राशि महिलाओं को दी जायेगी।

शुक्रवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महत्वाकांक्षी योजना की पहली किस्त के रूप में 75 लाख महिलाओं के बैंक खातों में सीधा हस्तांतरण करेंगे। डीबीटी के जरिये कुल 7,500 करोड़ की राशि प्रत्येक परिवार की एक महिला को 10,000 रुपये के रूप में दी जायेगी, ताकि वे अपना छोटा व्यवसाय या स्वरोजगार शुरू कर सकें। इतना ही नहीं छह महीने बाद उनके कार्यों और प्रगति की समीक्षा के बाद सरकार द्वारा 2 लाख तक की अतिरिक्त सहायता भी दी जायेगी।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय भारत मां के महान सपूत थे : लक्ष्मण प्रसाद सिंह



धनवार (आजाद सिपाही)। भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय सादा जीवन, उच्च विचार और दृढ़ संकल्प व्यक्तित्व के धनी थे। वे एक मेधावी छात्र, संगठक लेखक, पत्रकार, विचारक, राष्ट्रवादी और एक उत्कृष्ट मानवतावादी थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अत्यंत सादगी का जीवन जिया। उन्होंने एक ऐसे भारत की कल्पना की थी, जो संस्कृति में निहित हो, करुणा से प्रेरित हो और एकात्म मानववाद से निर्देशित हो। श्री सिंह ने कहा कि वे भारत माता के महान सपूत और एकात्म मानववाद के प्रणेता थे। उनके अंत्योदय के सिद्धांत का समृद्ध भारत के विकास में अमूल्य योगदान रहेगा।




# हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स को 97 तेजस फाइटर जेट का ऑर्डर


- केंद्र ने 62 हजार करोड़ के सौदे पर हस्ताक्षर किया
- आज रिटायर हो रहे मिग-21 की जगह लेगा


आजाद सिपाही संवाददाता

**हैदराबाद।** केंद्रीय रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को भारतीय वायुसेना के लिए 97 मार्क-1ए लाइट कांबैट एयरक्राफ्ट (तेजस फाइटर जेट) बनाने का कांट्रैक्ट दिया। केंद्र ने एचएएल के साथ 62,370 करोड़ रुपये की डील की है।

एचएएल को तेजस फाइटर जेट के लिए दूसरी बार ऑर्डर मिला है। इससे पहले, केंद्र ने फरवरी 2021 में 46,898 करोड़ रुपये की डील के तहत एचएएल को 83 मार्क-1ए का ऑर्डर दिया था। इसकी डिलीवरी के लिए कंपनी के पास 2028 तक का समय है। मार्क-1ए एयरक्राफ्ट वायुसेना के मिग-21 के बेड़े को बदलेगा। इसे पाकिस्तान बॉर्डर के पास राजस्थान के बीकानेर स्थित नाल एयरबेस पर तैनात करने की योजना है। मिग-21 26 सितंबर को रिटायर हो जायेगा।























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**